वर्ष 72 अंक 262 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 20 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

अपने भीतर वह स्थान खोजें
जहां आनंद है, और वही आनंद
आपके दर्द को मिटा देगा।
- जोसेफ कैंपबेल

## ऑफ बीट

### 42 करोड़ के मकान को बना दिया कूड़ादान



*अगर घर में थोड़ा-सा भी कबाड़ जमा हो जाता है तो हम उसे फौरन कबाड़ी वाले को बेच देते हैं। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें कूड़ा जमा करने की आदत होती है। ऐसे लोगों को साफ-सफाई में दिलचस्पी नहीं होती और वे हर प्रकार के कचरे को कीमती चीजों की तरह संजोकर रखते हैं। ऐसा ही मामला चीन से सामने आया है, जहां एक महिला की कूड़ा जमा करने की लत ने सभी को परेशान कर दिया। इस महिला की उम्र 60 साल है और लोग उन्हें चेंग नाम से पुकारते हैं। उन्होंने अपनी गंदी आदतों से सभी पड़ोसियों की नाक में दम कर रखा है। वह चीन के हुआंग्पू नामक पॉश इलाके में रहती हैं और उनका आलिशान फ्लैट 157 वर्ग मीटर तक फैला हुआ है। उनके फ्लैट की कीमत 42 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है, जिसे उन्होंने कूड़ादान बना डाला है। वह पिछले कई सालों से अपने घर में कचरा जमा कर रही हैं। चेंग का फ्लैट 16वीं मंजिल पर स्थित है और पूरी मंजिल गंदी बदबू से भरी रहती है। इस बात से परेशान हो कर चेंग के कई पड़ोसी अपना फ्लैट तक छोड़ने जाने पर मजबूर हो गए थे।*




### ईरान-इजराइल संघर्ष: अमेरिका ने दी ईरान पर हमले की मंजूरी, बढ़ा वैश्विक तनाव

# आखिरी आदेश के इंतजार में अमेरिकी सेनाएं अलर्ट पर, रूस-चीन ने चेताया

**नई दिल्ली/ तेहरान/ तेल अवीव, जेएनएन।** ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध अब वैश्विक तनाव की दिशा में बढ़ता नजर आ रहा है। गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई की योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। व्हाइट हाउस सूत्रों के अनुसार, अंतिम आदेश के इंतजार में अमेरिकी सेनाएं अलर्ट पर हैं और फारस की खाड़ी में अमेरिकी युद्धपोतों की तैनाती और भी मजबूत की गई है। इसके जवाब में रूस और चीन ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो वे ईरान के पक्ष में खड़े होंगे। ईरान के न्यूक्लियर स्थलों और इजराइल पर हो रहे मिसाइल हमलों के जवाब में ट्रंप ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद ईरान पर लक्षित सैन्य कार्रवाई की अनुमति दे दी है। व्हाइट हाउस प्रवक्ता के अनुसार, 'राष्ट्रपति ट्रंप अपने सहयोगियों से लगातार परामर्श कर रहे हैं और अमेरिका की सुरक्षा तथा इजराइल के रक्षा हितों को सर्वोपरि मानते हुए यह निर्णय लिया गया है।'



गुरुवार को ईरान के मिसाइल हमले के बाद बेर्शेबा स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर से उठता हुआ धुआं।

**हिजबुल्ला की चेतावनी:** खामेनेई को दी गई धमकी को हिजबुल्लाह ने 'मुस्लिमों का अपमान' बताया और कहा कि वह उनके साथ खड़ा है।

**चीनी-रूसी नागरिकों की निकासी:** चीन ने ईरान और इजराइल दोनों से अपने नागरिकों को बाहर निकाल लिया है।

**इजराइली भ्रम पर सफाई:** इजराइल ने पहले बुशहर न्यूक्लियर प्लांट पर हमले का दावा किया था, जिसे बाद में गलती बताया गया।

### ईरान में 639 मौतें; अराक हैवी वॉटर रिएक्टर पर हमले का दावा

इजराइल के जवाबी हमलों में ईरान के अराक और खोंडाब शहरों में भारी तबाही हुई है। इजराइल ने अराक हैवी वॉटर रिएक्टर और अन्य परमाणु ठिकानों पर हमले किए। हालांकि आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) ने कहा है कि अराक रिएक्टर पर हमले से कोई रेडियोलॉजिकल रिसाव नहीं हुआ क्योंकि वह साइट निष्क्रिय थी। वॉशिंगटन स्थित ह्यूमन राइट्स वॉच ने दावा किया है कि अब तक ईरान में 639 लोगों की मौत हो चुकी है और 1,329 लोग घायल हुए हैं। वहीं इजराइल में 24 नागरिक मारे गए हैं और करीब 5,000 लोग बेघर हो चुके हैं।

### इजराइल ने खामेनेई को कहा 'मॉडर्न हिटलर', अस्पताल पर हमला, 176 घायल

जंग के सातवें दिन गुरुवार सुबह ईरान ने इजराइल के चार प्रमुख शहरों- तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर मिसाइलें दागीं। कुल 30 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कुछ को इजराइल की 'आयरन डोम' प्रणाली ने हवा में ही नष्ट कर दिया, लेकिन कुछ इजराइली स्टॉक एक्सचेंज, रिहायशी इलाकों और बीर्शेबा के सोरोका मेडिकल सेंटर पर गिरीं। इससे अस्पताल में 176 लोग घायल हो गए, जिनमें 6 की हालत गंभीर है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने खामेनेई को 'मॉडर्न हिटलर' बताते हुए कहा, 'उस तानाशाह का कोई भविष्य नहीं है। उसे जीने का अधिकार नहीं है।' नेतन्याहू ने भी कहा कि ईरान को हमले की कीमत चुकानी होगी।

#### यूएनएससी में होगी बातचीत

ईरान और इजराइल के टकराव के बीच ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि शुक्रवार को जेनेवा में फ्रांस जर्मनी, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ परमाणु वार्ता होगी। इसमें ईरान से यह गारंटी ली जाएगी कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को केवल नागरिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग करेगा। अमेरिका इस बैठक में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होगा, लेकिन 'कोऑर्डिनेशन' की भूमिका निभा रहा है। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने साफ किया है कि 'ईरान द्वारा परमाणु हथियार बनाने का कोई प्रमाण हमें नहीं मिला है।'

#### नेतन्याहू ने लिया नुकसान का जायजा

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बीर्शेबा के सोरोका मेडिकल सेंटर का दौरा किया और वहां हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया से कहा, 'ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई अब भी सुरक्षित नहीं हैं। अगर जरूरत पड़ी तो हम उनके खिलाफ सीधी कार्रवाई करेंगे।' इजराइली सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उन्होंने ईरान के दो-तिहाई बैलिस्टिक मिसाइल लांचरों को नष्ट कर दिया है। साथ ही जॉर्डन वैली में एक ड्रोन को भी मार गिराया गया। इस बीच, इजराइल ने दुनिया के सामने ईरान की करतूतों को उजागर करने के लिए सोरोका अस्पताल में विदेशी मीडिया सेंटर खोलने की घोषणा की है।



भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चुनौतीपूर्ण 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला आरंभ की!

### ऑपरेशन सिंधु: दिल्ली पहुंचे 110 छात्र


ईरान-इजराइल युद्ध के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय और एयर इंडिया द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाल कर दिल्ली लाया गया है। सभी छात्र ईरान के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे थे। छात्रों को पहले आर्मेनिया ले जाया गया, जहां से विशेष विमान उन्हें भारत लेकर आया। एयरपोर्ट पर विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका स्वागत किया।




पतंजलि®

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

### योगमय भारत : स्वामी रामदेव जी का आह्वान



आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



### "जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को ``जागरण के देवता'' के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

**विश्व के सबसे बड़े योग गुरु**
योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें
आस्था LIVE — प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 8:00 बजे
INDIA TV — रोज सुबह 7:56 बजे

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। "Prosperity for Charity": पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

**स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराएं। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।

**शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।



# आत्मा से परमात्मा का मिलन ही योग है

## भाजपा जिला कार्यालय में दो दिवसीय योग शिविर

जागरण, सतना




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालयए सतना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय के मार्गदर्शन में हुआ जिसका उद्देश्य आमजन को योग के लाभों से परिचित कराना और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।योग शिविर का संचालन पतंजलि हरिद्वार के योगाचार्य एवं सतना योग जिला प्रभारी प्रदीप तिवारी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से साढ़े 8 बजे तक चला जिसमें प्राणायाम आसन ध्यान जैसी योग विधियों की जानकारी दी गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के जिला संयोजक बालेन्द्र गौतम सह.संयोजक जान्हवी त्रिपाठी सदस्य युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी और डॉ गौरव सिंह की अहम भूमिका रही। शिविर में योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर योगाचार्य प्रदीप तिवारी भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंहए पूर्व महापौर ममता पांडेय जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, बालेन्द्र गौतम जिला मंत्री जान्हवी त्रिपाठी, संजीव दुबेदी, श्रीकृष्ण दुबेदी सुनील सेनानी एड अरविन्द मिश्रा संजय अग्रवाल ज्ञानेंद्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज सोहावल में

**सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 20 जून को जनपद पंचायत सोहावल, 23 जून को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 24 जून को जनपद पंचायत मैहर, 25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

# सतना और मैहर जिले के 7 बीएलओ का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिल्ली में

**जागरण, सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जिले में निर्वाचन संबंधी स्वीप गतिविधियों का सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले की विधानसभाओं से एक-एक बीएलओ को 23 एवं 24 जून 2025 को द्वारिका नई दिल्ली में 2 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 61 चित्रकूट से बीएलओ राजा भैया सिंगरौल, विधानसभा क्षेत्र 62 रैगांव से यादवेन्द्र सिंह, विधानसभा क्षेत्र 63 सतना से विनोद कुमार द्विवेदी, विधानसभा क्षेत्र 64 नागौद से देवेश गुप्ता तथा विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बाघेलान से रतनराज साकेत प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार मैहर जिले की विधानसभा क्षेत्र 65 मैहर से बीएलओ मनोज कुमार अवधिया, विधानसभा क्षेत्र 66 अमरपाटन से विनोद कुमार पटेल प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए 22 जून 2025 को वंदे भारत ट्रेन द्वारा खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन के लिए रवाना होंगे। नई दिल्ली में 23 एवं 24 जून 2025 को प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत बीएलओ 25 जून को वंदे भारत ट्रेन द्वारा हजरत निजामुद्दीन से खजुराहो के लिए प्रस्थान करेंगे। बीएलओ के आने-जाने ठहरने एवं भोजन आदि का समस्त खर्च भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वहन किया जा रहा है। सतना जिले की विधानसभा क्षेत्र 64-नागौद से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जितेन्द्र कुमार वर्मा भी प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे। इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) ग्रामीण रघुराजनगर एलआर जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

**सतना।** राज्य शासन द्वारा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को आयोजित करने के संबंध मे समस्त जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये है। जारी आदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा। सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा। इसका पंजीयन लिंक पर होगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जायेगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, श्रीरामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान, जन अभियान परिषद, म.प्र. योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से संबद्ध योग इन्स्ट्रक्टर/योगा वालेंटियर उपलब्ध है। जिनकी सूची पृथक से आयुष विभाग द्वारा प्रदाय की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में उद्धबोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डो में कराया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रसारण लिंक म.प्र. जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदाय किया जायेगा। सभी जिलों में उपलब्ध योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए आयुष विभाग द्वारा ट्रेंनिंग मॉडयूल तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से दिनांक 19 एवं 20 जून को ऑनलाइन ट्रेंनिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिसकी लिंक आयुष विभाग द्वारा प्रेषित की जायेगी। योग दिवस कार्यक्रम के लिए जिले में योग आयोजन कराने वाली संस्थाओं का अधिकाधिक पंजीयन किया जा रहा है। इस हेतु जिले में एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी योग दिवस कार्यक्रम उपरांत जानकारी एवं फोटो भारत सरकार के पोर्टल पर भेजने के लिए उत्तरदायी होगा।

# भगदेऊरा के कोल गढ़ी में आयोजित हुआ कोल आदिवासी सम्मेलन

**जागरण, सतना।** अमर शहीद बिरसा मुंडा पखवाड़ा शहादत दिवस पर कोल आदिवासी समाज का भव्य कार्यक्रम भगदेवरा कोलगढी में आयोजित किया गया जिसकी जानकारी देते हुए मण्प्रण्विंध्य क्षेत्र अध्यक्ष रमेश प्रसाद कोल के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत सराय के भगदेऊरा गांव में कोल आदिवासी सम्मेलन अमर शहीद बिरसा मुंडा पखवाड़ा शहादत दिवस एवं भगदंत कोल गढ़ी को सामाजिक पटल पर लाकर जिर्णोद्धार कराने के उद्देश्य से कोल आदिवासयों की विरासत प्राचीन धरोहर को संजोकर जीवांत कर अपने पुरखों के प्राचीनतम सभ्यताएं धरोहर इतिहास एवं संस्कृति को संरक्षित करने एवं कोल आदिवासीयों के संवैधानिक आधिकारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल समाज के लाडले विधायक शरद जुगलाल कोल व्योहारी रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशंकर प्रसाद गौंटिया प्रदेश उपाध्यक्ष म प्र कोल आदिवासी समाज सेवा संघ ने की विशिष्ट अतिथि




के रूप में रामखेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत सतना दादा बसंत लाल कोल प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दादा लच्छू कोल कैलाश कोल जीतेश रावत श्रीमती कल्पना रावत जिला अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती सुनैना कोल सरपंच रिछहरी जयकरन मल्लाह सरपंच सराय चंद्रभान रावत पूर्व जिला अध्यक्ष सतना शम्भू कोल मनभरण कोल रामकृष्ण कोल संभागीय अध्यक्ष जयस धर्मेंद्र कोल जिला अध्यक्ष मैहर राकेश रावत शक्ति कोल राजू कोल जगदीश कोल ब्लांक अध्यक्ष नगौद राममिलन कोल दयाराम कोल राम भूषण कोल डाए शंकर रावत दिल्लू कोल भाईलाल कोल आयोजक कमेटी सुदर्शन कोल ब्लांक अध्यक्ष रामपुर बी एल कोल हरदास कोल महेंद्र कोल श्यामलाल कोल नत्थू लाल कोल बद्री कोल राम रसीले कोल रामनारायण कोल पुष्पेन्द्र रावत मैन अतुल रावत उमेश रावत धर्मेंद्र कोल श्रीमती शांति कोल श्रीमती माया कोल राजदीप कोल नीरज रावत ठाकुर दीन कोल सूरज कोल सौखीलाल कोल एवं सैकड़ों की संख्या में लोगों उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# भूतपूर्व सैनिक की रैली 22 जून को

**सतना।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण समारोह रैली कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में 22 जून को प्रात: 8 बजे से सिंगनल रिकार्डस आफिस एमबी एरिया जबलपुर द्वारा आयाजित की जायेगी। जिसके मुख्य अतिथि जीओसी एमबी एरिया जबलपुर रहेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने रीवा एवं रीवा जिले से जुडे अन्य जिलों के सभी भूतपूर्व सैनिको, वीर नारियों, विधवाओं एवं वीर माता-पिता तथा अधिक से अधिक संख्या में रैली में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। जिसमें पेंशन, ईसीएचएस, मेडिकल, स्पर्श, जीवन प्रमाण पत्र, डाक्यूमेंट अपडेशन, करेक्शन बैंक एवं रिकार्डस आफिस से संबंधित सभी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जायेगा। रैली में जीओसी एमबी एरिया जबलपुर द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# पैकिंग वस्तुओं में वज़न सुनिश्चित हो : कैट

**जागरण, सतना।** देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स टीम सतना ने कहा है कि बड़ी कम्पनियां पैकिंग में वजन निर्धारित ना होने के कारण मनमानी पैकिंग कर रेट का खेल रही है । कैट के प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी ने बताया कि खाद्य व तेल व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि कम्पनियां अपने हिसाब से मनमानी पैकिंग करके कंज्यूमर को दिग्भ्रमित भर रही है। व्यापारियों का कहना है कि तेल के किलो का पाउच धीरे धीरे 770 ग्राम का हो गया है तो पोहा के पैकेट कोई 900 ग्राम तो कोई 800 ग्राम का हो गया है। टीम कैट सतना ने व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं को भारत सरकार को पत्र लिखकर इस पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। यही हाल बिस्कुट साबुन सहित अन्य अन्य खाद्य पैकिंग वस्तुओं का है। दुकानदारों की मानें तो अलग अलग कम्पनियां का अलग अलग वज़न होने के कारण इसके कंज्यूमर को उत्पाद के सही वज़न व भाव का पता ही नहीं चलता कि बाजार भाव क्या है। टीम कैट सतना के कमलेश पटेल चंद्रशेखर अग्रवाल मनोहर वाधवानी,अभिषेक जैन पवन ताम्रकार नरेंद्र गुप्ता राजीव गुप्ता अशोक वाधवानी जितेंद्र साबनानी संदीप मगंल राजेश अग्रवाल जे पी शर्मा मोनिका अवस्थी मंजूषा शाह पायल गर्ग महेंद्र जैन अनूप मंघनानी दीपक वाधवानी सचिन जैन विनोद चंदानी मोना चोपड़ा सीमा नेमा अंकुर अग्रवाल राजेश सराफ शुशील मंघनानी सीमा नेमा सोनाली जैन दीप्ति ओझा शैल गुप्ता,मनोज अग्रवाल, राकेश गुप्ता कम्पनियों के इस रवै, पर चिंता व्यक्त की है।

## खदान क्षेत्र में 9 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन

**सतना।** सरगुजा जिले में संचालित राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम की परसा ईस्ट कांता बासेन पीईकेबी खदान ने नौ मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा बिजली संयंत्र की स्थापना के साथ पर्यावरण के अनुकूल खनन की दिशा में एक नई मिसाल कायम की है। इस पहल के साथ पीईकेबी खदान राज्य की पहली ऐसी खदान बन गई है जो पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा पर आधारित है और शत.प्रतिशत ऊर्जा के साथ आत्मनिर्भर बन चुकी है। यह पूरे देश की सैकड़ों खदानों में एक विशेष उपलब्धि हैए जहां इतनी बड़ी सौर ऊर्जा का प्रयोग खदान की अपनी बिजली आपूर्ति के लिए किया गया है।

# मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश स्तरीय गौ-शाला सम्मेलन 20 जून को

**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री निवास पर 20 जून को प्रदेश के गौपालकों एवं गौशाला संचालकों से संवाद करेंगे। साथ ही गौशालाओं को लगभग 90 करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री निवास पर गौ-शाला सम्मेलन दोपहर 12 बजे से होगा। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गौ-शाला संचालक एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी श्री उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में पंजीकृत गौ-शालाओं में गौवंश के उचित व्यवस्थापन के लिए आर्थिक अनुदान को रू. 20 प्रति गौ वंश प्रति दिवस से बढाकर रू. 40 प्रति गौ वंश प्रति दिवस किया गया है। इसके अनुसार गौ-शालाओं में पालन किए जा रहे गौ वंश के लिए माह अप्रैल व मई 2025 की अनुदान राशि लगभग 90 करोड़ की किश्त सम्मेलन में जारी की जाएगी। सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीव दया गौ-सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गौ-शालाओं एवं संस्थाओं को गौ-सेवा पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। प्रथम पुरस्कार रुपए 5 लाख, द्वितीय पुरस्कार रुपए 3 लाख, तृतीय पुरस्कार रुपए 02 लाख तथा सांत्वना पुरस्कार 50-50 हजार रुपए के प्रदान किए जाएंगे. गौसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार रूपये 01 लाख, द्वितीय पुरस्कार रूपये 50 हजार एवं तृतीय पुरस्कार रूपये 20 हजार का दिया जाएगा।

# रामबली सिंह राज्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने

**रामपुर बघेलान।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला सतना के अध्यक्ष लक्ष्मण गर्गए कार्यकारी अध्यक्ष जीतेंद्र त्रिपाठीए और वीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में विकासखंड रामपुर बघेलान और तहसील रामपुर बघेलान के अध्यक्ष सचिव,कोषाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ जिसमे रामबली सिंह को ब्लाक अध्यक्ष रामपुर बघेलान पुष्पराज सिंह को सचिव मधुलता निगम को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। इसी प्रकार कमलेश वर्मा को तहसील अध्यक्ष ललित नारायण ताम्रकार को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गर्ग कार्यकारी अध्यक्ष जीतेंद्र त्रिपाठी और वीरेंद्र सिंह के द्वारा पदो के दायित्व सौंपते हुए कर्मचारी हितों पर




चर्चा हुई। इस अवसर पर शास कन्या उच्च मा वि के प्राचार्य दसरथ प्रसाद साकेत राजाराम वर्मा छोटेलाल साकेत उमेश कुमार मिश्रा नीरज शुक्ला घनश्याम सिंह, अरुण कुमार तिवारी मुरली धर तिवारी मानव शुक्ला, बालमीक प्रसाद तिवारी आत्मा निगम अनीता निगम, हीना कौसर इंदुमती सिंह ज्योती रावत, प्रतिमा पांडेय आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुई। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।



# मनुष्य को अपनी मृत्यु सुधारने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए

**सतना।** व्यासपीठाचार्य जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने रासपंचाअध्यायी का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया भगवान श्री कृष्ण रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया कथा के दौरान भत्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया भागवत कथा के छठे दिन भगवान को अभिमान पसंद नहीं है जिस मनुष्य में अहंकार आ जाता है तो भगवान उस मनुष्य का त्याग कर देते हैं। मनुष्य भगवान से कुछ न कुछ चाहते हैं लेकिन भगवान को ही नहीं चाहतें हैं। जो व्यक्ति कथा का श्रवण करता हैं उस व्यक्ति का कल्याण होना निश्चित हो जाता है कर्म करके धन पाना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन धन के द्वारा धर्म करें और धर्म के द्वारा गोविन्द को पाएं यही मनुष्य के जीवन का लक्ष्य है किसी भी कठिन समय में जैसे पिता नहीं बदले जा सकते वैसे ही किसी भी कठिन समय में अपना धर्म नहीं बदला जा सकता है सनातनियों का तो महाबीर पर सिंदूर चढ़ाने एराम की रामायण पढ़ने एकृष्ण जी की बांसुरी सुनने के लिए जन्म हुआ है भगवान कहते हैं जो मनुष्य मेरा जिस मन से भजन करता हैए मैं उस मनुष्य को वैसे ही अपनाता हूँ। जो व्यक्ति भगवान को पाना चाहते है उन्हें देखना चाहते है तो न की पूजा. पाठ करनी और मंत्र का जाप करना चाहिए।

# बाबा के दर पर हुई चादर पोसी

**उचेहरा।** हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्ला अलैह की दरगाह में 20 को देश के जाने माने कब्वालो द्वारा कब्वाली का शानदार मुकाबला होगाए इस मौके पर समिति के निर्णय अनुसार देश के वीर सपूत कर्नल सोफिया कुरैसी एवं विंग कमांडर वयोमिका सिंह के जज़्बे को भी याद करते एक शाम भारत के वीर जवानों के नाम की शानदार प्रस्तुति दी जायेगी। कव्वाली के एक दिन पूर्व 19 जून को बाबा के दर पर चादर जो बड़ी छिपहटी तकिया से उठकर पूरे शहर में गश्त करते मजार अक्दस में पहुंच गुस्ल व चादर पोशी हुई।

**इन कब्वालों के बीच होगा मुकबला :** देश के जाने माने कब्बाल साकिब अली साबरी फैजाबाद और कब्बाला नेहा सुलतानी उन्नाव के बीच शानदार मुकाबला होगा। आयोजन के हैं अतिथि आयोजन के मुख्य अतिथि अमरपाटन विधायक पूर्व मंत्री डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह कार्यक्रम के सर परस्त पूर्व मंत्री सईद अहमद होंगे जबकि अध्यक्षता नागौद विधानसभा कांग्रेस प्रत्यासी रही डॉ रश्मि सिंह करेंगीं। सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा संरक्षक होंगे। उचेहरा के रेस्ट हाउस में कव्वाली के दो दिन पूर्व कांग्रेस जनो द्वारा अंतिम तैयारी बैठक की गई । आयोजन नव जवान उर्स कमेटी द्वारा किया जा रहा है। समिति द्वारा सभी बन्धुओ से उर्स को सफल बनाने की अपील की गई है।

# धारदार हथियार से महिला की हत्या

**जागरण, रीवा।** एक दिन पहले घर से निकली महिला का शव दूसरे दिन बुधवार को अतरैला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनी जंगल में मिला है। महिला की धारदार हथियार से हत्या कर उसके शव को आरोपी ने नाले में फेंक दिया। चरवाहों ने महिला के शव की सूचना पुलिस को दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी साथ ही पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गायत्री पाण्डेय पति आनंद पाण्डेय 40 वर्ष निवासी कोनी मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे घर से बाहर निकली थी। जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला था। बुधवार की सुबह अज्ञात महिला का शव कोनी जंगल के नाले में पड़ा देखा गया जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस सहित मृतका के परिजन पहुंचे और उसकी पहचान गायत्री पांडे के रूप में की गई। पुलिस ने महिला के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल महिला की हत्या किसने की और इसके पीछे के कारण क्या हैं, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। अतरैला पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में महिला की धारदार हथियार से हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है, जिसके बाद पुलिस अज्ञात आरोपियों की खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस की मानें तो जल्द ही महिला के हत्यारे पुलिस कस्टडी में आएंगे, जिसके बाद पूरी घटना का खुलासा किया जाएगा।

# शिक्षक की पत्नी के खाते से पार हो गए 10 हजार रुपए

**जागरण, रीवा।** सायबर फ्रॉड के मामले आए दिन सामने आ रहे है। सायबर ठग अलग-अलग तरीको से लोगों के खाते से पैसा खाली कर रहे हैं, ज्यादातर मामलों में इन तक पुलिस भी नहीं पहुंच पा रही है। ताजा मामला शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के चिरहुला कॉलोनी में सामने आया है। बताया गया कि शिक्षक राजेश चतुर्वेदी की पत्नी नीलम चतुर्वेदी के खाते से दो दिन में दस हजार रुपए खाली हो गए। जबकि उनके द्वारा अपने खाते से कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया गया। हैरत की बात तो यह है कि दो दिन में पांच-पांच हजार रुपए उनके यूनियन बैंग के एकाउंट से ट्रांसफर हुए लेकिन इसका मैसेज तक उनके मोबाइल पर नहीं आया। बीते दिन जब उन्होंने अपने खाते का बैलेंस देखा और ऐप के माध्यम से ट्रांजेक्शन चेक किया तो फ्रॉड सामने आया। पीड़ित शिक्षक ने इसकी शिकायत यूनियन बैंक के मैनेजर व सायबर टीम से की है। पीड़ित ने बताया कि न तो उनके मोबाइल पर कोई ओटीपी आया और न ही ट्रांजेक्शन का मैसेज आया, जब उन्होंने पत्नी के खाता को चेक किया तो इसकी जानकारी हुई।

# ट्रक में भरकर मवेशियों की चल रही थी तस्करी

**जागरण, रीवा।** पुलिस ने बेजुबान जानवरो की तस्करी रोकने विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पुलिस न सिर्फ पशुओं की जान बचाने का काम कर रही है बल्कि पशु तस्करों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया गयाह है। शहर की चोरहटा पुलिस ने घेराबंदी कर 38 नग मवेशियों से लोड ट्रक सहित तीन तस्करों को पकड़ा है, इसके साथ ही मऊगंज की हनुमना थाना पुलिस ने 21 नग भैंसों से लोड ट्रक की जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फिलहाल इन ट्रकों में लोड मवेशियों को मुक्त कराकर उन्हें बतौर सुरक्षा गौशाला भेज दिया, तो वहीं ट्रकों को जब्त कर पकड़े गए तस्करों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कार्यवाही की गई है। पुलिस अभियान के तहत पुलिस उन मवेशियों की जान बचाने का काम कर रही है, जिन्हें ट्रकों में भरकर बूचड़ खाने ले जाया जाता है। विदित हो कि 2 दिन के भीतर पुलिस ने अब तक तीन ट्रकों को जब्त कर तकरीबन सैकड़ा भर मवेशियों को मुक्त करा उनकी जान बचाई है। बीती रात हुई कार्रवाई के संबंध में चोरहटा थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मवेशियों से लोड एक ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। बताया गया कि ट्रक में सीधी से कुल 38 मवेशियों को लोडकर उत्तर प्रदेश बूचड़ खाने ले जाया जा रहा था। इसी तरह मऊगंज की हनुमना थाना पुलिस ने भी 21 मवेशियों से लोड ट्रक को पकड़ा है। पुलिस ने फिलहाल उक्त दोनों ही कार्यवाही में कुल चार तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनमें प्रमोद कुमार भूर्तियां निवासी थाना सेमरिया जिला सीधी, मुस्लिम खान पिता साफी मोहम्मद, मोहम्मद अशरफ खान और सलामत खान निवासी सीधी शामिल हैं।

**किराये से देना है**

NH7 मैहर रोड अमरपाटन मेन रोड में प्रथम मंजिल मे लगभग 1400 वर्ग फिट हाल किराए से देना है बैंक ,ऑफिस एकोचिंग, फ्लैक्स वर्क आदि के लिए संपर्क करें 7898293192।

**आम सूचना**

मै गोविन्द प्रसाद त्रिपाठी पिता जुगुल किशोर त्रिपाठी उम्र 61 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 18 हनुमानगंज तहसील मैहर जिला मैहर मध्य प्रदेश का निवासी हूं मैं आपकी भारतीय स्टेट बैंक शाखा मैहर का खाताधारी हूं मेरा खाता नंबर 33644367065 है जिसमें मेरा नाम भूलवश गोविन्द प्रसाद तिवारी दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम गोविन्द प्रसाद त्रिपाठी लिखा है गोविन्द प्रसाद त्रिपाठी एवं गोविन्द प्रसाद तिवारी उक्त दोनों नाम मुझ शपथ करता के ही हैं जो सही एवं सत्य है अतः आज दिनांक से मेरे खाता क्रमांक 33644367065 में मेरा सही नाम गोविन्द प्रसाद त्रिपाठी दर्ज किया जाए।

सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

# समग्र स्वास्थ्य के अभूतपूर्व अभियान का हिस्सा बनिए

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**

### प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

**विशाखापत्तनम** में होने वाले योग प्रदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में हजारों उत्साहियों के साथ होंगे

लाइव प्रसारण DD न्यूज पर

21 जून | 6 बजे से

देश में हो रहे **8 लाख** से भी अधिक आयोजनों एवं **175+ देशों** में हो रहे योग उत्सवों के माध्यम से आई.डी.वाई. 2025 की गूँज दुनिया के हर कोने से सुनाई देने वाली है।

**अपने पास के किसी ऐसे कार्यक्रम से जुड़िए और #IDY2025 का उपयोग करके योग से जुड़े अपने अनुभव साझा करिए**

cbc 17201/13/0005/2526



moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

# प्रशासन ने लिया संज्ञान, सोन पुल मरम्मत कार्य में आई गति परन्तु देवलौद के यात्री है परेशान



**बाणसागर।** 10 जून 2025 को मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के देवलौद क्षेत्र में स्थित बाणसागर सोन नदी पुल का लगभग दो से तीन मीटर लम्बाई का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यह पुल न केवल शहडोल और रीवा संभाग को जोड़ता है, बल्कि उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ को भी जोड़ने वाले प्रमुख सड़क मार्ग का हिस्सा है। इस पुल के माध्यम से मैहर जिले के एक दर्जन ग्राम पंचायतों के लगभग 50 गांवों के नागरिक देवलौद कस्बे में चिकित्सा, शिक्षा व बाजार संबंधी सुविधाओं के लिए प्रतिदिन आते हैं। पुल क्षतिग्रस्त होने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई त्वरित कार्यवाही नहीं की गई, जिससें आमजन को कठिनाई का सामना करना पड़ा। इमीडिया और समाचार चैनलों द्वारा जनता की आवाज उठाए जाने के पश्चात शहडोल संभाग के कमिश्नर सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने इस विषय पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

परिणामतः पुल सुधार कार्य में तेजी आई है। पुल में स्टील की जंग लगी गाटर और अन्य डैमेज हिस्सों को हटाकर नए सिरे से जोड़ा जा रहा है। मरम्मत कार्य की गति संतोषजनक है, परंतु दूसरी ओर बाणसागर देवलौद तक की सीधी बस सेवा अब भी चालू नहीं हो सकी है। लोगों को अब जंगल और सूनसान जैसे असुरक्षित स्थान पर उतर कर यात्रा करनी पड़ रही है, जिससे विशेषकर महिलाओं, वृद्धों, मरीजों और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, ऐसे मार्गों में दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

**निष्कर्ष :** प्रशासन की सक्रियता से पुल सुधार कार्य आरंभ हो चुका है, किंतु पूर्ण यातायात सुविधा बहाल होने में अभी समय लग सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि कार्य को शीघ्र पूर्ण कर सामान्य आवागमन बहाल किया जाए। एवं बाणसागर देवलौद बस स्टैंड तक सभी यात्री बसों को आना – जाना अनिवार्य किया जाय ।

# टीकमगढ़ कलेक्टर के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई

## 102 अवैध कॉलोनियों के कॉलोनाईजरों को एसडीएम ने किए नोटिस जारी

**टीकमगढ़।** जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर विवेक श्रोतिय के स्पष्ट निर्देशों के तहत टीकमगढ़ एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने ग्रामीण क्षेत्र की 102 अवैध कॉलोनियों की सूची जारी कर दी है। इन कॉलोनियों का संचालन बिना वैध अनुमति और नियमों के विपरीत किया जा रहा था। जिसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि इसके अलावा कोई अन्य कॉलोनी चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र में हो या शहरी सीमा में सूची से छूट गई हो तो नागरिक उसे संबंधित दस्तावेजों या सूचना के माध्यम से एसडीएम कार्यालय को सूचित कर सकते हैं। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह जनता के हित में है कि हर कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत हो, जिससे मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। एसडीएम लोकेंद्र सिंह ने कहा कि नोटिस जारी करने के बाद यदि निर्धारित समयावधि में जवाब नहीं आता या सुधार नहीं किया जाता है तो अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसमें अतिक्रमण हटाना, रजिस्ट्री पर रोक और आपराधिक प्रकरण दर्ज करना भी शामिल है। इसके पूर्व भी टीकमगढ कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र की 33 अवैध कॉलोनाईजरों को नोटिस जारी किए गए थे। जिसमें प्रशासन ने अब अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। जिनकी जांच कर दस्तावेज प्रस्तुत कर कार्रवाई की बात कही है।

**जगह-जगह दिख रही अवैध कॉलोनियां :** जिलें में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी नजर डालों वहा पर केवल और केवल अवैध कॉलोनियों का जाल फैला हुआ दिखाई देता है। अब प्रशासन ने इन अवैध कॉलोनाईजरों पर नकेल कसना प्रारंभ किया है। जिससे अब जिलें में अवैध कट रही कॉलोनियों की संख्या में बढोत्तरी नही होगी और अब ग्राहक अब इस ठगी से बच सकते है।

**कॉलोनाइजरो ने इन नियमो की उड़ाई धज्जियां :** पत्रकार की टीम में जब टीकमगढ़ एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल से बात की तो उन्होंने बताया कि कॉलोनी निर्माण में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा हैं। वैधानिक रूप से कॉलोनी विकास के लिए जिन नियमों का ध्यान नहीं रखा गया है उनमे मप्र ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अन्तर्गत कालौनाईजर का रजिस्ट्रीकरण नहीं कराया गया है, एवं कालौनी के विकास के लिए अनुमति व अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गईं है। मप्र नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के उपबंधों के अधीन नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट का अनुमोदन नहीं किया गया है। उक्त नियमों के नियम 11 अन्तर्गत कालौनी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा निम्न आय वर्गों के लिये भू-खंडो व भवनों को आरक्षित नहीं रखा गया है। भूमि का डायर्वसन नहीं कराया गया है, तथा मप्र भूरासं 1959 की धारा 59 का उल्लंघन करके शासन को लाखों रूपये की क्षति पहुंचाई गई है। ऐसी स्थिति में दोषी कॉलोनीनाइजरो के विरूद्ध उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 ग, 61घ एवं मप्र ग्राम पंचायत (कालौनियों का विकास) नियम 2014 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**इन कॉलोनाइजरो की जारी हुए नोटिस, मांगा जबाब :** 102 कालोनाईजरों को नोटिस जारी किए गए हैं इनमें किसने कहां अवैध कालोनी काटी हैं। उनमें ग्रामीण क्षेत्र के मुकेश पाठक अनंतपुरा, संजय रावत अनंतपुरा, पुष्पेन्द्र-निशांत सिंह डुमरऊ मोटा, राजेन्द्र मिश्रा डुमरऊ मोटा, नरेन्द्र सिंह परिहार डुमरऊ मोटा, नरेन्द्र सिंह परिहार डुमरऊ मोटा, शिव बहादुर सिंह परिहार अनंतपुरा, रामेश्वर यादव, अनंतपुरा, अरविन्द राय य डुमरऊ डुमरऊ मोटा, प्रमोद गुप्ता अनंतपुरा, अरविन्द राय अनंतपुरा, सुन्दरलाल साहू अनंतपुरा, ओमप्रकाश दीक्षित डुमरऊ मोटा, अनुज राय डुमरऊ मोटा, आदित्य पटैरिया डुमरऊ मोटा, शिवकुमार श्रीवास्तव डुमरऊ मोटा, विशाल यादव अनंतपुरा, शहीद खान डुमरऊ मोटा, सुनील ताम्रकार डुमरऊ मोटा, दीपक साहू, आशाराम विश्वकर्मा अनंतपुरा, जब्बार खां, शहीद खां डुमरऊ मोटा, संजय सोनी डुमरऊ मोटा, पुष्पेन्द्र सिंह गौर डुमरऊ मोटा, नीरज नायक अनंतपुरा, शुभम सोनी अनंतपुरा, परवीन खां डुमरऊ मोटा, मुईनउद्दीन डुमरऊ मोटा, हेमा, अमृता डुमरऊ मोटा, वीरेन्द्र कुमार, रियाज, रामकिशोर डुमरऊ मोटा, विजय कुमार श्रोती डुमरऊ मोटा, बृजेश कुमार रावत डुमरऊ मोटा, संजीव कुमार जैन अनंतपुरा, कबीराज किशोर तिवारी अनंतपुरा, सुन्दर साहू अनंतपुरा, अरविन्द, राजेश अनंतपुरा, मिमोह राहुल तिवारी डुमरऊ मोटा, विक्रम राय डुमरऊ मोटा, आम्रपाली कंस्ट्रक्शन, मामौन, परशुराम राय मामौन, जगदीश मार्मोन, फरीद मामौन, हर्षवर्धन यादव मामौन, अंबिका प्रसाद खरे मामौन, मिथलेश खरे मामौन, अब्दुल जाहिद मामौन, आजम खां, सरोज अग्रवाल मामौन, जितेन्द्र रिछारिया, बृजेन्द्र रिछारिया मामौन, योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान मामौन, विजयदेवी मिश्रा मामौन, संयम चतुर्वेदी मामौन, पंकज खरे तखा, संतोष, अनुराग तखा, संजय नायक तखा, राजेश साहू, प्रियंक कुमार जैन तखा, मनीष बिहारी मिश्रा, ज्योति जैन तखा, अनिल साहू तखा, राजाराम, रामगोपाल राय तखा, माधवी शुक्ला तखा, अनिल साहू, राजेश साहू तखा, योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान तखा, राजीव कुमार शर्मा, हिमांशु सिंह परिहार तखा, प्रियंका रावत तखा, प्रभात चौरसिया गनेशगंज, मुकेश पस्तोर गनेशगंज, रवि राज सिंह गौतम गनेशगंज, दर्शना जैन, अरविन्द जैन, अरविन्द जैन, सुनीत कुमार जैन महाराजपुरा, बाबूलाल यादव, भूपेन्द्र यादव महाराजपुरा, योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान महाराजपुरा, दीपक कुमार साहू महारालविनोद कुमार महाराजपुरा, भगतराम, गरीबदास यादव महाराजपुरा, अब्दुल सोहित नारगुड़ा खास, अब्दुल अतीक, अब्दुल शहीद नारगुड़ा खास, विजय श्रोती, प्रिया सोनी उत्तमपुरा, विक्रम राय, गौरव शर्मा नारगुड़ा खास, नरेन्द्र सोनी उत्तमपुरा, सादिक, शाहिद उत्तमपुरा, अफसर, फैमीदा नारगुड़ा, संतोष, प्रदोष कुमार नारगुड़ा खास, लल्लू, ओमप्रकाश, इमरत यादव नारगुड़ा खास, रंजन, रीतेश चौरसिया नारगुड़ा खास, राजेन्द्र, मनोज, विनोद, गुलाब रानी कुमार नारगुड़ा खास, अभिषेक खरे नारगुड़ा खास, भगवानदास कुमार नारगुड़ा खास, रामकली यादव उत्तमपुरा, लक्ष्मन, पवन अहिरवार कुंवरपुरा, राजू अहिरवार कुंवरपुरा, भगवानदास अहिरवार कुंवरपुरा, प्रकाश, किशन यादव कुंवरपुरा, बिहारी, भगवानदास यादव कुंवरपुरा, दीपक शुक्ला सुनवाहा, देवकीनंदन शर्मा कुंवरपुरा, हीरालाल अहिरवार सुनवाहा, कोमल अहिरवार कुंवरपुरा, भैयालाल कुंवरपुरा, सुरेन्द्र कुमार, संतोष लोहिया, अजय कुमार कटारे, गौरव शर्मा आलमपुरा, नंदराम, कन्हैयालाल, रामसेवक यादव नयाखेरा, अरविन्द यादव मधुवन, विक्रम यादव मधुवन, गौरव शर्मा मधुवन, वीरेन्द्र यादव करमाराई के नाम शामिल हैं।

**इनका कहना ह :** ग्रामीण क्षेत्र की 102 अवैध कॉलोनियों को चिंन्हित कर नोटिस जारी किए गए है। जिन्हें तय समयसीमा में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। समयसीमा में दस्तावेज पेश नही करने पर रजिस्ट्री पर रोक और एफआईआर करने की कार्रवाई की जाऐगी।

**लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम टीकमगढ**

# भारतीय स्वाभिमान, स्वाधीनता और संस्कृति की प्रतीक थीं महारानी लक्ष्मीबाई : कुलगुरु




## महिला छात्रावास में बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता विवि कुलपति डॉ. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा व विशिष्ट वक्ता श्रीमती प्रवीण तिवारी एवं कुलसचिव प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह परिहार अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत उद्बोधन छात्रावास की वार्डन डॉ. नविता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वाभिमान, स्वाधीनता और भारतीय संस्कृति के प्रतीक थीं। मां, मातृभाषा और मातृभूमि की रक्षा की प्रतीक थीं। इन्हें बदला नहीं जा सकता। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी मिश्रा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि हम कुछ ऐसे अच्छे कार्य करें जिससे समाज को नई दिशा दे सके। महारानी लक्ष्मीबाई ने स्वत्व की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को आह्वान किया कि विषम परिस्थिति में भी अपने स्वाभिमान की रक्षा करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रतीक तिवारी ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वाभिमानी और बलिदान चरित्रों को हमें आने जीवन आत्मसात रखने की आवश्यकता है। इतिहास हमें पढ़ना नहीं है, उसे बनाना है और उसके अनुरूप जीना है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह परिहार ने महारानी लक्ष्मीबाई की पारिवारिक पृष्ठभूमि की उल्लेख करते हुए कहा कि पारिवारिक संस्कार ने ही उन्हें देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि महरानी लक्ष्मीबाई की देशभक्ति से सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहायक वार्डन डॉ. मुक्ता त्रिपाठी ने किया।

# छात्रावासों में कोचिंग देने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**जागरण, रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में विद्यार्थियों को कोचिंग देने के लिए पात्र शिक्षकों के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास क्रमांक एक, क्रमांक दो, क्रमांक तीन, बालक छात्रावास विश्वविद्यालय परिसर, कन्या छात्रावास शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा कन्या छात्रावास विश्वविद्यालय परिसर में विषय विशेषज्ञ के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास, उत्कृष्ट कन्या छात्रावास, बालक छात्रावास तथा कन्या छात्रावास रायपुर कर्चुलियान, बालक तथा कन्या छात्रावास सिरमौर, बालक तथा कन्या छात्रावास गंगेव, कन्या छात्रावास जवा में अंगेजी विषय की कोचिंग के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। मऊगंज जिले में अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक तथा कन्या छात्रावास मऊगंज, उत्कृष्ट बालक तथा कन्या छात्रावास हनुमना एवं उत्कृष्ट बालक तथा कन्या छात्रावास नईगढ़ी में भी कोचिंग के लिए शिक्षक की आवश्यकता है। इन संस्थानों में कक्षा नवीं, दसवीं के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं कम्प्यूटर की कोचिंग दी जाएगी। साथ ही कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, जीव विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर विषय में कोचिंग दी जाएगी। शासन द्वारा कोचिंग के लिए निर्धारित मापदण्डों के अनुसार नियत मानदेय की सीमा में किसी निजी कोचिंग संस्था से भी कोचिंग कराई जा सकती है।

## नाम एवं जन्म तिथि सुधार सूचना

मैं उषा पिड़िहा USHA PIDIHA पति श्री उमेश कुमार पिड़िहा निवासी– वार्ड नं.–43 रामसागर मोड़ बदरांव पोस्ट लोही 575 रीवा तहसील–हुजूर जिला रीवा म.प्र. पिन कोड–486005 की निवासी हूँ व शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम पति के आर्मी सर्विस पी.पी.ओ. रिकार्ड में भूलवश उषा देवी तथा जन्मतिथि– 06.07.1968 दर्ज है, जबकि सही नाम उषा पिड़िहा USHA PIDIHA जन्मतिथि– 01.01.1970 है। जो कि मेरे समस्त दस्तावेज (आधार कार्ड, पैन कार्ड) मे दर्ज है जो पूर्णतः सत्य है। अतः पति के आर्मी सर्विस पी.पी.ओ. रिकार्ड में मेरा नाम उषा देवी की जगह उषा पिड़िहा USHA PIDIHA तथा 06.07.1968 की जगह 01.01.1970 दर्ज किया जाए, एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82542 उषा पिड़िहा

## //कैवियट सूचना//

सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 म.प्र. राजपत्र में दिनांक 19.06.2025 को अधिसूचित किया गया है। यह संभावना है कि राज्य के किसी संघ या शासकीय सेवक द्वारा म.प्र. लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 नियम अथवा नियम के किसी भी प्रावधान पर स्थगन लेने के लिए माननीय उच्च न्यायालय, मुख्य खंडपीठ जबलपुर/ खंडपीठ इंदौर /खंडपीठ ग्वालियर में रिट याचिका दायर की जा सकती है। अतः यह सभी को सूचित किया जाता है कि यदि मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 या उसके किसी भी प्रावधान को चुनौती दी जाती है तो उसकी अग्रिम प्रति माननीय महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर / इंदौर / ग्वालियर को उपलब्ध कराई जाये। माननीय उच्च न्यायालय मुख्य खंडपीठ जबलपुर/ खंडपीठ इंदौर /खंडपीठ ग्वालियर में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल द्वारा कैवियट दायर की जा रही है।

(अजय कटेसरिया)
उप सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग

G-14559/25

## MADHYA PRADESH POORV KSHETRA VIDYUT VITRAN CO. LTD. REWA REGION
## NOTICE INVITING TENDER

1912

No. 053-01/08/TS-23/25-26/1357 Rewa, DATE 16.06.2025

**TENDER NOTICE**

Online tenders are invited for Transportation of Transportation of Materials i.e. Cable, Conductor, Fabricated items etc. under Rewa Region, of MPPKVVCL as per Tender Specifications. The Bid Seals will be received online only on the portal https://mptenders.gov.in. up to date & time indicated below. The tender will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule (key date). If desired, the bidder or their duly authorized representatives may remain present at the time of opening of tender: -

| Sr. No | Tender Specification No | Name of the Work | Approx Value (In Lac Rs) | Tender Fees (In Rs) | E.M.D. (in Rs.) | Due date of opening of tender online |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 053-01/08/TS-23/25-26/1357 e-Tender No 2025_PKVVC _431226_1 | Transportation of Materials i.e. Cable, Conductor, Fabricated items etc. under Rewa Region, MPPKVVCL. | 20 Lac | 1,180/- | 20000/- | 04.07.2025 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in envelop-A & Techno-commercial bid in envelop-B) please refer to the online key dates.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer
Rewa Region

## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)
## द्वितीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये भवन निर्माण सामग्री क्रय करने हेतु द्वितीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 09/07/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 25/06/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 08/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 10/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 12/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

नोटः-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही संबंधित जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है ।

G-14542/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

## मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
मुख्यालय : जहांगीराबाद, भोपाल

क्र./यां.शा./368/2025 भोपाल, दिनांक 19.06.2025

### निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

विपणन संघ द्वारा स्वयं के लिए RKVY योजनान्तर्गत एग्रीसॉल्यूशन सेन्टर सह 1000 मे.टन क्षमता गोदाम निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 09.07.2025 को शाम 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref.No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2105 | Construction of 1000 Mt Godown, WBM Road, Chowkidar Quarter, 01 Retail Shop & 01 Office Room With Agrisolution Center For Markfed At Village Mouja-Rampurva, Teh.-Majhgawa, Distt.-Satna Under Rkvy Scheme (1st call) | 76,37,690.00 |

**नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/120723/2025

मुख्य अभियन्ता (सि.)

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

**In The Court Of IV Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Rewa**

Presiding Officer: कु. पदमा जाटव

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MACC/0000868/2021)

श्रीमती अर्चना मिश्रा .................... वादी
VS
मुकेश प्रताप सिंह ................. प्रतिवादी

पेशी दिनांक – 25.06/2025

प्रेषिती–
(1) मुकेश प्रताप सिंह तनय रामलाल सिंह पता– ग्राम पोस्ट टीकर थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा (म.प्र.) (2) श्रीमती भाग्यलक्ष्मी सिंह पत्नी रामलाल सिंह पता– ग्राम प्रोस्ट टीकर थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी श्रीमती अर्चना मिश्रा ने आपके विरूद्ध सिविल के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 23 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

मुद्रा

(श्रीमती पदमा जाटव)
चतुर्थ मोटर दुर्घटना दावा अधि.
जिला रीवा (म.प्र.)

RN-82541

## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)
## द्वितीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये स्वच्छता एवं विद्युत सामग्री क्रय करने हेतु द्वितीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 09/07/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 25/06/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 08/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 10/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 12/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

नोटः-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही संबंधित जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है ।

G-14543/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

## CENTRAL GOVERNMENT EMPLOYEES WELFARE HOUSING ORGANISATION

(An autonomous body of GOI under the aegis of M/o Housing & Urban Affairs)
9th Floor, 'B' Wing, Janpath Bhawan, Janpath, New Delhi – 110 001.
Ph – 23717249/23355408/23322192, E-mail: cgewho@nic.in Website: www.cgewho.in

CGEWHO intends to appoint an Architect cum Project Management Consultant for execution of the project at Shatabadi Nagar, Meerut, U.P (12.2 acres) and Misrod, Bagli, Barrai, Bhopal, M.P (4.5 acres).

Pre-qualification criteria, Scope of Work and other conditions can be downloaded from CGEWHO's website "www.cgewho.in," "www.tenderwizard.com/CGEWHO" and "www.eprocure.gov.in".

The firms have to submit their bid strictly through e-tendering website of CGEWHO, i.e www.tenderwizard.com/CGEWHO within 30 days of publication of the advertisement. No off line submission of bid will be accepted. A non-refundable application fee of Rs.10,000/- plus GST @ 18% by way of demand draft in favour of CEO, CGEWHO shall be forwarded to this office at the address mentioned above.

CGEWHO reserve all the rights to cancel the tender process at any stage without assigning any reason what so ever.

*Chief Executive Officer*
*CGEWHO*

CBC 20105/12/0006/2526

# बघवार अंचल में हो रहा है रेत का अवैध कारोबार




## खनिज और पुलिस विभाग को जानकारी देने के बाद भी नहीं की जा रही कार्यवाही

### खुलेआम हो रहा है अवैध रेत का भंडारण एवं परिवहन


रीवा-शहडोल मार्ग के किनारे कटिंग करते हाइवा


रीवा-शहडोल मार्ग के किनारे भैंसरहा भरतपुर में रेत का अवैध भंडारण

जागरण, सीधी

जिले के पुलिस चौकी पिपरांव के अंतर्गत रीवा-शहडोल मार्ग में अवैध रेत के कारोबारियों द्वारा सड़क के किनारे रेत का भंडारण कर ट्रैक्टरों से अवैध परिवहन कर रहे हैं। जिसकी सूचना खनिज विभाग एवं स्थानीय पुलिस को दिए जाने के बाद भी रेत के अवैध कारोबारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। जिसके कारण खुलेआम ट्रैक्टर से अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है। बताया गया है कि भरतपुर अर्जुन नगर, भैंसरहा पेट्रोल पंप के पास, भरतपुर खारा मार्ग, हायर सेकेण्ड्री स्कूल भरतपुर जाने वाली सड़क के किनारे रेत का अवैध भंडारण काफी दिनों से किया हुआ है। रेत के अवैध कारोबारी रीवा-शहडोल मार्ग में ब्यौहारी व शहडोल से आने वाले रेत के वाहनों से कटिंग कराकर रेत के अवैध भंडारण करते हैं और फिर ट्रैक्टरों से लेजाकर बिक्री करते हैं। रीवा-शहडोल मार्ग के किनारे अक्सर रेत के लदे हाइवा बीच सड़क में खड़े होकर रेत की कटिंग करते हैं। जिसके कारण जहां एक ओर यातायात प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी ओर दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ रही है। ग्रामीणजनों द्वारा स्थानीय पुलिस व खनिज विभाग को निरंतर जानकारी दी जा रही है किंतु दोनो विभागों का अमला अवैध रेत के कारोबारियों से मिलकर कार्यवाही करने की बजाय उन्हें संरक्षण प्रदान कर रहा है। रेत के कारोबारियों का कहना है कि हम पुलिस को हर महीने भंडारण एवं परिवहन का सुविधा शुल्क देते हैं इस कारण पुलिस हमारा कुछ नहीं कर सकती। जिस तरीके से रेत के अवैध कारोबारी खुलेआम रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं उससे उनकी बातों पर सच्चाई नजर आ रही है कि पुलिस की रेत के अवैध कारोबार में मिलीभगत है।


रेत के अवैध भंडारण से परिवहन करते हुए ट्रैक्टर

# साक्षी लॉ कॉलेज बौरा में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



## एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्र हुए उत्तीर्ण

जागरण, सेमरिया

साक्षी शिक्षण समिति द्वारा संचालित साक्षी लॉ कॉलेज अपने नए परिसर के साथ तैयार है। साक्षी संस्थान के संस्थापक देवेंद्र मिश्रा ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ एक नई कीर्तिमान स्थापित की है। साक्षी संस्थान के अंतर्गत साक्षी लॉ कॉलेज/साक्षी बीएड कॉलेज/साक्षी महाविद्यालय और साक्षी हायर सेकंडरी स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। देवेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में साक्षी संस्थान ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और छात्रों के लिए बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की है। चर्चा के दौरान सेमरिया संवाददाता उपेन्द्र मिश्र को देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्रों का परिणाम भी आ गया है और सभी छात्र पास हो गए हैं। परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। श्री मिश्रा ने यह भी बताया कि नए सत्र के प्रवेश ऑनलाइन शुरू हो गए हैं। इच्छुक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## चौहान वंशावली के लेखक दिनेश प्रसाद सिंह नहीं रहे



**जागरण, सीधी।** सेवानिवृत्त प्रचार्य एवं चौहान वंशावली के लेखक दिनेश प्रसाद सिंह चौहान का 14 जून 2025 को गृह ग्राम पटपरा में निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र अवधेश प्रताप सिंह, अंबिकेश प्रताप सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, पुत्री दीपा सिंह समेत समूचे भरे पूरे परिवार को रोता बिलखता छोंड़कर चले गए। उनके भ्राता लल्लू सिंह सेवानिवृत्त स्टेनो विद्युत मंडल, डॉ. रमेश प्रताप सिंह समेत समूचे परिजनों में शोक की लहर व्याप्त है। छोटे भ्राता डॉ. रमेश प्रताप सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमारे बड़े भ्राता के साथ ही गुरु के रूप में हमेंशा मार्गदर्शन करते रहे। स्व. दिनेश प्रताप सिंह की ख्याति हमेंशा ऐतिहासिक चौहान वंशावली के लेखक के रूप में रहेगी। उनके निधन पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटपरा के प्रभारी प्राचार्य शशिकांत दुबे, शिक्षक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, पत्रकार उमेश शर्मा आदि ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस बेला में असीम संबंल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन कराने पावन तीर्थ यात्रा अभियान शुरू

**जागरण, सीधी।** जिले के कुसमी क्षेत्र से एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। पूर्व सरपंच स्व. सुमित्रा देवी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य के सुपुत्र विवेन्दु वेंकट टांडिया ने अपनी दिवंगत माता को समर्पित एक पुण्य कार्य की शुरुआत की है। उन्होंने यह संकल्प लिया है कि वे अपने जीवन में अधिक से अधिक बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन कराएंगे, क्योंकि वे अपनी माता को यह सौभाग्य नहीं दिला सके थे। इसी संकल्प के तहत कुसमी, कोडार, बड़वाही, छपराटोला एवं आसपास के गांवों के 60 वर्ष से अधिक उम्र के करीब 50 बुजुर्गों महिला व पुरुष को एक विशेष तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया। इन बुजुर्गों को बैजनाथ धाम, काशी विश्वनाथ मंदिर, इलाहाबाद त्रिवेणी संगम, अयोध्या, चित्रकूट और मैहर जैसे पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस यात्रा के लिए एक लग्जरी बस की व्यवस्था की गई है। जिसमें यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। बस में ही गैस सिलेंडर, बर्तन व अन्य आवश्यक सामग्री के साथ भोजन की व्यवस्था की गई है। जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही यात्रा के बाद कुसमी में एक भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# मोदी के 11 वर्ष गरीब कल्याण को समर्पितः डॉः राजेश



**जागरण, सीधी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के मार्गदर्शन में चल रहे कार्यक्रम विकसित भारत, अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्त्व में 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 साल बेमिसाल मंडल स्तरीय संकल्प सभा का कार्यक्रम नगर मंडल के शक्ति केन्द्र क्र. 6 वार्ड क्र. 16 आदिवासी बस्ती में संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य और भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष बेमिसाल और कई मामलों में अकल्पनीय और जनकल्याण को समर्पित रहा है। पहले हर वर्ष गरीबों की संख्या निरंतर बढ़ती रहती थी और गरीबी रेखा की सूची लगातार इजाफा होता रहता था। किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार 11 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आकर एक अच्छा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार ऐतिहासिक वर्षों में उपलब्धियां हजारों हैं। प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान योजना, लाडली बहना योजना, विधायिका में महिला आरक्षण सहित देश के आंतरिक और बाह्य मामलों में शानदार उपलब्धियां अर्जित की है। ऑपरेशन सिंदूर से देश और देशवासियों का स्वाभिमान बड़ा है। जिसके लिए देश की करोड़ों करोड़ों जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने आई हुई सैकड़ो जनता जनार्दन का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के साथ.साथ प्रदेश और हमारा जिला निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं। वहां-वहां विकास और सिर्फ विकास की गंगा बह रही है। चारों ओर चकाचक सड़के, जल, थल और नाव में शानदार उपस्थित सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित पूरी टीम का अभिनंदन किया। जिसका उपस्थित जन समुदाय ने तालियो की गड़गड़ाहट से अभिनंदन किया। स्वागत भाषण नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी, अमित प्रधान, तुषार द्विवेदी, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, शिवदान साकेत, राकेश मौर्य, जमुना प्रसाद कोल, मुनिराज विश्वकर्मा, संगीता सिंह, राजकुमारी यादव, मुन्नालाल चौधरी, जीतेन्द्र गुप्ता, अजय वर्मा, श्रवण सिंह, कौशलेंद्र सिंह, चन्दन मिश्रा, गुरुप्रसाद मौर्य, अजय वर्मा, अर्जुन प्रसाद यादव, रामेश्वर रावत, पंकज गुप्ता, जमुना रावत, गणेश रावत सहित अनेक वार्डवासी उपस्थिति रहे।

# जिले में औसत वर्षा 22.7 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक सिहावल में

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 19 जून को सीधी जिले में 1.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.8 मि.मी., बहरी में 1.4 मि.मी., मझौली में 8.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 22.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 19 जून तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 88.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 4.5, चुरहट में 1.5, गोपद बनास में 5.0, बहरी में 30.7 मझौली में 29.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 9.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 13.4 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# गांजा तस्करी में संलिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार




**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं संबंधित अनुभाग के एसडीओपी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 18 जून 2025 को तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 29,400 रुपये मूल्य का मादक पदार्थ गांजा बरामद कर तीन आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की है। पहले मामले में थाना कोतवाली थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गाड़ा बबन सिंह में एक व्यक्ति अपनी किराना दुकान से गांजा बेच रहा है। सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित पुलिस टीम द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान संदेही कुंदन बहादुर उर्फ मुनि सिंह पिता छोटेलाल सिंह उम्र 65 वर्ष निवासी गाड़ा बबन सिंह को मौके से पकड़ा गया। उसकी दुकान की तलाशी के दौरान एक झोले से 2 किलो 40 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 20,400 आंकी गई। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाना कोतवाली सीधी में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना जमोड़ी पुलिस द्वारा आरोपी मनोज केवट पिता कल्लू केवट उम्र 40 वर्ष निवासी जमोड़ी कला के कब्जे से 450 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 4500 रुपए है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। थाना रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा अशोकवती लोनिया पति रामायण लोनिया निवासी पटेहरा के पास से 450 ग्राम गांजा जप्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 4,500 रुपए है। आरोपिया के विरुद्ध भी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# मानस भवन में हुई विधिक जागरुकता शिविर

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में प्रथम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार सोनी, तृतीय जिला न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता के अवसर पर दिनांक 18 जून 2025 को मानस भवन जिला सीधी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार सोनी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के संबंध में जानकारी दी। तृतीय जिला न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि यदि किसी वरिष्ठ नागरिक के साथ दुर्व्यवहार, संपत्ति में धोखाधड़ी या उपेक्षा होती है तो वे निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है।

# एनीमिया के प्रति जागरुकता रथ रवाना

**जागरण, सीधी।** जिले में एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या को जड़ से समाप्त करने एवं जनमानस को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित डीईआईसी से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे, डीआईओ डॉ. नागेंद्र बिहारी दुबे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र शुक्ला द्वारा एनीमिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी ब्लॉकों में भ्रमण करेगा तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को एनीमिया के बारे में जानकारी देगा। विशेष रूप से यह रथ उन स्थानों पर जाकर जानकारी देगा, जहां आयरन की खुराक बच्चों को नियमित रूप से दी जाती है। बताया गया कि आँगनवाड़ी केन्द्रों में हर मंगलवार एवं शुक्रवार को आयरन सिरप पिलाया जाता है। विद्यालयों में, कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को गुलाबी आयरन गोली, एवं कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को नीली आयरन गोली प्रदान की जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने कहा कि सुनियोजित प्रयासों एवं सामुदायिक भागीदारी से हम एनीमिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं। यह रथ लोगों को न केवल जानकारी देगा, बल्कि उन्हें आयरन अनुपूरण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए भी प्रेरित करेगा।




## श्री विधि से धान की रोपाई किसानों के लिये वरदान

**जागरण, सीधी।** जिले में काफी बड़े क्षेत्र में धान की खेती की जाती है। अधिकतर किसान रोपा विधि से धान लगाते हैं। इसकी तुलना में मेडागास्कर विधि जिसे एस.आर.आई. श्री विधि कहा जाता है, से धान लगाना अधिक लाभकारी है। इसमें कम पानी, कम बीज और बिना खरपतवार के धान का अच्छा उत्पादन होता है। परम्परागत विधि से किसान को प्रति हेक्टेयर 20 से 25 क्विंटल धान की उपज मिलती है। उप संचालक कृषि ने किसानों से धान रोपण के लिये श्री विधि अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक किसानों के लिये वरदान है। उप संचालक ने बताया कि श्री विधि से प्रति हेक्टेयर केवल 6 से 8 किलो बीज की जरूरत होती है। इसे विशेष तरह की प्लेट अथवा पॉलीथीन में नर्सरी लगाकर तैयार किया जाता है। इसमें भुरभुरी मिट्टी तथा राख का होना आवश्यक है। इसके लिये 10 मीटर लम्बी तथा 5 से.मी. ऊंची क्यारी बनायें। इसमें 50 किलो नाडेप अथवा गोबर की खाद मिलाकर बीजों की बोनी करें। बोनी से पहले बीजों को थाईरम दवा से उपचारित करें। प्रत्येक क्यारी में 120 ग्राम बीज की बोनी करें। इन्हें ढंककर हल्की सिंचाई करें।

# किसके इशारे पर हो रहा वन भूमि सीमांकन




**जागरण, सीधी।** जिले के वन विभाग में लंबे अर्से से खिसक रही वन भूमि को बचाने के लिए जिम्मेवार अधिकारियों द्वारा जानकारी मिलने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जिस प्राइवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी उर्फ शिव तिवारी को सीमांकन कार्य की जिम्मेदारी सौंपी जाती है वन विभाग में कौन से पद पर पदस्थ हैं। आज तक लोगों को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। सूत्र बताते हैं कि वन मंडल कार्यालय में लंबे समय से कुंडली मार कर बैठे विभाग के ही आला अधिकारियों द्वारा अवैध वसूली के लिए रखा गया है। हालांकि विभाग के कुछ ऐसे भी आला अफसर हैं जिन्हें इस पूरे मामले की जानकारी है लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जब कोई रोक टोक नहीं की जाती हैं तो वह भी चुप्पी साधे हुए है। नाम न छापने की शर्त पर विभाग के अधिकारी ने बताया कि बतौर सर्वेयर रामसिया तिवारी उर्फ शिव तिवारी द्वारा अब तक किए गए सीमाकंन कार्य की जांच कराई जाए तो सब कुछ साफ हो जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार लंबे समय से चल रहे वन भूमि घोटाले की जांच अगर ईमानदारी पूर्वक करा दी जाए तो सर्वेयर की करतूतों का जहां भंडाफोड़ एक झटके में हो जाएगा। वहीं इस भूमि घोटाले में वन विभाग एक दर्जन से अधिक तत्कालीन एवं वर्तमान आला अधिकारियों पर कार्यवाही की गाज गिर सकती हैं। खास बात यह है कि वन मंडल के जो मानचित्रकार का काम देख रहे हैं वह रेंजर ज्ञानेन्द्र पाण्डेय हैं उनका तबादला सिंगरौली हो चुका है। फिर भी उन्हें आज तक भारमुक्त नहीं किया गया। जबकि रेंजर ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अपने गृह जिला सीधी में सालों से कुंडली जमाए हुए है। उन्हीं के इशारे पर प्रायवेट व्यक्ति रामशिया तिवारी सर्वेयर का काम कर रहे हैं।




# प्राचार्य के खिलाफ की सीएम हेल्पलाइन शिकायत तो हुए नाराज

## प्रभार मिलने के 26 दिन बाद 4:30 बजे पहुंचे कॉलेज

### बंद था ताला लेकिन शिकायत करने वालो को दिया नोटिस

जागरण, सीधी




शासकीय कॉलेज खड्डी में विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है, इसका एक मात्र कारण यहां प्राचार्य का न होना है। संजय गांधी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. रामसुरेश भारती को यहां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है और वह कभी जाते नहीं है। इतना ही नहीं उनके द्वारा यहां के स्टॉफ की सुनवाई नहीं की जाती और उल्टा उन्हें धमकाया जाता है। अतिथि विद्वानों ने क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा से इसकी शिकायत की है और प्रभारी प्राचार्य द्वारा की जा रही मनमानी पर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत में अतिथि विद्वानों ने बताया है कि 22 मई 2025 से प्राचार्य का प्रभार डॉ. रामसुरेश भारती को दिया गया है, लेकिन वह एक भी दिन कॉलेज नहीं आए, जबकि कई बार स्टॉफ की समस्याओं को लेकर उन्हें अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की बल्कि उल्टा शिकायत करने वालो को ही परेशान करना शुरु कर दिया। शिकायत में अतिथि विद्वानो ने बताया कि हम सभी अतिथि विद्वानों का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, वह सभी रीवा से अप डाऊन करते हैं जिससे आर्थिक तंगी आ रही है, जब इस समस्या से प्राचार्य को अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि उनके मन के खिलाफ एडी रीवा द्वारा प्राचार्य का प्रभार दिया गया है, वह कुछ नहीं करेंगे और 15 जून के पहले वह अपना ट्रांसफर करा रहे हैं। जिसके बाद शिकायत अतिथि विद्वानों द्वारा वेतन के लिए सीएम हेल्पलाइन की गई। जिससे प्राचार्य नाराज हो गए और गत 16 जून को 4:30 बजे कॉलेज पहुंचे, उस दौरान अतिथि विद्वान अपनी की हुई शिकायत को लेकर थाने में कथन दर्ज कराने गए थे, उनके जाने के बाद अन्य अतिथि विद्वान कॉलेज में ताला बंद करके चले गए। बताया कि प्रभारी प्राचार्य डॉ. रामसुरेश भारती और लीड कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रभाकर सिंह जब आए तो प्रभारी प्राचार्य द्वारा अतिथि विद्वानों को फोन कराया गया तो अतिथि विद्वानों जिसमें डॉ. पवन कुमार वर्मा, डॉ. भावना सिंह, डॉ. श्वेता तिवारी व डॉ. वीणा रॉय ने थाने में कथन दर्ज कराने की जानकारी भी उनको दी गई। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य द्वारा अन्य अतिथि विद्वानों को फोन करके बुला लिया गया जो खड्डी में ही किराए से रहते हैं और एक स्थानीय निवासी हैं और जो दूर थे उनका हस्ताक्षर भी बाद में पंचनामा में लिया गया। चार अतिथि विद्वानों को अनुपस्थित कर दिया गया जबकि उनके द्वारा थाने में होने की सूचना दी गई थी। जब वह गए तो प्राचार्य व लीड कॉलेज प्राचार्य वहां से जा चुके थे। इसके बाद अगले दिन 17 जून को प्रभारी प्राचार्य द्वारा नोटिस जारी किया गया, उसमें तीन अतिथि विद्वानों को ही नोटिस जारी किया गया एक को छोड़ दिया गया। जिससे साफ है कि प्राचार्य द्वारा शिकायत से नाराज होकर अतिथि विद्वानों को टारगेट किया जा रहा है। जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

> शासकीय कॉलेज खड्डी निरीक्षण में गए थे, सभी अतिथि विद्वानों के 6 घंटे सार्थक ऐप में हाजिरी है। किसी की अनुपस्थिति नहीं लगी है न ही वेतन काटा जाएगा। डीडीओ पावर नहीं होने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जल्द ही वेतन भुगतान कराया जाएगा।
>
> **डॉ. प्रभाकर सिंह, प्राचार्य लीड कॉलेज सीधी।**

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा ईरान-इजरायल युद्ध

भारत ईरान से सबसे अधिक मात्रा में कच्चा तेल और गैस आयात करता है। दुनिया के जिन देशों में तेल और गैस की आपूर्ति की जाती है, करीब 20 फीसदी आपूर्ति ईरान ही करता है। यदि कच्चे तेल की कीमत 1 डॉलर प्रति बैरल बढ़ती है, तो भारत का आयात बिल 14,000 करोड़ रुपए बढ़ जाता है। इजरायल-ईरान युद्ध भड़कने से तेल की कीमतें करीब 7 फीसदी बढ़ चुकी हैं। निवेशक और तेल कंपनियां चिंतित हैं कि यह युद्ध कब तक चलेगा? समग्र तौर पर देखें, तो बीते कुछ सप्ताह के दौरान कच्चा तेल औसतन 10 डॉलर महंगा हुआ है। इसमें अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की 'टैरिफ नीति' का भी योगदान है। अमरीका अपने व्यापारिक साझेदारों को भी नहीं छोड़ता। बहरहाल तेल महंगा होता जाता है, तो कमोबेश भारत की जीडीपी पर 1.5 फीसदी तक का प्रभाव पड़ सकता है।

ईरान और ओमान के बीच एक संकरा-सा जलमार्ग है-होर्मुज जलडमरूमध्य। भारत करीब दो-तिहाई कच्चा तेल और करीब 50 फीसदी प्राकृतिक गैस इसी रास्ते से आयात करता है। होर्मुज के बंद होने से अतिरिक्त वक्त के साथ-साथ खर्च भी बढ़ेगा, लिहाजा युद्ध किसी भी देश के लिए फायदेमंद स्थिति नहीं है। भारत अपनी 80 फीसदी से अधिक ऊर्जा-जरूरतों के लिए आयात पर ही निर्भर है, लिहाजा यहां कोई भी व्यवधान तेल की कीमतों, शिपिंग लागत और बीमा बढ़ने का कारण बनेगा।

> दुनिया के जिन देशों में तेल और गैस की आपूर्ति की जाती है, करीब 20 फीसदी आपूर्ति ईरान ही करता है। इजरायल-ईरान युद्ध भड़कने से तेल की कीमतें करीब 7 फीसदी बढ़ चुकी हैं। निवेशक और तेल कंपनियां चिंतित हैं कि यह युद्ध कब तक चलेगा?

भारत का ईरान के साथ कारोबार 14,246 करोड़ रुपए और इजरायल के साथ 27,608 करोड़ रुपए का है। 2024-25 में भारत ने ईरान को 1.24 अरब डॉलर का माल निर्यात किया था और 44.19 करोड़ रुपए का आयात किया। इजरायल को 2.15 अरब डॉलर का निर्यात और 1.61 अरब डॉलर का आयात किया। ईरान इस जलमार्ग को बंद करने की धमकी पहले भी दे चुका है और अब तो युद्ध के हालात हैं। होर्मुज से ही दुनिया के तेल-परिवहन का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ईरान 33 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का उत्पादन करता है। एक फ्रेंच बैंक के मुताबिक, ईरान का तेल-निर्यात गिर कर 16 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया है। उसकी उत्पादन क्षमता से बिल्कुल आधा उसका निर्यात हो गया है।

मौजूदा हालात में विशेषज्ञों के आकलन हैं कि तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपनी हालिया रपटों में खुलासा किया है कि वैश्विक तेल की मांग घट सकती है। बहरहाल बुनियादी चिंताएं होर्मुज को बंद करने के मद्देनजर हैं। अमरीकी निवेशक संस्थानों के आकलन हैं कि इस रास्ते को बंद किया गया, तो तेल की कीमतें उछल सकती हैं। इन कीमतों का स्थानीय पेट्रोल पंपों पर कितना असर पड़ेगा, यह सरकार के फैसले पर है, क्योंकि कच्चा तेल सस्ता हुआ था, तो ग्राहकों को रियायत नहीं दी गई थी। बहरहाल ईरान और इजरायल दोनों देशों के साथ भारत के महत्वपूर्ण संबंध हैं। यह आर्थिक लहर वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

# मनोभावों की घाटी...



जब-जब किसी व्यक्ति के जीवन में कोई महान लक्ष्य आ जाता है... तब-तब वह व्यक्ति वास्तव में वंदनीय बन जाता है...उसकी प्रशस्ति... उसकी कीर्ति... देश-काल-भाषा और समय की सीमाओं को लाँघती हुई समस्त मानव जाति में उसकी प्रतिष्ठा को प्रतिस्थापित कर देती है।

लेकिन इसके विपरीत जब आदमी अपने जीवन में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाता है... तब उसे किसी पशु की भाँति ही जीवन व्यतीत करना पड़ता है... यदि किसी का जीवन खाना-पीना और मौज उड़ाना ही है तो फिर किसी ऐसे इंसान की और किसी जानवर की जिन्दगी में भला फर्क ही कहाँ है...?

कभी किसी किसान के बैल की जिंदगी देखो... एक ही खूंटे से बंधा रहता है... सुबह-शाम बढ़िया चारा भी किसान उसे देता है... कि मस्त रह... तगड़ा रह... और जब तक जिये मेरे खेत जोत... खाता-पीता बच्चे पैदा करता वह बैल अंततः एक रोज ऐसे ही मर जाता है... कभी किसी तेली के कोल्हू में बंधे बैल की जिदंगी देखो... आँखों में काली पट्टी बाँधे जिंदगी भर कोल्हू में तेल पेरने को चक्कर पर चक्कर काटता है... खाता-पीता-बच्चे पैदा करता हुआ अंततः एक रोज ऐसे ही मर जाता है...

कुत्ता तो आखिर कुत्ता ही है... चाहे गली का आवारा जूठा खाने वाला और दुत्कार के साथ डंडे पर डंडा खाने वाला कुत्ता हो... या कि... मेम साहब की गोद पर चढ़कर दूध-बिस्किट खाने वाला कुत्ता हो...

क्या फर्क पड़ता है... आखिर पशु का जीवन तो पशुवत ही बीतता है ना...!! तो क्यों न हम सब सीखें पुरुषार्थ से पूर्ण... पुरुषवत जीवन जीना...

नेपोलियन बोनापार्ट फ्रांस का विश्व प्रसिद्ध सेनापति हुआ है... दुनिया भर में उसकी ख्याति आज भी है और फ्रांस का तो वह जननायक ही है... किशोर उम्र का नेपोलियन बाल सुलभ जिज्ञासा के साथ एक रोज एक ज्योतिषी के पास जा पहुँचा और बोला... बतलाओ कि मैं सेनापति बनूँगा कि नहीं... ज्योतिषी ने उसका हाथ देखा और कहा कि नहीं... अगर तुम बहुत कोशिश करो तो शायद फौज में सिपाही बन जाओ...

बालक नेपोलियन ने ज्योतिषी से पूछा भला बतलाओ तो हाथ में सेनापति बनने की रेखा कहाँ होती है...




ज्योतिषी ने उसके हाथ में अंगुली फेरते हुए कहा यहाँ...नेपोलियन ने झट से अपनी कमर में खुसी हुई छुरी निकाली... और उस स्थान पर अपने चाकू को गड़ाकर रेखा खींच दी... छोटे से नेपोलियन के हाथ से खून बह रहा था... ज्योतिषी मुंह बाये हक्का-बक्का था...

नेपोलियन ज्योतिषी से बोला... ''अब तो मैं सेनापति बनूंगा ना...!!'' ज्योतिषी बोला... ''हाँ अब तो तेरी दृढ़ इच्छा शक्ति के आगे ऊपर वाला भी तुझे सेनापति बनने से नहीं रोक सकता...'' जमाना गवाह है कि नेपोलियन विश्व भर के सर्वश्रेष्ठ सेनापतियों में से एक था...

लक्ष्य की महानता और उसकी प्राप्ति की दृढ़ संकल्पता ही मनुष्य को महान बनाती है... सिर्फ जीवन जीना... घर-गृहस्थी चलाना ही तो जिंदगी नहीं है...?

इसके विपरीत संसार में ऐसे लोग भी हैं जो भाग्यवश अपनी शक्ति से अधिक पा जाते हैं किन्तु उसका भोग नहीं कर पाते... और फिर... उनके द्वारा संचित सुख-साधनों का भोग दूसरे ही लोग करते हैं... ऐसे पैसे वाले बहुत से धनी लोग हैं... जिनके पास ढेर सारी दौलत है लेकिन खाना उन्हें बिना घी की सूखी रोटी और मूंग की दाल ही पड़ती है क्योंकि सेहत उनके भाग्य के विपरीत ही रहती है...

समय की महत्ता पहचानना... शुभ संकल्पों की शक्ति... दृढ़ इच्छा शक्ति प्राप्त कर लेना यह ऐसे गुण हैं जो हर किसी को प्राप्त नहीं होते जब तक उसके ज्ञान चक्षु न खुल जायें तब तक यह संकल्पों का खजाना हर किसी को नहीं मिलता...

किसी गांव में एक साधु भिक्षा मांगने रोज जाता था... और वह देखता था कि एक नवयुवक आलस्यवश नीम के पेड़ के नीचे खाट डालकर फटे-पुराने कपड़े पहने दिन भर पड़ा रहता था... न कोई उससे बोलता... न वह किसी से बोलता... आँखें बंद किये दिन भर सोता रहता... एक दिन साधु उस पर मेहरबान हुआ... सोचा आज इसे ज्ञान का पाठ पढ़ाया ही पढ़ाया जाये...

साधु उस आलसी युवक के पास खड़ा हो जोर-जोर से उसे जगाने लगा... बामुश्किल आलसी ने आँखें खोली... बोला क्या है...? साधु बोला ऐसे क्यों लेटे रहते हो दिन भर... आलसी बोला तुझे क्या...? साधु ने बहुत आरजू-मिन्नतें की... समझाया-बुझाया तब वह आलसी साधु से बातें करने को तैयार हुआ... साधु बोला... क्यों ऐसे दिन-रात पड़े रहते हो... कुछ काम किया करो... आलसी बोला आराम भी तो एक काम है... वही तो दिन-रात करता हूँ... साधु ने कर्म की महत्ता पर लम्बा ज्ञान बखाना... कुछ करो खेती करो चाहे नौकरी करो... आलसी प्रमादवश बोला उससे क्या होगा...? साधु बोला उससे पैसे मिलेंगे... आलसी बोला उससे क्या होगा...? साधु बोला... अच्छे कपड़े बनवाना... अच्छा घर बनवाना... शादी करना... बच्चे पैदा करना...

आलसी बोला उससे क्या होगा... बच्चों से क्या फायदा... दिन भर की चौबीसों घंटों की चिल्ल-पों... नींद में खलल पड़ेगा... क्या फायदा...? साधु ने समझाया... तेरे बच्चे बुढ़ापे में तेरी सेवा करेंगे तू आराम से रहेगा... बच्चे तेरे काम करेंगे और तू आराम करेगा...!

आलसी बोला... अरेSS बाबा... वही आराम तो मैं कर रहा हूँ... काहे बुढ़ापे तक इंतजार करूँ... जब आराम ही करना है तो अभी काहे न करूँ... साधु भी आलसी के प्रमाद के आगे निरुत्तर होकर भाग उठा...

अंततः मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि... चौरासी लाख योनियों में हम हिन्दू लोगों की मान्यता के अनुसार जीवन व्याप्त है... किन्तु फिर भी भगवान ने सिर्फ और सिर्फ मनुष्य को ही यह शक्ति प्रदान की है कि वह अपना कोई लक्ष्य अपने जीवन को सफल बनाने के लिए निर्धारित करे... क्योंकि शेष सभी योनियों के प्राणी अपने-अपने जीवन को खाली जीने के लिये जीते हैं... जबकि मनुष्य अपने जन्म और जीवन को धन्य करने के लिए... सफल करने के लिए जीता है... और ऐसा वह तभी कर पाता है जब वह अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है तब उसकी सुगन्ध... उसके सफल कर्मों की सुरभि दिग-दिगंतों में ऐसे फैल जाती है... जैसे...

**बूटा-बूटा महक उठा है,**
**पत्ती-पत्ती खड़की है,**
**फिर कोई विचार कौंधा है,**
**फिर कोई माथे की नस तड़की है।**
**था कोई तनाव मन में,**
**जो अब शक्ल ले रहा रचना की,**
**खुलने लगे बंद दरवाजे**
**खुली सृजन की खिड़की है।**
**भाषा से आगे जाकर**
**मनोभावों की भाषा जागी है,**
**'विन्ध्यांचल' हो या 'अरावली'**
**या 'सोहागी' घाटी हो**
**नहीं कुछ भी कठिन चढ़ना,**
**जितना मनोभावों की घाटी है।**

मैंने आपको तीन अलग-अलग प्रकार की कथाएँ बतलाई हैं.. एक तो नेपोलियन की जिसमें भाग्य ने हाथ में सेनापति बनने की लकीरें नहीं दी थीं... लेकिन उसकी दृढ़ इच्छा शक्ति ने उसके भाग्य को परास्त कर उसे विश्व के सर्वश्रेष्ठ सेनानायकों में स्थान दिया... दूसरे जिनका भाग्य उन्हें क्षमता से ज्यादा दे देता है... किन्तु उन सुख-साधनों का वह उपयोग नहीं कर पाते हैं... तीसरी कथा उस भ्रमित... प्रमादी... आलसी युवक की जिसने आलस्य में ही अपना अनमोल जीवन गंवा दिया और हर तर्क को अपने कुतर्क से काट दिया... हर ज्ञान को अपने अज्ञान से ढंक दिया...

हर व्यक्ति के जीवन की सफलता और असफलता इसी पर निर्भर करती है कि... उसका लक्ष्य क्या है...? उसके जीवन की संकल्प शक्ति कितनी मजबूत है... दृढ़ है... और अपने स्व आलस्य... भ्रम व प्रमाद को वह अपने जीवन से कैसे दूर करता है... मानव जीवन में भाग्य से भी अधिक कर्म प्रधान है...

**सकल पदारथ है जग माहीं।**
**कर्म हीन नर पावत नाहीं।।**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# बिना बाधा के बिजली आपूर्ति में पवन ऊर्जा क्षेत्र महत्वपूर्ण

ऊर्जा उत्पादन

मुकुंद



देश में बिना बाधा के बिजली आपूर्ति में पवन ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इस दिशा में मोदी सरकार पूरी ईमानदारी से प्रयासरत है। सरकार मानती है कि इस क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। इनसे पार पाने के बाद ही स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सकता है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जामंत्री प्रह्लाद जोशी ने बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में पवन ऊर्जा क्षेत्र के लिए तीन चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, हमें 24 घंटे बिजली और ग्रिड स्थिरता प्रदान करने के लिए पवन को सौर और भंडारण (बीईएसएस) के साथ जोड़ना होगा। दूसरा, शुल्क प्रतिस्पर्धी होना चाहिए। 3.90 रुपये प्रति यूनिट की दर बहुत अधिक है। हमें लागत कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। तीसरा, घरेलू विनिर्माण को और अधिक कुशल बनना होगा। साथ ही अपने लक्ष्यों को पूरा करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहन भी देना होगा। वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित सम्मेलन के संदर्भ में भारत सरकार की विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार के निरंतर नीतिगत समर्थन से पवन ऊर्जा क्षेत्र ने पर्याप्त वृद्धि प्रदर्शित की है। पवन ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति के केंद्र में है। वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए भारत को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता है, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, पवन ऊर्जा हो या ऊर्जा का कोई अन्य स्वरूप हो। भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। पवन ऊर्जा अक्षय ऊर्जा रणनीति का घटक नहीं है, लेकिन यह इसके दिल में है और आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है। प्रधानमंत्री ने हमें विनिर्माण के लिए अक्षय ऊर्जा और घरेलू खपत के लिए पारंपरिक ऊर्जा का एक दृष्टिकोण दिया है। ताकि जब भारत निकट भविष्य में वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन जाए, तो वह अक्षय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में सक्षम हो सके। भारत में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इसकी विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता है और यह तीसरा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि भारत 10 वर्ष में अक्षय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा, लेकिन आज यह एक वास्तविकता है। सरकार इस क्षेत्र को पूरी गंभीरता से सहायता प्रदान कर रही है। इस वर्ष अक्षय ऊर्जा बजट में 53 प्रतिशत यानी 26,549 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा को दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग की ओर संक्रमण अपरिहार्य है। राज्यों को इस संक्रमण का नेतृत्व करना चाहिए। भूमि की उपलब्धता और पारेषण में देरी को दूर करना होगा। यह संकोच का समय नहीं है, यह कार्यान्वयन का समय है। यह गर्व की बात है कि भारत 225 किलोवाट से लेकर 5.2 मेगावाट तक की क्षमता वाले पवन टर्बाइनों का निर्माण कर रहा है। इसमें 14 कंपनियां 33 मॉडल तैयार कर रही हैं। यह टर्बाइन हमारी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और वैश्विक स्तर पर लागत-प्रतिस्पर्धी भी हैं। राष्ट्रीय पवन ऊर्जा क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता होगी। इसलिए पांच प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके तहत मध्य प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा जैसे नए राज्यों में विस्तार किया जाएगा। गुजरात और तमिलनाडु में चार गीगावाट के लीजिंग क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। भंडारण से जुड़े व्यावसायिक मॉडलों के माध्यम से चौबीसों घंटे चलने वाली और दृढ़ हरित ऊर्जा रणनीतियों में पवन ऊर्जा को एकीकृत किया जाएगा। ग्रिड का आधुनिकीकरण किया जाएगा। परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा के प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित पूर्वानुमान में निवेश किया जाएगा। पूरी पवन ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन समय की जरूरत है। जोशी ने कार्यक्रम में पवन ऊर्जा रूपरेखा और विनिर्माण कार्ययोजना पर रिपोर्ट भी जारी की। इस रिपोर्ट में मजबूत और आत्मनिर्भर पवन ऊर्जा इको सिस्टम पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने सुखद यह है कि कर्नाटक 1331.48 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद तमिलनाडु (1136.37 मेगावाट) और गुजरात (954.76 मेगावाट) का स्थान है।

> वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए भारत को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता है, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, पवन ऊर्जा हो या ऊर्जा का कोई अन्य स्वरूप हो। देश में बिना बाधा के बिजली आपूर्ति में पवन ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। भारत के पास विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता है।

प्रसंगवश

# पाक की हकीकत आई सामने भारत की दलील पर लगी मोहर

आखिरकार भारत की चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाकिस्तान को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, हकीकत बनती नजर आ रही है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। अब वैश्विक वित्तीय कार्रवाई कार्य बल यानी एफएटीएफ, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण गतिविधियों के लिए वैश्विक निगरानी संस्था है, ने अंततः पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आतंकवाद के लिए फंडिग के रिकॉर्ड की निगरानी करने वाली इस संस्था ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा। उल्लेखनीय है कि पाक को वर्ष 2022 में इस सूची से हटा दिया गया था। दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन को मनाने में सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाकिस्तान को करना पड़ेगा। यह विडंबना ही कि पश्चिमी देश अपने स्वार्थों के लिये आतंकवाद पोषण की परिभाषा ही बदल देते हैं। उन्हें मानवता के प्रति अपराध करने वाले देश अपने निहित स्वार्थों के चलते पाक-साफ नजर आने लगते हैं। भारत समेत अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी तब हैरान हुई जब आईएमएफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये संतोषजनक प्रगति की है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने बेनकाब किया। भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाकिस्तान का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा। दरअसल, पाकिस्तानी हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं। भारत ने इस खतरे का हवाला देते हुए विश्व जनमत को हकीकत से अवगत कराने का प्रयास किया है। अब यह एफएटीएफ के कर्ता-धर्ताओं के विवेक पर निर्भर करता है कि वे पाक के खतरनाक मंसूबों को कितनी जल्दी भांपने में कामयाब हो सकते हैं। एक ओर पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का हवाला देकर अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहा है, तो दूसरी ओर उसने अपनी रक्षा मद पर बीस प्रतिशत व्यय बढ़ा दिया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान इस रक्षा बजट वृद्धि का सारा पैसा राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च नहीं करेगा। धन के किसी भी दुरुपयोग का पता लगाने के लिये उसके नियमित खर्च की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को करनी चाहिए। भारत को निगरानी करने वाली वैश्विक संस्था को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वह आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क को खत्म करने के पाकिस्तान के दावे की हकीकत पता लगाए। अब वित्तीय कार्रवाई कार्य बल यानी एफएटीएफ को इस बात पर जोर देना चाहिए कि पाकिस्तान की कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित हो ताकि पाकिस्तान एक बार फिर से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम न दे सके।

> भारत ने विश्व को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो प्रयास किए थे, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। एफएटीएफ ने कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।'

## ।।गीता।।



**श्लोक : तद्**
**बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः ।**
**गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ॥**

**भावार्थ :**
जिनका मन तद्रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तद्रूप हो रही है और सच्चिदानन्दघन परमात्मा में ही जिनकी निरंतर एकीभाव से स्थिति है, ऐसे तत्परायण पुरुष ज्ञान द्वारा पापरहित होकर अपुनरावृत्ति को अर्थात परमगति को प्राप्त होते हैं ।

जीवन दर्शन

# निर्भीक, निडर, और परम सत्य के लिए समर्पित बनो



कबीर दास का जीवन आत्मबोध और क्रांतिक आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। कबीर एक ऐसे विरल संत थे जिन्होंने न धर्म को पूजा समझा, न ही जाति-पाँति को जीवन का आधार। उन्होंने तत्कालीन समाज की जड़ता, पाखंड और खोखले कर्मकांड पर प्रहार किया और सत्य को प्रत्यक्ष अनुभव से जाना। कबीर की वाणी सीधे अंतःकरण को छूती है क्योंकि उसमें किसी परंपरा का अनुकरण नहीं, बल्कि भीतर के सत्य का निर्भीक उद्घाटन है। कबीर ने किसी भी पवित्र ग्रंथ या पुरोहित को अंतिम सत्य का माध्यम नहीं माना, बल्कि कहा कि मस्जिद चढ़ि-चढ़ि मुल्ला पुकारे, क्या बहरा हुआ खुदाय? यह केवल आलोचना नहीं, आत्मा की स्वतंत्रता की घोषणा है। कबीर के जीवन की एक विशेषता थी उनका 'मूल्यविहीन' जन्म – न वे ब्राह्मण थे, न किसी बड़ी जाति से। उनका जनम ही इस बात का प्रतीक था कि आत्मा न जात देखती है, न कुल। कबीर का जीवन एक आंतरिक क्रांति का उदाहरण है, जहाँ उन्होंने किसी संस्था, धर्मग्रंथ या गुरु को अंधानुकरण नहीं किया, बल्कि सत्य की खोज अपने अनुभव और साधना से की। कबीर की वाणी में जो तीव्रता है, वह आज के युग में भी उतनी ही प्रासंगिक है। जब कबीर कहते हैं- पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित न बन्या कोय , तो वे समस्त अकादमिकता और सूखी विद्वता को नकारते हैं। कबीर केवल कवि या संत नहीं थे, वे चेतना के विद्रोही थे। उन्होंने सत्य को जिया, कहा नहीं। उनके लिए 'राम' भी कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि चेतना की परम स्थिति थी। और यही शिक्षा आज के व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण है – बाहर नहीं, भीतर खोजो। कबीर की तरह बनो – निर्भीक, निडर, और परम सत्य के लिए समर्पित।

**आचार्य प्रशांत**

## संक्षिप्त खबरें

### 13 पंचायत सचिवों का किया गया तबादला

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल की 222 ग्राम पंचायतों में सालों से जमे पंचायत सचिवों का ट्रांसफर किया जा रहा है। बुधवार को 13 पंचायत सचिवों की ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई। बता दें इस सप्ताह लगभग 43 पंचायत सचिवों की ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई है। यह सभी जिले की विभिन्न पंचायतों में सालों से जमे थे। स्थानांतरित हुए पंचायत सचिवों को पुरानी पंचायत से कार्यमुक्त होने और नवीन पंचायत में ज्वाइन के बाद भी वेतन भत्ते व अवकाश की सुविधा मिल सकेगी। गौरतलब है कि 10 जून को जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने 30 पंचायत सचिवों की स्थानांतरण लिस्ट जारी की थी।

**दो सप्ताह में संभालना होगा काम :** स्थानांतरित होने वाले पंचायत सचिवों को नई पंचायत में दो सप्ताह के भीतर कामकाज संभालकर लिखित में अपनी उपस्थिति की जानकारी देना होगी। यदि किसी पंचायत सचिव का स्थानांतरण ऐसी ग्राम पंचायत में हो जाता है, जहां उनके रिश्तेदार पंचायत के पदाधिकारी होंगे तो उनका स्थानांतरण स्वतः ही निरस्त माना जाएगा। किसी पंचायत सचिव का पैतृक गांव या ससुराल में स्थानांतरण हो जाता है, तो उनका स्थानांतरण स्वतः ही निरस्त माना जाएगा।

### प्रदेश स्तरीय गौ-शाला सम्मेलन 20 जून को

**विसं, भोपाल।** प्रदेश स्तरीय गौ-शाला सम्मेलन का आयोजन 20 जून शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से मुख्यमंत्री निवास प्रांगण भोपाल में किया जायेगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गौ-शाला संचालकों एवं प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव ने बताया कि सम्मेलन में गौ-शालाओं में गौवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 50 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। आचार्य विद्यासागर जीव दया गौ-सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गौ-शालाओं एवं संस्थाओं को गौ-सेवा पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा।

### बिना सहमति बदले जा रहे मीटर, उपभोक्ता परेशान

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में बिजली उपभोक्ताओं के घरों में पुराने मीटर को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। आधे शहर में मीटर लग चुके हैं आधे में बिजली कंपनी द्वारा इस प्रक्रिया को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। हालांकि, कई क्षेत्रों के उपभोक्ता मीटर बदलने का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि बिना सहमति के मीटर बदला जाना अनुचित है और इससे उन्हें परेशानी हो रही है। विरोध करने वाले उपभोक्ताओं का तर्क है कि स्मार्ट मीटर की वजह से बिजली कटने की समस्या उत्पन्न हो सकती है और बिजली का बिल भी ज्यादा आता है। वहीं कानूनी विशेषज्ञ लोयर श्रीश श्रीवास्तव का कहना है कि बिजली कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ता की सहमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बिजली कंपनियों को अधिकार है कि वे अपने तकनीकी सुधार के तहत किसी भी उपभोक्ता के घर में स्मार्ट मीटर लगा सकती हैं। साथ ही स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी भी नहीं होती है। बिजली कंपनियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर रियल टाइम डाटा प्रदान करते हैं, जिससे उपभोक्ता अपनी खपत पर नियंत्रण रख सकते हैं और सिस्टम में पारदर्शिता आती है। इसके अतिरिक्त, मीटर रीडिंग में मानवीय त्रुटियों की संभावना भी खत्म हो जाती है। विरोध के बावजूद, कंपनियों द्वारा मीटर बदले जाने की प्रक्रिया जारी है।

# संगठन सृजन की बैठक में लात-घूंसे चलने पर पीसीसी नाराज, दिल्ली ने मांगी रिपोर्ट

## जीतू पटवारी ने कहा-अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने संगठन का सृजन करने में जुटी प्रदेश कांग्रेस में लात -घूसे चलने की घटना ने पार्टी को परेशान कर दिया है। घटना को लेकर जहां प्रदेश नेतृत्व ने नाराजगी जताई है, वहीं एआईसीसी ने घटना की रिपोर्ट तलब की है। इधर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह तो इस दल की पुरानी परिपाटी है। गौरतलब है कि संगठन सृजन को लेकर भोपाल में बुलाई गई बैठक में उस वक्त कांग्रेस के दो गुटों के बीच जमकर लात-घूसे चले, जब राष्ट्रीय पर्यवेक्षक यशोमति ठाकुर बैठक में मौजूद थीं। इस घटना की खबर लगते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दोनों गुटों के नेताओं से बात की है और उन्हें संकेत दिया है कि घटना को हल्के में नहीं लिया जाएगा, बल्कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तय है। उन्होंने कह दिया कि कांग्रेस में किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने साफ कहा है कि अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मारपीट करने वाले नेताओं - कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई होगी। जानकारों की मानें तो मारपीट करने वाले कार्यकर्ताओं को एक दो दिन में पार्टी से बाहर किया जा सकता है,जबकि उनके समर्थक नेताओं को नोटिस जारी कर उनसे जवाब लिया जा सकता है।



### दिल्ली भेजी जाएगी रिपोर्ट

बताया गया है कि इस घटना को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी से घटना के संबंध में जानकारी ली गई है। एक दो दिन में प्रदेश कांग्रेस घटना के संबंध में रिपोर्ट दिल्ली भेजेगी। इसमें कार्यकर्ताओं पर पार्टी ने क्या कार्रवाई ही है। इसकी भी जानकारी दी जाएगी। रिपोर्ट के बाद दिल्ली के निर्देश के बाद ही संबंधित नेताओं के बारे में पार्टी निर्णय लेगी।

### भाजपा का तंजः कांग्रेस की बैठक या कुश्ती प्रतियोगिता

घटना को लेकर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस पर तंज कसा है। सोशल मीडिया एक्स पर अग्रवाल ने मारपीट का वीडियो जारी करते हुए लिखा कि कांग्रेस की बैठक या कुश्ती प्रतियोगिता? उन्होंने लिखा कि भोपाल में कांग्रेस का संगठन सृजन अब संघर्ष सृजन बन गया है। जिला कांग्रेस की बैठक में आरिफ मसूद और साजिद अली के समर्थकों के बीच बहस नहीं, सीधे मारपीट हुई। आरोप लगा कि साजिद अलगी ने चुनाव में भाजपा का समर्थन किया। जबाव मिला बैठक में देश भक्तों की जरुरत नहीं। फिर क्या था। बहस, धक्का-मुक्की और कुर्सियां चलने लगा। अब समझ आया कि कांग्रेस में मन की बात नहीं,मुक्कों की बात होती है। अगली बैठक में डॉक्टर आएंगे या पुलिस? इंतजार कीजिए।

### प्रदेश की लाड़ली बहनों को न्याय दिलाने कोर्ट जाएगी कांग्रेसः जीतू

इधर लाड़ली बहना योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।



उन्होंने कहा कि यदि बहनों को योजना के तहत 3 हजार रुपए हर माह नहीं मिलेंगे, तो कांग्रेस कोर्ट का रुख करेगी। पटवारी ने कहा कि अभी बहनों के 1800 रुपए हर माह चोरी हो रहे हैं। 20 लाख बहनों के नाम काट दिए गए हैं। वर्ष 2023 से योजना में पंजीयन नहीं हो रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए 25 से 30 लाख नई बहनें इंतजार में हैं। सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के नाम पर 60 से 70 हजार करोड़ साल का कर्जा लिया जा रहा है। इस मामले में कांग्रेस पार्टी बहनों को न्याय दिलाने न्यायालय जाएगी। ऐसा कर हम अपना राजनीतिक दायित्व निभाएंगे। जो घोषणाएं की भाजपा को उसे पूरा करना चाहिए, जो वह नहीं कर रही है,यह राजनीतिक अपराध की श्रेणी में आता है।

#### कांग्रेस योजना बंद कराना चाहती है : सारंग

इस संबंध में मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि कांग्रेस विवाद पैदा कर योजना बंद करना चाहती है। मध्यप्रदेश सरकार ने लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाई है। अगले महीने रक्षाबंधन से पहले बहनों के खातों में 1500 रुपए आएंगे। कांग्रेस को यदि कोर्ट जाना है, तो चली जाए। यह वही पार्टी है जो योजना बंद करना चाहती है। सारंग ने कहा कि बैगा सहरिया को हमने पैसा देने की योजना शुरू की थी पर कांग्रेस ने सरकार बनाते ही इसे योजना को बंद कर दिया था।

## दिल्ली पहुंचे सीएम, रामनाथ कोविंद व राजनाथ से की भेंट



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार की शाम दिल्ली पहुंचे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित दूसरे वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री दिल्ली में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर की सुपुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए। जहां केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद से भेंट की। नेताओं से अलग-अलग विषयों पर चर्चा की गई। इससे पहले सीएम ने भोपाल में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से उनके शासकीय निवास पर सौजन्य भेंट की। दोनों नेताओं के बीच अगले विधानसभा सत्र को लेकर औपचारिक चर्चा हुई है। यहां से सीएम ग्वालियर पहुंचे, जहां उन्होंने वीरांगना लक्ष्मीबाई को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ. यादव ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अखंड भारत को जागृत करने का कार्य किया था। शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस के इतिहास में लक्ष्मीबाई का स्वर्णिम अध्याय देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। सीएम ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस के अध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

## जनगणना को लेकर राहुल की मुहिम से झुकी सरकारः सिंघार

### क्या चुनाव के पहले जातीय जनगणना पूरी होगी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना को लेकर पूरे देश में अलख जगाई, जिसके सामने केन्द्र सरकार झुकने को मजबूर हो गई और उसे नोटिफिकेशन निकलना पड़ा। सिंघार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने नोटिफिकेशन निकाला, लेकिन 2029 के चुनाव से पहले केंद्र सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि क्या चुनाव के पहले जातीय जनगणना होगी? क्या महिला आरक्षण मिलेगा और क्या चुनाव के पहले परिसीमन होगा? सिंघार ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि जिस तरह की चाल सरकार की समझ में आ रही, उसे देखकर नहीं लग रहा है कि चुनाव के पहले यह सब हो पाएगा। क्योंकि वो पहले से यही कहते आ रहे है कि केंद्र सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। यह सब बिहार चुनाव को लेकर एक लॉलीपॉप है। सिंघार ने प्रदेश सरकार पर घोटालों की जांच न कराने का आरोप लगाते हुए सरकार को गोदड़ी ओढ़ घी पीने वाली बताया। सरकार के नुमाइंदे समस्या और विकास को लेकर बात ही नहीं करते।



विधानसभा में भी यही देखने में आता है। लाडली बहना में 3000 की बात कर चुनाव जीते, लेकिन अब उसकी बात नहीं करते। मूंग के किसानों को कई जगह प्रदेश में प्रदर्शन करना पड़ा। सरकार ने 3100 में धान खरीदने की बात कही, लेकिन नहीं खरीदी। जल जंगल मिशन और जल जीवन मिशन की ये बात करते हैं, जिस पर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। उसमें इतना बड़ा घोटाला हुआ, लेकिन ये उसकी जांच नहीं करना चाहते। मंत्रियों के तुगलकी बयानबाजी पर कोई कार्रवाई नहीं होती। मंत्री गोविंद राजपूत को लेकर परिवहन घोटाले के कागज रजिस्ट्री और कई सबूत सामने आ गए, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। सरकार कुछ करना नहीं चाहती।

## शिक्षक को बनाया सहायक लेखा अधिकारी, डीईओ ने नहीं कराया ज्वाइन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश में शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य कराने पर रोक लगी हुई है। इस संबंध में पूर्व में कई आदेश जारी हो चुके हैं। इसके बाद भी विभाग में अटैचमेंट का खेल जारी है। अब विभाग में शिक्षकों से बाबूगिरी कराने की नई परंपरा डाली जा रही है। शिक्षक पढ़ाने के बजाय उन्हें बाबूगिरी के पदों के विरुद्ध पदस्थापना के आदेश जारी किए जा रहे हैं। शिक्षकों को सहायक लेखा अधिकारी बनाया गया है। भोपाल जिले में उच्च माध्यमिक शिक्षक मीना नागले की नियुक्ति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमा विहार से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भोपाल में सहायक लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश मंत्रालय से उप सचिव कमल सोलंकी ने ऑफलाइन जारी किया है। यह स्थिति तब है, जब डीईओ कार्यालय में सहायक लेखा अधिकारी का पद स्वीकृत नहीं है। मीना नागले जब डीईओ कार्यालय में आमद देने पहुंची, तो डीईओ नरेंद्र कुमार अहिरवार ने पद नहीं होने का हवाला देते हुए ज्वाइन कराने से इंकार कर दिया। डीईओ ने संचालक लोक शिक्षण को पत्र भी लिखा है।

### फॉलन आउट अतिथि विद्वानों को मिलेगा च्वाइस फिलिंग का मौका

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग में कालेजों में स्थानांतरण से पहुंचे प्रोफेसरों के चलते फॉलन आउट होने वाले अतिथि विद्वानों को पोर्टल पर च्वाइस फिलिंग कराई जाएगी। इस संबंध में आयुक्त ने आदेश जारी किए हैं। ऐसे अतिथि विद्वान जो स्थानांतरण से आए प्रोफेसरों से फॉलन आउट हुये हैं और पदों पर कार्य करने के लिये यूजीसी के विनियम 2018 एवं समय-समय पर किये गये संशोधन पर उल्लेखित मापदंडों की योग्यता रखते हैं, उनके लिए पोर्टल पर च्वाइस फिलिंग करना होगी। विभाग द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मैरिट में आने की स्थिति में कालेज का आवंटन एवं कालेज में आमंत्रण बाद न्यायालयीन प्रकरणों में पारित अंतिम निर्णय के अध्याधीन रहेगा।

## कर्मचारियों के लिए बनाए पदोन्नति नियम पर सभी संगठन एकराय नहीं

### कुछ बोले सभी को अवसर मिलेगा, तो कुछ ने कोर्ट जाने के दिए संकेत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पिछले 9 साल से अपनी पदोन्नति के लिए परेशान अधिकारी कर्मचारियों के लिए सरकार ने लोकसेवा पदोन्नति नियम तो बना दिए, लेकिन इसे लेकर कुछ कर्मचारी संगठन नाराज बताए जा रहे हैं और उनके द्वारा कोर्ट का रुख भी किया जा सकता है। हालांकि कुछ संगठन ने नए नियमों को सराहा है। गौरतलब है कि सीएम ने अपने वायदे के मुताबिक पदोन्नति नियम को कैबिनेट में पारित कराकर इसका रास्ता साफ कर दिया। लेकिन कुछ कर्मचारी संगठनों ने इसे उपयुक्त नहीं माना है।

सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी -कर्मचारी संस्था (स्पीक) ने सरकार के इस फैसलो को सामान्य वर्ग का विरोध बताया है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन ने फैसले को लेकर कहा कि सरकार ने कुछ नया नहीं किया है, जो वर्ष 2016 से चल रहा है। सरकार ने उसे ही बरकरार रखा है। संगठन का कहना है कि सरकार ने जो नए नियम बनाए हैं, उनसे कुछ फायदे है, लेकिन आरक्षण की पुरानी व्यवस्था को लागू करने से विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। एसटी को 20 प्रतिशत और एससी वर्ग को 16 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। ऐसा ही नियम 2002 में भी बनाया गया था, जिसका विरोध न्यायालय तक पहुंचा था और मामला उच्च न्यायालय में जाने के बाद पदोन्नति में आरक्षण पर रोक लगा दी गई थी। इधर अजाक्स संगठन ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि नौ साल से पदोन्नति रुकी हुई थी, जिससे सभी वर्गों के अधिकारी कर्मचारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा था। अब सरकार के नए नियम से सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्रालय अधिकारी संघ ने भी इस निर्णय पर असंतोष जताया है। संघ का कहना है कि सरकार के नई पदोन्नति नीति में पुराने नियमों को ही नए तरीके से पेश किया गया है। आरक्षित वर्ग के लोगअनारक्षित पदों पर पदोन्नत हो रहे थे,जिससे उच्च पदों पर तकरीबन 100 फीसदी पद आरक्षित वर्ग के पास पहुंच गए थे। संघ ने सवाल किया कि सरकार ने वर्ष 2016 से पदोन्नति क्यों नहीं दी। जबकि न तो इस मामले में कोर्ट ने रोक लगाई थी और न ही सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ऐसे कोई नियम बनाए गए थे। तकरीबन डेढ़ लाख कर्मचारी अधिकारी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो गए,जबकि वे पदोन्नति के हकदार थे। सरकार चाहती तो 2016 से काल्पनिक पदोन्नति देकर कर्मचारियों के नुकसान की भरपाई कर सकती थी।

## सिकल सेल पर उत्कृष्ट कार्य करने वालीं पंचायतें की जाएंगी पुरस्कृत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विश्व सिकल सेल दिवस पर गुरुवार को इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। बड़वानी में 19 जून को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहेंगे। बड़वानी के ग्राम पंचायत तलून स्थित खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नवाचारों की शुरुआत होगी। जिनमें जेनेटिक काउंसलिंग जागरूकता वीडियो व प्रभावित गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक दिशा निर्देश और मॉड्यूल शामिल हैं। लक्षित आयु वर्ग की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। मप्र-छग के एनसीसी निदेशालय के सहयोग से सिकल सेल मित्र पहल की शुरुआत की जायेगी। सिकल सेल मित्र सेवा प्रदाताओं के बीच लिंक के रूप में कार्य करेंगे।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने की प्रदेश सरकार की सराहना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस' पर मप्र सरकार के प्रयास की सराहना की है। उन्होंने संदेश में कहा कि विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि सभी देशवासी स्वस्थ हों। स्वस्थ नागरिक ही जीवन, राज्य और देश की प्रगति में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने भारत को सिकल सेल एनीमिया मुक्त बनाने सभी से एकजुट होकर कार्य करने को कहा। राष्ट्रपति ने बड़वानी में 'विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस' आयोजित करने मप्र सरकार की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली सिकल सेल एनीमिया, भारत में जनजातीय आबादी को विशेष रूप से प्रभावित करती है।

## कामकाज सुधारने 128 रेंजरों का हुआ तबादला

**भोपाल।** प्रदेश के सामान्य वन मंडल, टाइगर रिजर्व, अभयारण्य और अन्य दफ्तरों में कार्यरत 128 रेंजरों का तबादला किया गया है। बुधवार शाम को जारी लिस्ट के अनुसार प्रशासकीय कार्य की सुविधा को देखते हुए विभिन्न रेंजरों का तबादला किया गया है। बता दें कि ट्रांसफर लिस्ट जारी होने के बाद वन विहार राष्ट्रीय उद्यान को दो नए रेंजर मिले हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला में पदस्थ सीता जमरा, सिलवानी में पदस्थ रविन्द्र सिंह अब वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में अपनी सेवाएं देंगे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया में पदस्थ रुचिका तिवारी को पर्यावरण वानिकी वनमंडल में परिक्षेत्र अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य वन मंडल नीमच में पदस्थ शरद जाटव अब भोपाल स्थित राज्य स्तरीय टाइगर फोर्स के कार्यालय में सेवाएं देंगे।

## खेल अधिकारी और ग्रंथपाल को शिक्षक संवर्ग में लेकर 65 वर्ष में हो रिटायरमेंट

### प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की बैठक में उठी मांग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** नूतन कालेज में प्रांतीय शासकीय महाविद्यालीयन प्राध्याक संघ की बैठक आयोजित की गई। इसमें करीब एक दर्जन मुद्दों पर चर्चा कर शासन को अवगत कराने पर निर्णय लिया गया। इस संबंध में वर्ष 2004 एवं 2005 में बैकलांग से नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर की परीवीक्षा विसंगति तथा उन्हें कॅरियर एडवांस न दिए जाने पर सदस्यों को भोपाल संभाग अध्यक्ष डॉ. महेंद्र मेहरा ने होने वाले आर्थिक नुकसान तथा मानसिक यंत्रणा से अवगत कराया। समिति ने मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव से समय लेकर उनके संज्ञान में प्रकरण को बाहर शीघ्र समाधान करने के लिए प्रयास का निर्णय लिया है। इसके अलावा शेष पात्र शिक्षकों को पात्रतानुसार प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर पदनाम देने के लिए विभाग से कार्रवाई के लिए कहा गया है। उनकी प्रतिवर्ष वरिष्ठता सूची जारी की जाए। खेल अधिकारी एवं ग्रंथपाल को शिक्षक संवर्ग में लेते हुए 65 वर्ष में सेवानिवृत्ति तथा सीएएस के तहत एजीपी दस हजार दिया जाये। प्रोफेसरों को प्रमोशन पर अतिरिक्त वेतनवृद्धि देने और एरियर्स के एक मुश्त भुगतान हेतु न्यायालयीन प्रकरण संघ की ओर से दायर किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शेष बचे नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसरों की परिवीक्षा शीघ्र समाप्त करने और उन्हें सीएएस का नाम दिलवाने का निर्णय लिया गया।

### भटक रहे सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सेवानिवृत्ति शिक्षकों की ईएल, ग्रेज्युटी तथा जीआईएस के साथ-2 पीपीओ जारी होने में समय लग रहा है। शिक्षकों की 6 माह पहले सेवानिवृत्ति के आदेश जारी कर 6 माह पूर्व ही स्वत्वों के भुगतान की प्रकिया प्रारंभ करने बैठक में शासन से निर्देश जारी करवाने के लिए कार्रवाई की निर्णय लिया गया। सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज करने में कई प्राचार्यों द्वारा शिक्षकों से अवकाश लेने तथा उनका वेतन काटे जाने की कार्रवाई से आयुक्त को अवगत कराकर साप्ताहिक औसत उपस्थिति और पांच घंटे प्रतिदिन रूकने का समय निर्धारित करने के लिए ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। साफ्टवेयर जेएफएमआईएस पर वेतन पर्ची में पदनाम गलत अंकित हो रहा है विभाग से पदों के मेपिंग कराने को कहा जायेगा। नूतन कालेज प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव और भोपाल संयुक्त सचिव ने प्रबंधकारिणी को अवगत कराया कि अधिकांश प्रोफेसर वर्ष 2021 या 2022 के बाद स्टेगनेट हो गये हैं।

**प्रवेश प्रक्रिया** | पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लेने के लिए अब तक कराया पंजीयन

## पिछले साल की अपेक्षा 13 हजार बढ़ा यूजी-पीजी में प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश में स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) एवं एनसीटीई कोर्स में सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में अभी तक करीब एक लाख 33 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इनमें एनसीटीई कोर्स में करीब 14 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है। यूजी में करीब 90 हजार एवं पीजी के लिए करीब 30 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लेकर फीस जमा कर दिया है। कुल 1 लाख 20 हजार विद्यार्थियों ने कालेजों में फीस जमा कर अपना प्रवेश पुख्ता कर लिया है। उच्च शिक्षा विभाग के तहत गत वर्ष सत्र 2024- 25 प्रथम चरण में यूजी और पीजी में 96 हजार और एनसीटीई कोर्स में करीब 11 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। इस प्रकार कुल 1 लाख सात हजार विद्यार्थियों ने कालेजों प्रवेश प्राप्त किया था। पिछले वर्ष की अपेक्षा सभी कोर्स में प्रथम चरण में प्रवेश संख्या में करीब 13 हजार की बढ़ोतरी हुई है।

| प्रवेश की स्थिति | | |
|---|---|---|
| यूजी सीट | : | 5 लाख 54 हजार 901 |
| आवंटन | : | 1 लाख 51 हजार 878 |
| प्रवेश | : | 90 हजार |
| पीजी सीट | : | 1 लाख 94 हजार 825 |
| आवंटन | : | 47 हजार 150 |
| प्रवेश | : | 30 हजार |

### अंतिम दिन तक एक लाख पंजीयन

द्वितीय चरण के पंजीयन के लिए बुधवार अंतिम तिथि थी, पंजीयन के अंतिम दिन शाम 6 बजे तक करीब एक लाख विद्यार्थियों ने पंजीयन कर लिया है। इसमें यूजी में करीब 55 हजार व पीजी में 23 हजार और एनसीटीई कोस्र में करीब 20 हजार विद्यार्थियों ने द्वितीय चरण में पंजीयन कराया है। अब तक कुल पांच लाख 15 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए पंजीयन कर लिया है। पिछले वर्ष दोनों चरणों में कुल 3 लाख 50 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। पिछले वर्ष की अपेक्षा में वर्तमान सत्र में लगभग 2 लाख अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

### 150 कॉलेजों को बैलेंस शीट भेजने 3 दिन की मोहलत

**भोपाल।** प्रदेश में करीब 293 कालेजों में बीबीए और 197 कालेजों में बीसीए कोर्स की पढ़ाई होती है। उक्त कालेजों में से बीसीए के 85 और बीबीए के लिए 118 कालेज मान्यता और संबंधित विवि से संबद्धता लेकर काउंसलिंग में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। 250 कालेजों ने अपनी फीस फिक्स कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर फीस कमेटी में भेज दिए हैं। करीब 150 कालेजों ने फीस का प्रस्ताव तो भेजा, लेकिन उन्होंने अपनी गत वर्ष की बैलेंस शीट ही फीस कमेटी को नहीं भेजी है। इसलिए फीस कमेटी ने उन्हें तीन दिन की मौहलत दी है। उन्हें तीन दिन में अपनी बैलेंस शीट कमेटी में प्रस्तुत करना होगी। ऐसा नहीं करने पर फीस निर्धारित नहीं की जाएगी। इसके चलते वे तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाएंगे और उन्हें प्रवेश नहीं मिल सकेंगे। फीस कमेटी में जमा हुए 100 प्रस्ताव ऐसे हैं, जिनमें कालेजों ने अपनी फीस ही प्रस्तावित ही नहीं की है। क्योंकि कालेज फीस प्रस्तावित करते हैं। इसके बाद फीस कमेटी उसका अध्ययन करने के बाद फीस तय करती है।

#### 68 कॉलेजों ने कमेटी के पास भेजा आर्थिक डाटा

250 कालेजों में से करीब 68 कालेजों ने अपना आर्थिक डाटा फीस कमेटी के साथ साझा किया है। इससे उनकी फीस निर्धारित होने में कमेटी को आसानी होगी। वर्तमान में कमेटी को फीस के प्रस्ताव लगातार मिल रहे हैं। फीस कमेटी आगामी सप्ताह में बीबीए और बीसीए की फीस का निर्धारण करेगी।

## पांच साल से थाने में जमे 11 हजार पुलिसकर्मियों की बदली

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा एक ही थाने में पांच साल से जमे पुलिसकर्मियों को तत्काल हटाने के निर्देश के बाद प्रदेश भर में 11 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। डीजीपी के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) की स्थापना शाखा ने 10 जून को सभी जिलों के एसपी और इंदौर-भोपाल के कमिश्नर को ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों की सूची 16 जून तक पीएचक्यू भेजने को कहा था। आदेश जारी होने के बाद जिलों में सालों से एक ही थाने में जमे आरक्षकों से लेकर सब-इंस्पेक्टर तक की जानकारी जुटाई गई। इन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर किया गया है। सभी जिलों ने अपनी जानकारी पीएचक्यू को भेज दी है। प्रशासन शाखा के विशेष पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार ने बुधवार को बताया कि प्रदेश में एक ही थाने में पांच साल पूरे कर चुके 11 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है।

**अब दागी कर्मचारियों और अफसरों को हटाने की तैयारीः** मंगलवार देर रात पीएचक्यू की प्रशासन शाखा ने एक अन्य आदेश जारी कर प्रदेश के पुलिस थानों और क्राइम ब्रांच में तैनात ऐसे अफसरों को हटाने के निर्देश सभी जिलों को दिए हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं या विभागीय जांच चल रही है। विशेष पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार द्वारा जारी इस निर्देश के बाद अब जिलों के पुलिस अधीक्षक थाने में पदस्थ आरक्षक से लेकर इंस्पेक्टर तक की आपराधिक और विभागीय कुंडली खंगाल रहे हैं। हालांकि, इस आदेश के पालन के लिए पीएचक्यू द्वारा कोई समय-सीमा नहीं दी गई है। पीएचक्यू के पास फिलहाल ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है जिसमें किसी भी पुलिसकर्मी या अफसर के खिलाफ दर्ज आपराधिक केस या अन्य लंबित विभागीय जांचों का ब्यौरा हो। ऐसे में इस निर्देश पर कार्रवाई करने में थोड़ा अधिक समय लगने की संभावना है।

### इंदौर में एक हजार पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर

स्पेशल डीजी आदर्श कटियार के अनुसार, सभी जिलों में पांच साल से एक ही थाने में जमे अफसरों के तबादले की सूचियों के अनुसार, इंदौर नगरीय क्षेत्र में 1000 से ज्यादा ऐसे पुलिसकर्मी पाए गए जो पांच साल से एक ही थाने में तैनात थे। यह आंकड़ा प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद भोपाल नगरीय क्षेत्र में भी ऐसे 700 पुलिसकर्मी मिले, जिनका ट्रांसफर किया है। डीजीपी द्वारा जारी निर्देश में कहा था कि उन पुलिसकर्मियों को भी वर्तमान पोस्टिंग से हटाया जाए जो संबंधित थाने के साथ उसी सर्किल के तहत आने वाले अन्य थाने में 10 साल तक पदस्थ रहे हों, भले ही यह अवधि उनकी अलग-अलग पदों पर रही हो।

### अधिकांश स्टाफ को पुलिस लाइन में किया पदस्थ

डीजीपी लंबे समय से थानों में स्टाफ के कामकाज को लेकर पैनी नजर रखे थे। इस दौरान पुलिस मुख्यालय तक पहुंचने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की जा रही थी। शिकायतों के अनुसार, कई पुलिसकर्मी एक ही पुलिस स्टेशन में लंबे समय से तैनात थे, लिहाजा वे न केवल काम में लापरवाही कर रहे थे, बल्कि उनके खिलाफ हेरफेर और अन्य कर्मचारियों पर हावी होने की भी शिकायतें आ रही थीं, जिन 11 हजार का ट्रांसफर किया है, उनमें अधिकांश को थानों से हटाकर फिलहाल पुलिस लाइन भेजा है। सभी एसपी को निर्देश दिए हैं कि ये पुलिसकर्मी वापस उसी थाने में अगले तीन साल तक किसी भी हालत में तैनात न किए जाएं।

# रातों रात बन गए दो तालाब, सरपंच सचिव ने मारा मजदूरों का हक : गंगा जल संवर्धन अभियान गड़बड़झाला

## मशीनों से तालाब खुदाई में निकली सैकड़ों ट्रॉली रेत को सरपंच सचिव ने बेचा



**जागरण, हरपालपुर**

ग्राम पंचायत स्तर पर मजदूरों को गाँव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मनरेगा एवं अन्य योजनाएं चला रही हैं।लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की लापरवाही के कारण मजदूरों का हक मारा जा रहा है। ऐसा ही कुछ नौगांव जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सरसे में गंगा जलसंवर्धन अभियान के तहत चल रहे तालाब खुदाई कार्य में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। सरपंच और सचिव की मनमानी दिल खोलकर पलीता लगाने का काम कर रही हैं।

प्रदेश सरकार की महत्पूर्ण योजना गंगा जल संवर्धन अभियान में तालाब की खुदाई मजदूरों से काम कराने के बजाय जेसीबी मशीन से खुदाई कराई जा रही है,रातों रात सरपंच सचिव ने मिलीभगत कर दो रातों में दो तालाब खोदकर बना दिए।

ग्राम पंचायत सरसे के ग्राम चपरन के ग्रामीणों की मानें तो दो दिनों से लगातार जेसीबी से तालाब की खुदाई की जा रही है। तालाब खुदाई का वीडियो ग्रामीणों ने बनाकर इस शिकायत करने की बात कही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लेकिन उन्हें काम से दूर रखकर मशीनों से काम कराकर राशि निकाल ली जा रही है। तालाब खुदाई के दौरान निकली मिट्टी मिली रेत को पंचायत द्वारा रेत माफियाओं को बेच दिए जाने का भी आरोप है। सैकड़ो ट्राली मिट्टी मिली रेत का जगह जगह छोटे डंफ लगा कर सरपंच सचिव द्वारा बेचा जा रहा हैं। गंगा जल संवर्धन अभियान की आड़ में सरपंच सचिव निजी लाभ उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में पहले भी फर्जी बिल वाउचर, मनरेगा में फर्जी हाजिरी दिखा कर शासकीय राशि को ठिकाने लगाया गया हैं। सरकार द्वारा भले ही ग्रामीणों को उनके ही गांव में सौ दिन का रोजगार देने के लिए 2005 में मनरेगा योजना लागू की गई थी ताकि गांव के लोगों को गांव में मनरेगा योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा सके और लोगों को रोजी रोटी के अभाव में महानगरों की ओर न जाना पड़े, लेकिन हालात इतने खराब है कि एक तो ग्राम पंचायत सरसे में मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है, निर्माण कार्य बंद पड़े हैं तो वहीं जिन ग्राम पंचायत में रोजगार मूलक कार्य चल रहे हैं उनमें स्थानीय मजदूरों की जगह मशीनों का उपयोग हो रहा है तो वहीं दूसरे गांव के मजदूरों को रोजगार दिया जा रहा है।

### इनका कहना

जीएस पटेल नौगॉव एसडीएम
आप के द्वारा संज्ञान में आया हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कल ही तहसीलदार को मौके पर भेजकर जांच करवाते हैं।

**नौगॉव जनपद पंचायत सीईओ**

---

**डॉ हरीश केसरवानी** ने कहा कि आप के द्वारा जानकारी मिली हैं। उपयंत्री को बोलकर इस मूल्यांकन नहीं कराया जाएगा।

# छतरपुर में कायस्थ समाज का विरोध प्रदर्शन कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के खिलाफ नारेबाजी




**छतरपुर।** प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कथित विवादित टिप्पणी को लेकर कायस्थ समाज का आक्रोश फूट पड़ा। समाज के सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार को सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और मिश्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप है कि कथावाचक ने कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

प्रदर्शन के बाद कायस्थ समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पं. प्रदीप मिश्रा स्वयं चित्रगुप्त मंदिर आकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। समाज का कहना है कि कथावाचक भले ही पहले माफी मांग चुके हों, लेकिन तब भी समाज का आक्रोश शांत नहीं हुआ है, क्योंकि उनकी माफी औपचारिक और अपमानजनक टिप्पणी के अनुपात में अपर्याप्त थी। इस अवसर पर कायस्थ समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद खरे, अरुण देव खरे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस

**जागरण, मंडला।** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैष्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। वर्ष 2015 के संपूर्ण विष्व में योग के प्रति उत्साह भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दषक पूरा हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउन्टडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी किये जाने हैं। सम्पूर्ण प्रदेष में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जाना है। इन कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों (स्कूल षिक्षा/उच्च षिक्षा/चिकित्सा षिक्षा/तकनीकी षिक्षा/आयुष/नर्सिंग/पशु चिकित्सा/कृषि शिक्षा) पॉलेटेक्निक, आईटीआई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगा।

# एसपी ने फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया, कई इनामी आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले में फरार चल रहे वांछित अपराधियों एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निरंतर इनाम की उद्घोषणा की जा रही है। इसी क्रम में हाल ही में कई फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया है।

**इन आरोपियों पर घोषित हुआ इनाम :** थाना बिजावर के दुष्कर्म प्रकरण में आरोपी तेज प्रताप सिंह लोधी (पिता बाला प्रसाद, निवासी ग्राम धर्मपुरा) की गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम। थाना बिजावर के चोरी प्रकरण में आरोपी इरफान खान (पिता शेख लियाकत खान, निवासी शेखों की रगोली, कुलपहाड़, जिला महोबा, हाल निवासी बीडी कॉलोनी छतरपुर) पर 5000 का इनाम।थाना कोतवाली के दुष्कर्म मामले में आरोपी जय सिंह यादव (पिता दयाशंकर यादव, निवासी ग्राम गंगायच) की गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम। थाना लवकुश नगर के तीन अलग-अलग प्रकरणों के तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पर 3000-3000 के इनाम की घोषणा की गई है। गिरफ्तार किए गए इनामी अपराधी पुलिस की लगातार कार्यवाही के तहत हाल के दिनों में विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा कई इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना नौगांव पुलिस ने बंधक/अपहरण प्रकरण में 10000 के इनामी चार आरोपियों पंकज यादव, संजू उर्फ संजीव यादव, राम राजा यादव एवं संदीप विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। थाना प्रकाश बम्होरी में हत्या के मामले में 8000 के इनामी आरोपी सुरेंद्र सिंह को दबोचा गया। थाना सिविल लाइन की चोरी के मामले में 5000 के इनामी आरोपी नीरज अहिरवार (निवासी बाजना) एवं हरभजन यादव (निवासी ढदौरा, थाना बमनोरा) को गिरफ्तार किया गया। थाना ओरछा रोड में हत्या के प्रकरण में 5000 के इनामी आरोपी प्रमोद यादव (पिता रामकृपाल यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 9 छतरपुर) को पकड़ा गया।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय डिंडौरी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**जागरण, डिंडोरी।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय डिंडौरी में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के संकल्प के साथ नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली घरेलू हिंसा, सामाजिक बुराइयों, शारीरिक और मानसिक क्षति जैसे गंभीर परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया तथा सभी को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले में आमजन को नशे से दूर रहने और इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने हेतु एक व्यापक जनआंदोलन के रूप में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा नशे के विरुद्ध युद्ध विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से समाज को नशा त्यागने का प्रभावी संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने नशे से होने वाली सामाजिक, मानसिक और शारीरिक हानियों को रेखांकित करते हुए रचनात्मक चित्रों के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया। कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि एक स्वस्थ, सुरक्षित और प्रगतिशील समाज के लिए नशा मुक्त जीवन आवश्यक है। उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री श्याम सिंगौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की लत ने न केवल कई परिवारों को तो?ा है, बल्कि समाज की संरचना पर भी गहरा असर डाला है। उन्होंने सभी से अपील की कि नशे से दूर रहकर स्वयं, अपने परिवार और समाज को बेहतर बनाया जा सकता है।इस अवसर पर प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।जिला प्रशासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लगातार विविध कार्यक्रमों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश आमजन तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे जन-जन में जागरूकता का वातावरण निर्मित हो रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिंडौरी जिले में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ज्वाइनिंग नहीं होने से बढ़ी परेशानियां, डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, डिंडोरी।** जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों को आज तक स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं कराए जाने के चलते व्यावसायिक प्रशिक्षक/शिक्षक आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर मंगलवार को सभी व्यावसायिक प्रशिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और डीईओ रत्ती सिंह सिंद्राम को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपाव्यावसायिक प्रशिक्षकों ने बताया कि ज्वाइनिंग न होने से न केवल वे बेरोजगारी की स्थिति में आ गए हैं, बल्कि विद्यालयीन गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। स्कूलों में व्यावसायिक विषयों में छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी जा रही है। छात्रों की काउंसलिंग और विषय चयन में भी समस्याएं सामने आ रही हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस स्थिति से वे मानसिक तनाव, आर्थिक तंगी और पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति न कर पाने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के कुछ स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षकों की ज्वाइनिंग करा दी गई है, लेकिन ङ्कञ्जक्र सेन्टम/अपग्रेड एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति अब तक अधर में लटकी हुई है। उनके स्कूलों में उपस्थिति को लेकर भी कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए हैं।

**प्रशिक्षकों की मांग :** सभी व्यावसायिक प्रशिक्षकों की शीघ्र ज्वाइनिंग और उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालयीन गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किया जाए।

**ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद :** जिला अध्यक्ष सुमित नागेश, आंचल वाष्पे, उज्जवला शिवहरे, खुशबू साहू, हुकुम सिंह ठाकुर, बलराम सिंह राजपूत, विजयकांत नंदेहा, प्रियांशा बनवासी, गगन विषयन, ओम प्रकाश, देवेंद्र कुमार साहू सहित आईटी और अन्य ट्रेड के समस्त व्यावसायिक प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# कान्हा टाइगर रिजर्व मे बैगा आदिवासियों के साथ हों रहा अत्याचार



**जागरण, मंडला।** बिछिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरवाड़ा के झीगरा टोला में जन संघर्ष मोर्चा की जन स्वाभिमान यात्रा के दौरान चौंकाने वाले खुलासे ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कान्हा टाइगर रिजर्व का वन अमला बैगा आदिवासियों पर लगातार जुल्म ढा रहा है, और अब तो महिलाएं और बच्चे भी निशाने पर हैं।

**8 माह की बच्ची को छीन ले गए सिपाही, दादा को पीटा गया :** 4-5 जून की सुबह मंगल बैगा अपनी 8 माह की नातिन प्रज्ञा को लेकर नदी किनारे दातून करने गया था। तभी वन विभाग की 25ङ्क30 सिपाहियों की टीम ने दबिश दी और बच्ची को मां समान गौतहरिन बाई ने जबरन छीन लिया। मंगल को पकड़कर महुआ डबरी नाका ले जाया गया, फिर सरही गेट पर उससे मारपीट की गई। आरोप यह भी है कि मंगल से वन्यप्राणियों की मौत का जबरन 'इकबाल-ए-जुर्म' कराने का प्रयास किया गया।

**कतकु बैगा गायब, परिवार बेसुध दारू पिलाकर जंगल ले गए :** 6 जून को गांव लौट रहे कतकु बैगा को भी वनकर्मियों ने रास्ते से उठा लिया। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि उसे शराब पिलाकर जंगल की ओर ले जाया गया, और तब से अब तक वह गायब है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, चार बच्चों के पिता कतकु की पत्नी को यह तक नहीं पता कि उसके पति को जेल भेजा गया या किसी और अनहोनी का शिकार हुआ। वन विभाग की कथित बर्बरता का आलम यह है कि झीगरा टोला के अजय बैगा को जब वन अमला ढूंढने आया तो उसने जान बचाकर गांव से भाग जाना ही बेहतर समझा। 10 जून को गिरानी बैगा को घेरने के बाद पूरा गांव दहशत में है। 18 जून को अंजनिया में जन स्वाभिमान यात्रा के दौरान इन मामलों की जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसे मंडला कलेक्टर को प्रेषित किया गया है।

# मत्स्य विभाग द्वारा बंद ऋतु में कार्रवाई, 160 किग्रा मछली जब्त



**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 18 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है, जिसके अंतर्गत मत्स्योखेट, मत्स्य विक्रय तथा मत्स्य परिवहन आदि गतिविधियाँ प्रतिबंधित हैं। उक्त आदेश के परिपालन में 19 जून 2025, गुरूवार को मत्स्योद्योग विभाग डिंडौरी द्वारा सघन कार्रवाई की गई। प्रभारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री आर.के. चंदेल के नेतृत्व में गठित दल जिसमें श्री विशाल शरणागत, मत्स्य निरीक्षक, श्री बी.के. सिरसाम, मत्स्य निरीक्षक तथा चौकीदार श्री दशरथ प्रसाद वरकडे सम्मिलित थे। जिसमें भानपुर एवं समनापुर मछली बाजारों में निरीक्षण कर कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान कुल 80 किग्रा मेजर कार्प प्रजाति की मछली जप्त की गई।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खजुराहो में आयोजित होगा वृहद योग कार्यक्रम




**छतरपुर।** जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने कलेक्ट्रेट व्हीसी कक्ष में 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खजुराहो में पश्चिमी मंदिर समूह आयोजित होने वाले वृहद योग कार्यक्रम की तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम राजनगर प्रशांत अग्रवाल, डीईओ एवं डीपीसी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे एवं व्हीसी से सीईओ, सीएमओ एवं अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती परिहार ने डीईओ एवं डीपीसी को कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित करने और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष अधिकारी को निर्देश दिए कि योग प्रशिक्षकों द्वारा योगा कार्यक्रम के पूर्व प्रशिक्षण कराएं और कॉमन योगा प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कराएं। जिला पंचायत सीईओ ने डीपीओ महिला बाल विकास को कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कार्यक्रम स्थल पर संपूर्ण कानून व्यवस्था के लिए राजनगर तहसीलदार एवं पुलिस को सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही सीएमएचओ को चिकित्सा दल मय एम्बुलेंस के उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं निरंतर विद्युत आपूर्ति के लिए ईई एमपीईबी को निर्देश दिए और कार्यक्रम में पेयजल व्यवस्था के लिए ईई पीएचई को निर्देशित किया।

# कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री आदि तकनीकि अमला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कार्यों की सतत मॉनीटरिंग करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांष कूमट, एसी ट्राईबल श्रीमति वंदना गुप्ता, जिला षिक्षा अधिकारी मुन्नी बरकडे सहित संबंधित उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनजाति कार्य विभाग, डीईओ, डीपीसी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी अपने विभाग के निर्माण कार्यों की लगातार मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने नैनपुर में शासकीय हाईस्कूल हीरापुर भवन निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैकसिस्टेड करने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि पीजी शासकीय हाईस्कूल सिंगारपुर भवन की गुणवत्ता की पुनः जांच कराएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्यों में प्रगति लाएं। उन्होंने सीएम राईज स्कूल, अतिरिक्त कक्ष, हाईस्कूल, छात्रावास, विभागीय परिसंपत्ति मद आदि हो रहे निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय निर्माण की समीक्षा करते हुए 30 जून तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्रारंभ कराएं। उन्होंने नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों के भूमि आवंटन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि भवन निर्माण के साथ-साथ रेन वॉटर हारवेस्टिंग एवं रिचार्ज पिट आवष्वयक रूप से बनाएं। उन्होंने शासन के अनुबंध शर्तों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा से विलम्बित निर्माण कार्यो वाली निर्माण-फर्म/ठेकेदारों को नोटिस जारी करने निर्देष दिए। बैठक में नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, साईकिल, छात्रवृत्ति, लेपटॉप वितरण तथा नवीन कार्यों की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

# आबकारी विभाग मण्डला की अवैध शराब के विरुद्ध की कार्यवाही



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर महोदय श्री सोमेश मिश्रा जिला मण्डला के निर्देशन मे जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मण्डला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण,परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में वृत मण्डला मे ग्राम पंचायत देवदरा में सहस्त्रधारा के निकट नर्मदा नदी के किनारे मदिरा निर्माण करने वाले अड्डो पर दबिश की कार्यवाही की गई ।जिसमें मदिरा का निर्माण करने वाले विभिन्न अड्डो से कच्ची मदिरा 160 लीटर एवम विभिन्न अड्डो से कुल 190 डिब्बो में भरा लाहन पाया ।लहान को नदी के अंदर प्लास्टिक के डब्बो में छुपा कर रखा गया था ।जिसे पानी से निकालकर विधिवत नष्ट किया गया ।जिसकी कुल मात्रा लगभग 1900 किलोग्राम है ।जप्त मदिरा एवं लहान की कुल अनुमानित कीमत 2,14,000 /-रुपये है ।आबकारी बल को देख आरोपी भाग ख? हुए। अज्ञात आरोपियो के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।मदिरा के अवैध निर्माण में लिप्त आरोपियों की तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरिक्षक गिरिजा धुर्वे, सर्वेश नागवंशी, शैली सैयाम, दुर्जन कुलेश आरक्षक विजय कमलेश, रघुनाथ उइके, महेश पटेल, शंकुतला सैयाम, प्रिया नायडू, कन्हइया उइके, रविन्द्र टेकाम उपस्थित रहे।

# शिविर के जरिए वसूली कार्य में तेजी लाएं : कलेक्टर



## कलेक्टर ने विभाग एवं बैंकवार समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि सभी बैंकर्स अभियान मोड में शिविर के जरिए लंबित वसूली कार्य में तेजी लाएं। साथ ही शिविर के लिए निर्धारित तिथियों में आवश्यक समन्वय के साथ राजस्व अधिकारियों का सहयोग भी प्राप्त करें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विशेषकर बड़े बकायादारों एवं डिफॉल्टर्स का चिन्हांकन कर वसूली अभियान को सफल बनाएं। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त बैंकर्स व संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक मे जिला कलेक्टर द्वारा उक्ताशय के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक समा बानो, नाबार्ड एवं भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने इस अवसर पर आगामी 27 जून को प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर एमपी राइज 2025 कार्यक्रम के दृष्टिगत इस सप्ताह विभाग एवं बैंक स्तर पर अधिकाधिक संख्या में स्वरोजगारमूलक प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण के निर्देश दिए गए। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास की समाप्ति पर 30 जून तक लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। इस दौरान गत वित्तीय वर्ष के अंतिम त्रैमास की बैठक के निर्णयों के अनुमोदन सहित उपलब्धि व कार्यवार समीक्षा भी की गई। गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर जरूरी निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स समानांतर रूप से ऋण वितरण के साथ रिकवरी की अपेक्षा भी की। समस्त विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के स्वीकृति व वितरण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल अवगत कराने तथा विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक को प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंक लिंकेज, नगरीय निकायों के माध्यम से पीएम स्वनिधि के 20 हजार ऋण राशि के प्रकरणों में तेजी से निराकरण, अंत्यावसायी समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सहित पशुपालन एवं डेयरी विभाग व उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं में भी वर्तमान जून माह की समाप्ति तक अनिवार्य रूप से एक तिहाई प्रकरणों के वितरण की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण परिवारों के सदस्यों का उचित रूप से चिन्हांकन कर वास्तविक आवश्यकता वाले एवं जरूरतमंद व्यक्ति को रोजगारमूलक प्रशिक्षण दें और प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के लिए बैंक ऋण प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन व सहयोग भी प्रदान करें। बैंक स्तर पर लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में शिकायतकर्ता से संवाद कर संवेदनशीलता के साथ मामलों के निराकरण के लिए कहा। इसके अलावा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के शिविरों में भी वित्तीय साक्षरता व बैंक स्तर पर संचालित योजनाओं सहित वनाधिकार पट्टेधारी कृषकों को भी प्राथमिकता के साथ केसीसी का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

# पन्ना को हराकर छतरपुर बना विजेता

## छतरपुर और पन्ना के खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**पन्ना ।** पन्ना के पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में अंडर 17 वर्षीय बालक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया लेदर बाल से खेले गए इस टूर्नामेंट का फाइनल पन्ना और छतरपुर की टीम के बीच हुआ जिसमें छतरपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की सूर्य शर्मा ने 36 कार्तिक पांण्डेय की 65 रन की योगदान से छतरपुर ने 203 रन का लक्ष्य रखा पन्ना की ओर से उमंग यादव ने और प्रिंस पाठक ने दो-दो विकेट लिए 203 रन का पीछा करते हुए पन्ना की टीम बहुत ज्यादा रन नहीं बना सकी पन्ना की ओर से शुभ त्रिपाठी ने सर्वाधिक 45 रन बनाए और चिराग ब गोरा ने 25 रन का योगदान दिया, मैन ऑफ द सीरीज राजनगर की गजराज को घोषित किया गया बेस्ट बॉलर छतरपुर की कार्तिक पांडे रहे बेस्ट कीपर का पुरस्कार शुभ पन्ना की शुभ त्रिपाठी को दिया गया बेस्ट फील्डर का पुरस्कार जयराज सिंह परमार को दिया गया, फाइनल में मुकाबला के बाद पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया जिसमें पूर्व सहारा न्यूज पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी,अब्दुल शमी उर्फ बाबू और रश्मि त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया ट्रॉफी प्रधान की, व्यक्तिगत रूप से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को विशेष रूप से गिफ्ट प्रदान किए गए इससे पहले पन्ना तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने टॉस करा कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया,

इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की अ, ब टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा लिया

इस टूर्नामेंट की आयोजक जे के सीमेंट कम्पनी थी। आयोजन पन्ना क्रिकेट अकादमी टीम के सोहेल खान, सूर्यकांत श्रीवास्तव, अंकित अवस्थी ने किया है, अंपायरिंग हर्ष गर्ग और राज परमार ने की इस दौरान प्रमुख रूप से अब्दुल समी अनुज बाल्मीक,केशवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र मिश्रा, मिक्की सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# 30 जून तक पूर्ण कराएं शेष खाद्यान्न हितग्राहियों की ई-केवायसी

**पन्ना ।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत पन्ना जिले के लगभग 97 हजार हितग्राहियों की ई-केवायसी होना अब भी शेष है। आगामी माह से ई-केवायसी पूर्ण कराने वाले हितग्राहियों को ही राशन का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। इस क्रम में पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार राशन प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने के दृष्टिगत शासन द्वारा ई-केवायसी अभियान की तिथि बढ़ाकर 30 जून निर्धारित कर दी गई है।

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी कुशल सिंह गौतम द्वारा इस संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता विस्तार अधिकारियों को निर्धारित अंतिम तिथि तक ग्राम पंचायत व वार्डवार शिविर के माध्यम से शेष खाद्यान्न हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को भी निर्देशित कर समय सीमा में कार्य संपादित कराने के लिए कहा गया है। इसके अलावा उचित मूल्य दुकानों से अपात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करवाकर ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्र के वार्ड की राशन मित्र लॉग इन से नाम विलोपित कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। जिले के 7 लाख 26 हजार से अधिक हितग्राहियों की ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

# पवई में करंट से मौत, मछली पकड़ने के लिए बिछाए गए बिजली के तार ने ली युवक की जान

## कलेही पुल के नीचे हुआ दर्दनाक हादसा, लापरवाही बनी जानलेवा

**पवई।** पन्ना जिले के पवई नगर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां मछली पकड़ने के लिए फैलाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मामला पवई थाना क्षेत्र के कलेही पुल के नीचे का है, जहां 28 वर्षीय सोनू बर्मन पिता हक्कू बर्मन, निवासी वार्ड नंबर 15, करंट की चपेट में आ गया।

जानकारी के मुताबिक, सोनू बुधवार देर रात मछली पकड़ने के इरादे से नदी के पास गया था। लेकिन वहां बिछाए गए करंट युक्त बिजली के तारों से उसका संपर्क हो गया। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण स्नान के लिए नदी पहुंचे तो उन्हें पुल के नीचे एक शव दिखाई दिया, जो बिजली के तारों में उलझा हुआ था।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पवई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया।

करंट की तीव्रता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि सोनू के कंधे और सीने पर गहरे जलने के निशान पाए गए हैं। जिससे साफ है कि करंट इतना तेज था कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि मछली पकड़ने के लिए करंट फैलाने की यह व्यवस्था किसने की थी, और हादसे के समय मौके पर और कौन-कौन मौजूद था। इस हादसे के बाद इलाके में मातम का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इस तरह की लापरवाही पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सलेहा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर मामले के आरोपी को किया गिरफ्तार

**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/ चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना सलेहा के अप.क्र. 105/25 धारा 137(2) बी एन एस में अपहृत नाबालिक बालिका को सलेहा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16/06/25 को दस्तयाब किया गया है । मामले में फरियादी द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी की लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध क्रमांक 105/25 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था । मामले में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की अपहृता को सथनिया नाला के पास से दस्तयाब किया गया । मामले में अपहृता के कथन अनुसार आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जिला जेल दाखिल किया गया है।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह, प्र.आर. रियाज, राजेश, विपिन पाण्डेय एवं थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की गई है ।

## 5वीं और 8वीं पुनः परीक्षा के परिणाम 20 जून को होंगे घोषित

**पन्ना।** प्रदेश में राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न पुनः परीक्षा के परिणाम शुक्रवार, 20 जून को दोपहर 3 बजे पोर्टल पर घोषित होंगे। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल पर रोल नंबर प्रविष्ट कर देख सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षण संस्थाओं में होगा सामूहिक योग

## 21 जून के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए दिशा निर्देश

**पन्ना ।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है। निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिए आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन से संबंधित अतिरिक्त जानकारी, जिसमें ब्रांडिंग किट, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित आवश्यक सहायक सामग्री, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10 प्रमुख कार्यक्रमों से संबंधित व्यापक पाठ्य सूचना और लिंक की जानकारी दिशा निर्देश के साथ भेजी गई है। संपूर्ण प्रदेश में योग कार्यक्रम निर्धारित पल प्रतिपल समय सारणी के अनुसार आयोजित किया जाएगा।

## कार्यक्रम विवरण

शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थी एवं अन्य सहभागीगण की उपस्थिति प्रातः 6 बजे से पूर्व सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आगमन एवं उद्बोधन 6 बजे से 6:30 तक होगा। भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण 6:30 बजे से 6:40 तक किया जाएगा, जबकि विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण 6:40 बजे से 7:00 बजे तक होगा। सामान्य योग प्रोटोकाल का योगाभ्यास प्रातः 7 बजे से 7:45 तक निर्धारित है।

मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के उद्बोधन कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण एनआईसी द्वारा प्रदाय लिंक के माध्यम से किया जाएगा। दिशा निर्देश में कहा गया है कि योग के मूल सिद्धांतों और इसके लाभों को बताने के लिये विद्यालयों में कार्यक्रम स्थल पर योग विशेषज्ञों को आमंत्रित कर योग व्याख्यान कराएं।

# संभागायुक्त डॉ रावत पहुँचे ग्राम आनू



## खेत-तालाब योजना तहत बन रहे तालाब और खकरी कार्य का लिया जायजा

## हितग्राही किसानों से की चर्चा

**पन्ना।** संभागायुक्त सागर संभाग डॉक्टर वीरेंद्र सिंह रावत आज दमोह जिले के ग्राम आनु पहुंचे। उन्होंने यहां पर खेत तालाब निर्माण कार्य का अवलोकन किया और हितग्राही बालकिशन पटेल से चर्चा की। उन्होंने किसान से खेत तालाब के संबंध में जानकारी ली और इसके फायदे के बारे में जाना। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे। संभागायुक्त डॉ रावत ने जिले में खेत तालाब योजना के तहत बन रहे खेत तालाब का निरीक्षण करने के साथ ही काम में प्रगति लाने के निर्देश दिए और कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान डॉ रावत ने खकरी निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। इसी ग्राम में किसान दुर्गा पटेल के खेत पर पहुंचकर संभागायुक्त ने कपिलधारा कूप का अवलोकन किया और किसान दुर्गा पटेल से चर्चा की। यहां पर कूप के समीप ही रिचार्ज पिट भी बनाया गया हैं, के संबंध में किसान से चर्चा की और उसके खेत में उत्पादित हो रहे सब्जियों के बारे में जाना। किसान दुर्गा ने बताया कि उसके खेत में पर्याप्त मात्रा में सब्जी का उत्पादन हो रहा है और उसके कूप में 12 माह पानी रहता है शासन की योजना के तहत प्राप्त से कूप से किसान दुर्गा पटेल ने खुशी जाहिर की बताया कि वह पूरे साल सब्जी-भाजी की खेती कर रहे हैं। इस अवसर पर एसडीएम आर एल बागरी, सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संभागायुक्त ने की 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारियों की समीक्षा




**पन्ना।** पन्ना स्वस्थ्य भारत बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार, 21 जून को अपनी सहभागिता कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएं। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने आज योग दिवस की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर उन्होंने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिकाधिक सहभागिता के उद्देश्य से संभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने विभाग के लोकसेवकों सहित लक्षित समूह के अधिक से अधिक पंजीयन कराएं, जिससे हर नागरिक योग को जीवनशैली में शामिल करें और स्वस्थ्य रहें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य भारत बनाने के लिए हम सभी को योग अवश्य करना चाहिए, जिससे कि स्वस्थ्य एवं विकसित भारत बन सके। उन्होंने कहा कि पूरे उत्साह एवं मनोभाव से योग दिवस पर स्वेच्छा से योग में शामिल हों।

संभाग कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि संभाग के सभी नगरीय निकायों के वार्ड, समस्त ग्राम पंचायत, सभी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस, शिक्षा विभाग, महाविद्यालय, स्वसहायता समूह के सदस्य, छात्र-छात्राएं योग दिवस के कार्यक्रम में सहभागिता करें। सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए एवं उनकी उपस्थिति भी सुनिश्चित कराई जाए। संभागायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम दी गई है, जिसको हमें सार्थक करना होगा। आयुष विभाग के डॉ. आशीष पटेल ने बताया कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जो निर्देश प्रदान किए गए हैं, उसके अनुसार सभी अधिक से अधिक संख्या में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शामिल होकर फोटो आयुष विभाग की साइट पर अपलोड करना होगी। आयुक्त सागर संभाग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं जिले के अन्य अधिकारीगण भी वर्चुअल शामिल हुए।

# हथियारबंद बदमाशों ने आठ लाख रुपये की लूट को दिया अंजाम

**बमीठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गंज मोहल्ले में बीती रात एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार दरवारी साहू के घर में करीब रात्रि 3 बजे आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर आठ लाख रुपये से अधिक की नकदी व जेवरात लूट लिए।

परिवार की बहू ज्योति साहू ने बताया कि रात्रि में राई पिराई के बहाने दरवाजा खुलवाया गया, जैसे ही दरवाजा खोला गया, तीन बदमाश घर में घुस आए। दो बदमाशों ने कट्टा निकालकर दरवारी साहू और उनके पुत्र राकेश साहू पर तान दिए। इसके बाद दो अन्य बदमाश कार से उतरकर घर में दाखिल हो गए और गोदरेज की चाबी की मांग की। बदमाशों ने गोदरेज खोलकर उसमें रखे सोने-चाँदी के जेवर करीब छह से सात लाख रुपये मूल्य के और डेढ़ लाख रुपये नकद लूट लिए। इसके साथ ही बहू ज्योति के शरीर से पायल, अंगूठी, मंगलसूत्र जैसे सभी गहने उतरवा लिए। बदमाशों ने घर की अलमारी, बक्से व अन्य सामान को भी खंगाला। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश सफेद रंग की कार से छतरपुर की ओर भाग निकले। सूचना मिलने पर बमीठा टीआई अशुतोष श्रोतीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

## इनका कहना

गंज निवासी दरबारी लाल साहू के यहां अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की गई है जिसमें 80 हजार रूपए नगद एवं सोने चांदी का सामान चोरी गया है। मौके पर डॉग स्क्वॉयड की टीम एवं साईबर टीम जांच कर रही है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द इस चोरी का खुलासा हो।

**आशुतोष श्रोत्रिय, थाना प्रभारी बमीठा**

# शिक्षकों की क्षमताओं को विकसित करने मिला प्रशिक्षण

## बाल भारती विद्यालय में शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**जागरण, रीवा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के निर्देशानुसार विद्यालय में 25 घण्टे का प्रशिक्षण अनिवार्य है। जिसके अन्तर्गत बाल भारती विद्यालय में बुधवार को निर्धारित विषय 'भावनात्मक लचीलापन एवं मानसिक कल्याण' विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसके पूर्व भी मई के प्रथम सप्ताह में चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी। सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक प्राचार्य एवं प्रशिक्षक के रूप में मुख्य वक्ता नवीन कुमार मंधोत्रा तथा सुश्री ख्याति नायर 'विशाखा फाउन्डेशन' द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया गया। विद्यालय निदेशक द्वारा आए हुए अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम के विषय में व्यापक जानकारी दी गई। कार्यक्रम



के अगले चरण में नवीन कुमार मंधोत्रा 'विशाखा फाउन्डेशन' ने शिक्षकों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनने, विषम परिस्थितियों में सकारात्मक रूप से प्रतिक्रिया करने एवं उन समस्याओं से निकलकर क्षमताओं को विकसित करने, मानसिक, भावनात्मक मनोवैज्ञानिक रूप से स्वस्थ रहकर बच्चों एवं समाज की भलाई के लिए कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। निश्चय ही यह कार्यशाला शिक्षकों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनने एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए उपयोगी कदम है। जिससे शिक्षक आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकेंगे। निश्चय ही यह कार्यशाला शिक्षकों में नई ऊर्जा, नई सोच एवं साहस व राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) के तहत कार्य करने की दिशा प्रदान करेगा। आभार प्रदर्शन विद्यालय के शिक्षक दीपक सोनी द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यालय निदेशक , प्राचार्य, प्रधानाध्यापिका, समन्वयिका महोदया एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## दीपावली से प्रतिमाह मिलेंगे 1500 रुपए

**पन्ना ।** आगामी दीपावली से लाड़ली बहना योजना के तहत हितग्राही बहनों को 1500 रूपए प्रति माह की राशि नियमित दी जाएगी। अभी वर्तमान में योजना के तहत 1250 रूपए प्रति माह की राशि लाड़ली बहनों को दी जा रही है। योजना के तहत अगले महीने प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन मनाने के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि भी उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। योजना के तहत चरणबद्ध रूप से राशि बढ़ाकर 3 हजार रूपए प्रति माह तक की जाएगी।

## बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आज

**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 20 जून को शाम 4 बजे से जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल मार्च तिमाही की उपलब्धियों, बैंकों के ऋण-जमा अनुपात, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा प्राथमिक क्षेत्र में निवेश की बैंकवार समीक्षा करेंगी। बैठक में विभिन्न विभागों की बैंकों के सहयोग से लागू स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आलोक में एनसीएल चला रही योग बूट कैंप

# समुदाय केंद्रित दृष्टिकोण के साथ 25,000 लोगों को जोड़ने का संकल्प

### राष्ट्रीय आह्वान पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य विज़न को साकार कर रही एनसीएल



**जागरण, सिंगरौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक वैश्विक आंदोलन के रूप में उभरा है जो लोगों को योग की शाश्वत ज्ञानधारा के माध्यम से स्वास्थ्य शांति और सद्भाव की ओर प्रेरित करता है और पूरी दुनिया को जोड़ता है। इसी कड़ी में सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आलोक में निरंतर योग बूट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 20 जून तक चल रहे इस योग बूट कैंप का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को अभिप्रेरित कर योग एवं इसके लाभों को जन.जन तक पहुँचाना है । एनसीएल कम्यूनिटी ड्रीवेन अप्रोच के साथ इस वर्ष 25,000 लोगों को योग से जोड़ने का लक्ष्य रखी है जिसमें एनसीएल स्थानीय जन मानस के साथ अपने कर्मियों उनके परिवार जनों संविदाकर्मियों स्कूली छात्रों को योग से जोड़ रही है। एनसीएल इन पहलों के माध्यम से न केवल योग को बढ़ावा दे रही है बल्कि हरित योग के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से वृक्षारोपण भी कर रही है। साथ ही कंपनी इको.पार्क्स जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर योग सत्र का आयोजन कर स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित कर रही है। एनसीएल का यह अभियान वैश्विक योग आंदोलन के साथ जुड़ा हुआ है और इस बात को सशक्त रूप से दर्शाता है कि योग जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा सकता है। एनसीएल के कार्यक्रम इस सोच पर आधारित हैं कि स्वस्थ समुदाय ही एक स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ विश्व की नींव रखता है। इस वर्ष का योग दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक धरती एक स्वास्थ्य के विचार को साकार करने का एक सशक्त अवसर है। एनसीएल के इस व्यापक योग जागरूकता अभियान के अंतर्गत कई सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनका उद्देश्य योग के लाभों को जन. जन तक पहुँचाना है। अभियान के तहत योग जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कर्मचारियों संविदा श्रमिकों छात्रों और स्थानीय समुदाय को जोड़ते हुए योग के महत्व को बताया जा रहा है। इसके साथ ही सिंगरौली क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को योग की भूमिका पर रचनात्मक रूप से सोचने और उसे अभिव्यक्त करने के लिए निबंध लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। योग को सभी आयु वर्ग तक पहुँचाने हेतु सार्वजनिक योग सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी को कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही युवावस्था से ही योग को जीवन शैली में शामिल करने के उद्देश्य से विद्यालयों और कॉलेजों में विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एनसीएल के सभी क्षेत्रों और इकाइयों में 32 स्थानों पर 10,000 से अधिक लोग सामूहिक रूप से योग सत्र में भाग लेकर इस अभियान को सशक्त बनाएंगे।

# सरकार द्वारा देवसर को क्यों किया जा रहा नजर अंदाज

### कई ऑफिस प्रभारी के बदौलत चल रहे चपरासी-चौकीदार

**जागरण, देवसर।** देवसर मे वर्ष 1940 मे महाराजा गुलाब सिंह जु देव रीवां द्वारा स्थापित किया गया और देश आजाद के बाद संविधान लागू होने के बाद वर्ष 1956 मे केन्द्र द्वारा तहसील स्तर मे ब्लाक एवं कई आफिसो को स्थित किया गया जैसे देवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थाना जियावन, पशु चिकित्सालय लोक निर्माण विभाग वन विभाग की पदस्थापना हुआ एवं 1962 मे रजिस्ट्री आफिस की पदस्थापा हुई एवं वर्ष 1972-73 मे सिचाई विभाग मॉडी बॉध का निर्माण किया गया वर्ष मे 1982-83 मे न्यायालय मजिस्टेटी का निर्माण किया गया ऐसे ही कई विभागों का निर्माण हुआ यहा बड़े.बड़े जिलाधिकारी की पदस्थापना हुई और जिले के अधिकारी रहते थे लेकिन वर्ष 1998-99 मे कांग्रेस शासनकाल मे देवसर के सभी आफिस को तोडकर सीधी जिलें मे सम्मलित किया गया वर्ष 2005-06 मे जब उमा भारती मुख्यमंत्री भाजपा की बनी तो महिला सरकार होने के कारण देवसर के वासियों को आश्वासन दिया गया कि पुन आपकी आफिस देवसर मे लगाई जायेगी लेकिन 2008-09 मे शिवराज सरकार द्वारा सिंगरौली जिले की घोषणा करते हुये देवसर के वासियों को कई वादे किये गये लेकिन वादे आज तक पूर्ण नही किया गया सीधी.सिंगरौली के बीचो.बीच स्थित देवसर ग्राम पंचायत नौढिया आबाद नौढिया विरान देवसर तहसील देवसर ब्लाक एवं कई अन्य आफिस स्थित है आवासीय भवन भी स्थित है लेकिन राजनीतिक नेता और सरकार को देवसर कही स्थित दिखती है जो कि देवसर विधानसभा पुराने परिसीमन से सिहावल मे जोडे जाने से उसका अस्तित्व खत्म होता नजर आ रहा है देवसर नौढिया आबाद नौढिया विरान से सिहावल विधानसभा मे भाजपा के विधायक चुने जाने पर भी देवसर को अंधकार मे रखे हुये है दस वर्ष कांग्रेस के विधायक थे तो उनका कहना है कि हमारी सरकार नही है तो हम विकास नही कर पा रहे है सिहावल विधानसभा मे देवसर का भविष्य उज्जवल होता नजर नही आ रहा हैए जन प्रतिनिधि ऐसे ही देवसर से जुडे रहे तो कभी भी विकास नही हो सकता जैसे कर्थुआ, झोखो, खम्हरिया, रेही वालो को तहसील चितरंगी जाना पडता है जबकि चितरंगी उनको उल्टा पडता है एवं उसकी दूरी 50 से 60 किमी. है देवसर से फेर लाईन से जुडी कर्थुआ झोखो खम्हरिया व रेही की दूरी मात्र 15 किमी. है इस गाव की जनता द्वारा मांग किया गया कि देवसर तहसील मे हमारे गावों को जोडा जाय लेकिन कई वर्षो से इन गांवो की जनता पर सरकार एवं यहां के जन प्रतिनिधियों की नजर नही पड रही है आज भी देवसर तहसील ब्लाक 97 ग्राम पंचायत 20 से 30 किमी. स्थित किया गया है फ्रि भी लोगो की गन्दी राजनीति के चलते देवसर मे बडे पद के अधिकारी एवं कर्मचारी पदस्थ नही होना चाहते मध्यप्रदेश सरकार एवं जिला कलेक्टर से मांग है कि देवसर मे खाली पद एवं बन्द आफिस खोली जाय जैसे उपपंजियक कार्यालय दो वर्षो से बन्द ह ऐसे की कई आफिसे प्रभारियों के भरोषे चल रही है।

## बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के कार्यों के लिए हमेशा तैयार रहे अधिकारी : कलेक्टर

**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने मानसून सत्र को मद्देनजर रखते हुये बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के लिए पूर्व में अधिकारियों सहित टीम का गठन किया गया है। साथ ही जिला कार्यालय सहित उपखण्ड कार्यालयों में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया गया है। कलेक्टर ने दल में गठित टीमों को निर्देश दिए गए है कि आपस में समन्वय बनाकर आपदा प्रबंधन के बचाव हेतु कार्य करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि कम वर्षा के कारण भी कुछ स्थलो पर छोटे नालो में बहाव आ जाते है ऐसे स्थलो को भी चिन्हित करें तथा आवागमन से रोकने हेतु बोर्ड लगाया जाये। ताकि बाढ़ के समय कोई भी आवागमन न करें। साथ ही संभावित बाढ़ से प्रभावित गावो में मोटर बोट तैराको की व्यवस्था के साथ साथ अन्य संबंधित तैयारिया सुनिश्चित कर लिया जाये ताकि कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी निर्देश दिए है कि राहत शिविरों के दौरान पर्याप्त मात्रा में दवा एवं वैक्सीन की उपलब्धता बनी रहे इसकी सम्पूर्ण तैयारिया कर लिया जाये। उन्होंने बाढ़ की मस्त्वपूर्ण सूचनाओ को आदान प्रदान करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं बाढ़ क्षेत्र से संबंधित लोगो को जोड़कर वाट्सअप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए है कि ताकि सभी को समय से बाढ़ आदि की सूचना पता चल सके। कलेक्टर ने कहा है कि आपदा कब और किस प्रकार आ सकता है इसके लिए सभी तैयारियों को पहले से सुनिश्चित रखी जाये। वही नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए गए है कि शहरी क्षेत्रांतर्गत के नालो एवं नालियों की सफाई अभियान चलाकर कीटनाशक दवाओ का छिड़काव कराया जाना सुनिश्चित करे।

एनटीपीसी सिंगरौली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में

# हैप्पीनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम और विशेष योग सत्र का आयोजन



**शक्तिनगर।** माननीय प्रधानमंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा यूएनजीए में प्रस्तुत पहल के तहतए पूरा विश्व 21 को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहा है। यह वैश्विक आयोजन स्वास्थ्य सौहार्द और आंतरिक शांति को बढ़ावा देने के लिए योग के महत्व को रेखांकित करता है। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर टाउनशिप में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए एक विशेष हैप्पीनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो 19 से 22 जून तक चलेगा। यह कार्यक्रम मानसिक सुख.शांति सकारात्मक दृष्टिकोण और समग्र जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। साथ ही 21 को एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी आवासीय परिसर के सभी निवासीगण भाग लेंगे तथा योग के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देंगे। यह सत्र ऊर्जावान शांति प्रदान करने वाला उपचारात्मक और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण है जो आत्म.चिंतन और स्वयं को पुनः खोजने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर सत्रों का संचालन नरेंद्र मोहन गुप्ता पूर्व कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड एवं श्रीमती रश्मि गुप्ता योग प्रशिक्षक कर रहे है। आज के प्रशिक्षण सत्र मे राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली ने कहा यह हैप्पीनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम् स्वास्थ की दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी है और वास्तव में सम्मिलित होने योग्य है् उन्होने इस चार दिवसीय कार्यक्रम मे सबको बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# 11 साल बेमिसाल, संकल्प से सिद्धि अभियान में जन चौपाल का आयोजन



**जागरण, बैढ़न।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धी तक अभियान के अंतर्गत लंघाडोल मंडल के ग्राम खनुआ तथा माड़ा मंडल के ग्राम कुम्हिया मे जन चौपाल का आयोजन हुआ। इस जन चौपाल मे जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को लेकर सांसद जनता के बीच पहुंचे तथा संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह एवं संबंधित मंडल अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जन चौपाल मे लोकसभा सांसद ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल पर किये गये जनहितकारी कार्यों का व्यौरा जनता के समक्ष रखा तथा सेवा सुशासन एवं संकल्प के प्रति समर्पित सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सांसद ने सरकार की महत्वपूर्ण मर्मस्पर्शी योजनाओं के बारे मे बताते हुये आम जन के जीवन मे होते महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर विचार साझा किए। सांसद ने आयुष्मान योजना आवास योजना किसान सम्मान योजना गरीब कल्याण योजना उज्जवला योजना जैसी उपलब्धियों के बारे मे बताते हुए कहा कि इन सभी सरकार की योजनाओं ने सीधे जनता के जीवन में उतर कर उनको लाभ पहुंचाया है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने गरीबों के हितों की रक्षा का बीड़ा उठाया है और उनका जीवन स्तर सुधारने का काम किया है। चौपाल में ही विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित लाभर्थियों को सांसद जी द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं लाडली लक्ष्मी प्रमाण पत्र दिये गये तथा सैकड़ों हितग्राहियों का पंजीकरण विभिन्न लाभपरक योजनाओं में करवाया गया। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने कहा कि संकल्प से सिद्धि तक के अभियान को प्रधानमंत्री के संदेश के रूप मे जन जन के बीच जा रहे हैं तथा हमारा जिले से लेकर बूथ स्तर तक का संगठन अभियान को धरातल पर उतारने का काम कर रहा है। जिलाध्यक्ष ने मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं समेत शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को संकल्प से सिद्धि तक के अभियान को सफल करने के निर्देश दिए। चौपाल मे मुख्य रूप से प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसयोजक रामापति जायसवाल मंडल अध्यक्ष लंघाडोल केडी वैस पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा गोविंद वैस विक्रम सिंह मंडल रजमिलान उपाध्यक्ष अमित कुशवाहा महामंत्री मोहित कुमार कुशवाहा सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत गीड़ा का विकास हो रहा अवरुद्ध

### मनमानी पर उतारू हैं सचिव व रोजगार सहायक




**जागरण, सरई।** देवसर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गीड़ा का विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प है। पंचायती राज व्यवस्था में स्थानांतरण नीति के तहत एक ही जगह पर 3 वर्षों से लगातार जमे पंचायत सचिवों का ट्रांसफर किया गया है जिसके परिपालन में ग्राम पंचायत गीड़ा का भी सचिव बदल दिया गया है। परंतु पूर्व सचिव सुखराम सिंह व तत्कालीन रोजगार सहायक श्यामलाल जायसवाल द्वारा गीड़ा पंचायत के नवीन सचिव को प्रभार नहीं दिया जा रहा है यह दोनों एक दूसरे के पास प्रभार होने की बात कर रहे हैं और प्रभार देने में हीला.हवाली कर रहे हैं। जबकि इसकी जानकारी वर्तमान सरपंच को भी नहीं है कि हकीकत में प्रभार का जिम्मेवारी किसके पास है। इन्हीं तमाम अड़चनों के कारण ग्राम पंचायत गीड़ा विकास कार्य में सबसे पीछे जा रही है। और सचिव एवं रोजगार सहायक मालामाल हो रहे हैं। आदिवासी सरपंच जनता के विकास करने. कराने के लिए परेशान है।



## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विमलेश सिंह पिता सूरज सिंह गोंड उम्र 35 वर्ष ग्राम रूपईडोल गजरी जिला सीधी म.प्र. का निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में नाम विमलेश सिंह पिता सूरज सिंह गोंड, पैन कार्ड में मेरा नाम **Vimlesh Singh** पिता **Suraj Singh Gond**, मतदाता पहचान पत्र में विमलेश पिता सूरजसिंह बैंक खाता में मेरा नाम **Vimlesh Singh s/o Suraj Singh** एवं परिवार पंजी में मेरा नाम विमलेश पिता सुरज सिंह लेख किया गया है। उपरोक्त नाम विमलेश सिंह पिता सूरज सिंह गोंड, **Vimlesh Singh** पिता **Suraj Singh Gond** विमलेश पिता सूरज सिंह, **Vimlesh Singh s/o Suraj Singh** एवं विमलेश पिता सुरज सिंह यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम माना जाय जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।



# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपा दायित्व

### सम्पूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी होंगे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**जागरण, बैढ़न।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का 25 को सिंगरौली जिले के अनुभाग देवसर के तहसील सरई में प्रस्तावित दौरा को मद्देनजर रखते हुयें कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारियो को दायित्व सौपा है। जिसके तहत सम्पूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश को सौपा गया है। वही कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन होगे। कार्यक्रम स्थल पर तकनीकी व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला प्रबंधक लोक सेवा जिला प्रबंधक ई गर्वेनेंश की होगी। हेलीपैड की व्यवस्था हेतु डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवसर होगे। कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल उपखण्ड अधिकारी देवसर अखिलेश सिंह अधीक्षण यंत्री विद्युत की होगी। तथा कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमक की व्यवस्था बैठक एवं प्रवेश की व्यवस्था आवेदन प्राप्त करने के लिए स्टाल की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपखण्ड अधिकारी माड़ा राजेश शुक्ला नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यात्रिकी सेवा की होगी। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर वाहनो की पार्किग एवं साफ सफाई की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यात्रिकी सेवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सरई की होगी। वही सम्पूर्ण कार्यक्रम हेतु आवश्यक वाहनो का अधिग्रहण एवं आवागमन की व्यवस्था हेतु अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल एवं जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्र वंशी की होगी। वही विभिन्न कार्यक्रमो का शिलान्यास लोकार्पण हेतु कार्यो का चयन शिलालेखो का प्रारूप एवं व्यवस्था हेतु संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पीआईयू कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यंत्रिकी तथा कार्यक्रम स्थल पर निरंतर विद्युत प्रवाह की व्यवस्था हेतु अधीक्षण यंत्री विद्युत एवं कार्यपान यंत्री सहित इसके अलावा भी कार्यक्रम के व्यवस्थाओ हेतु अधिकारियो को दायित्व सौपा गया है। साथ ही कलेक्टर ने समस्त नोडल अधिकारियो को निर्देश दिए कि अपने टीम के साथ समन्वय बनाकर समय पर सभी दायित्वो की पूर्ति सुनिश्चत करे। वही भ्रमण कार्यक्रम के दौरान काननू व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को कार्यक्रम के शांतिपूर्ण सम्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अपनी ओर से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटो तैनाती करने के निर्देश दिए गए है।

# मुख्यमंत्री का जिले में आगमन 25 को

### बिना अनुमति कोई भी अधिकारी मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगे



**जागरण, बैढ़न।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव का सिंगरौली जिले के उपखण्ड देवसर अंतर्गत तहसील सरई में 25 को आगमन प्रस्तावित है। जिसके तैयारियो के संबंध में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारियो की बैठक ली गई। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियो से पूर्व में सौपे गये दायित्वो एवं कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजित कराने हेतु जिम्मेदारिया सौपी गई है। जिसके तहत किए गए कार्यो के प्रगति के संबंध में अधिकारियो से जानकारी ली गई। तथा निर्देश दिए गए कि सभी तैयारिया समय सीमा के अंदर पूर्ण कर लिया जायें। वही मुख्यमंत्री के आगमन को मद्देनजर रखते हुयें जिला अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि कोई विभाग विभागीय अधिकारी बिना अनुमति के जिला से बाहर नही जायेगे। साथ ही उनके अधिनस्थ कर्मचारियो को भी सक्षम अधिकारी से स्वीकृती प्राप्त कर मुख्यालय से बाहर जायेगे। कलेक्टर ने बैठक के दौरान कार्यक्रम दिवस पर वाहन पार्किग के साथ साथ पेयजल की समुचित व्यवस्थाए विद्युत व्यवस्था सहित सभा स्थल पर आने वाले आम जन मानस को निर्धारित स्थानो पर बैठाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि लोकापर्ण एवं भूमि पूजन से संबंधित सभी शिलापट्टीका समय पर तैयार कर लिया जाये। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सौरभ मिश्रा देवेन्द्र द्विवेदी तहसीलदार सविता यादव सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामवृक्ष कोल पिता कंचन उम्र 52 वर्ष वार्ड नं. 10 मेढौली तह. व जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथी के नाम से एनसीएल द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 227 मकान नं.31 की नोटिस प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम राम बृज पिता कचन कोल लेख किया गया है। मेरे आधार कार्ड में नाम रामवृक्ष कोल पिता कंचन, पैन कार्ड मे मेरा नाम **Rambriksha Kol** पिता **Kanchan Kol**, बैंक खाता मे मेरा नाम **Rambriksha Kol s/o Kanchan,** एन.सी.एल. के परिवार पंजी मे रामबृज **s/o** कंचन कोल, मकान मापी मे रामबृज पिता कंचन कोल लेख किया गया है। उपरोक्त नाम रामवृक्ष कोल पिता कंचन, **Rambriksha Kol** पिता **Kanchan**, **Rambriksha Kol**, रामबृज **s/o** कंचन कोल, रामबृज पिता कंचन कोल, राम बृज पिता कचन कोल यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम माना जाय जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम चरण पिता हुबबलाल प्रजापति उम्र 63 वर्ष निवासी वार्ड नं. 1 पिडरताली पो. गोरबी जिला सिंगरौली म.प्र. का निवासी हूँ.। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथी के नाम से एनसीएल द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र.253 मकान नं. 57 की नोटिस प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम राम चरन पिता हबलाल प्रजापति लेख किया गया है। मेरे आधार कार्ड में नाम राम चरण पिता हुबबलाल प्रजापति, पैन कार्ड में मेरा नाम **Ramcharan Prajapati** पिता **Hubblal Prajapati**, बैंक खाता में मेरा नाम **Mr. Ram Charan Prajapati s/o Hubblal Prajapati** एन.सी.एल. के परिवार पंजी में रामचरण **s/o** हुबलाल प्रजापति मकान नापी में रामचरण पिता हुब्बलाल प्रजापति लेख किया गया है। उपरोक्त नाम राम चरन पिता हबलाल प्रजापति, राम चरण पिता हुबबलाल प्रजापति, **Ramcharan Prajapati** पित्ता **Hubblal Prajapati**, **Mr. Ram Charan Prajapati s/o Hubblal Prajapati** रामचरण **s/o** हुबलाल प्रजापति, रामचरण पिता हुब्बलाल प्रजापति, यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम माना जाय। जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बैजनाथ कोल पिता बन्हई कोल उम्र 68 वर्ष वार्ड नं.10 मेढौली तह. व जिला सिगरौली म.प्र .का निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के नाम से एनसीएल द्वारा मुआकजा नोटिस प्रकरण क्रमांक 256 मकान नं. 60 की नोटिस प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम बैजनाथ पिता बनहयी कोल लेख किया गया है। मेरे आधार कार्ड में नाम बैजनाथ कोल पिता बन्हई कोल, पैन कार्ड में मेरा नाम **Baijnath Kol** पिता **Budhaee Kol**, बैंक खाता ने मेरा नाम **Mr. Baijnath Kol s/o Banhai Kol** एन.सी.एल. के परिवार पंजी में बैजनाथ **s/o** बन्हई कोल मकान नापी में बैजनाथ पित्ता बन्हई कोल लेख किया गया है। उपरोक्त नाम बैजनाथ कोल पिता बन्हई कोल, **Baijnath Kol** पिता **Banhai Kol**, **Baijnath Kol s/o Banhai Kol**, बैजनाथ **s/o** बन्हई कोल, वैजनाथ पिता बन्हई कोल बैजनाथ पिता बनहयी कोल यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम माना जाय जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामनिवास बैस पिता रामसरण बैस उम्र 45 वर्ष ग्राम सेमुआर तह. चितरंगी जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ । मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में नाम रामनिवास बैस पिता रामसरण बैस, पैन कार्ड मे मेरा नाम **Ramnivas Bais** पिता **Ramsaran Bais** बैंक खाता में मेरा नाम **Ramnivas Bais s/o Ramsharan Bais** एवं परिवार पंजी में मेरा नाम रामनिवास पिता श्रवण कुमार पिता लेख किया गया है। उपरोक्त नाम रामनिवास बैस पिता रामसरन बैस, **Ramnivas Bais** पिता **Ramsaran Bais**, **Ramnivas Bais s/o Ramsharan Bais** एवं रामनिवास पिता श्रवण कुमार पिता यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम माना जाय जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम शरण कोल पिता नन्हू कोल उम्र 58 वर्ष वार्ड नं 10 मेढौली तह. व जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथी के नाम से एनसीएल द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 281 मकान नं.85 की नोटिस प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम रामशरण पिता नान्हू कोल लेख किया गया है। मेरे आधार कार्ड में नाम राम शरण कोल पिता नन्हू कोल, पैन कार्ड मे मेरा नाम **Ram Saran Kol** पिता **Nanhu Kol**, मतदाता पहचान पत्र राम सरन कोल पिता नन्हू कोल, बैंक खाता में मेरा नाम **Ram Saran Kol s/o Nanhu Kol** एन.सी.एल. के परिवार पंजी में राम शरण **s/o** नान्हू कोल, मकान नापी में राम शरण पुत्र नान्हू कोल लेख किया गया है। उपरोक्त नाम राम शरण पिता नन्दू कोल, **Ram Saran Kol** पिता **Nanhu Kol,** राम सरन कोल पिता नन्हू कोल, **Ram Saran Kol s/o Nanhu Kol** राम शरण पिता नान्हू कोल, राम शरण **s/o** नान्हू कोल रामशरण पिता नान्हू कोल यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम माना जाय जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोपी चंद कोल पिता कंचन कोल उम्र 66 वर्ष क्वा.नं. बी 706 सेक्टर बी. डी. सी. एच. सिंगरौली तह. व जिला सिंगरौली म.प्र का निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथ्नन करता हूँ कि मुझ शपथी के नाम से एनसीएल द्वारा मुआवजा नोटिस प्रकरण क्र. 225 मकान नं.29 की नोटिस प्रदान किया गया है जिसमे मेरा नाम गोपीचन्द पिता कंचन कोल लेख किया गया है। मेरे आधार कार्ड में नाम गोपी चंद कोल पिता कंचन कोल, पैन कार्ड में मेरा नाम **Gopichand Kol** पिता **Kanchan Kol** बैंक खाता मे मेरा नाम **Mr. Gopichand Kol s/o Kanchan Kol** एन.सी.एल. के परिवार पंजी में गोपीचंद पिता कंचन कोल मकान नापी में गोपीबन्द पिता कंचन कोल लेख किया गया है। उपरोक्त नाम गोपी चंद कोल पिता कंचन कोल, **Gopichand Kol** पिता **Kanchan Kol**, **Gopichand Kol s/o Kanchan Kol** गोपीचंद पिता कंचन कोल, गोपीचन्द पिता कंचन कोल, गोपीचन्द पिता कंचन कोल यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम माना जाय जिस बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

## भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से, मैच दोपहर 3:30 बजे से, प्रसारण सोनी नेटवर्क और जियो हॉटस्टार पर

# इंग्लैंड में 'नई' शुरुआत करने उतरेगी नई भारतीय टेस्ट टीम

जेएनएन, लीड्स

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जब भारत शुक्रवार से एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट सीरीज जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुआई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। 25 साल के गिल के लिए यह सीरीज अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। ईसीबी और बीसीसीआई ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली सीरीज का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है। इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में सीरीज के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में सीरीज के लिए) की जगह लेगी। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की एक्शन की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं।

- भारत ने जनवरी के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के बाद कोई भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। बीजीटी में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके पहले उन्हें घर पर भी न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 3-0 की शर्मनाक हार मिली थी।
- इंग्लैंड ने हाल में ही जिम्बाब्वे को इकलौते टेस्ट में पारी से हराया था, जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में उन्होंने विदेशी धरती पर 2-1 से सीरीज जीत दर्ज की थी। कुल मिलाकर हालिया फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों का लाभ फिलहाल तो इंग्लैंड के साथ है।

| हेड-टु-हेड | | इंग्लैंड में प्रदर्शन | |
|---|---|---|---|
| 136 | कुल टेस्ट | 67 | कुल टेस्ट |
| 35 | भारत जीता | 09 | भारत जीता |
| 51 | इंग्लैंड जीता | 36 | इंग्लैंड जीता |
| 50 | मैच ड्रॉ | 22 | मैच ड्रॉ |

- ये दोनों टीमें पिछले साल भारत में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने उतरी थीं, तो पहले टेस्ट में मिली अप्रत्याशित हार के बाद भारत ने शानदार वापसी की थी और सीरीज को 4-1 के बड़े अंतर से जीता था। वहीं पिछली बार दोनों देशों के बीच इंग्लैंड में हुई पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही थी, लेकिन सीरीज के बड़े हिस्से पर भारत का दबदबा क़ायम था।

**इंग्लैंड** (अंतिम एकादश): जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत** शुभमन गिल (कप्तान), रिषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

## लीड्स में पिछली हार का बदला लेने उतरेगा भारत

हेडिंग्ले में शुरू हो रही टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला कई मायनों में खास होगा, और इसका सबसे बड़ा कारण है यहां की पिच, जो इस बार कुछ अलग तेवर दिखा सकती है। आमतौर पर इंग्लैंड की पिचों पर शुरुआती नमी और हरियाली का असर देखा जाता है, लेकिन इस बार की तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। फरवरी के बाद से यहां बारिश ना के बराबर हुई है, और यही वजह है कि ग्राउंड्समैन रिचर्ड रॉबिन्सन का पूरा ध्यान इस बात पर है कि पिच में जितनी हो सके उतनी नमी बनाए रखी जाए। शुरुआती कुछ घंटों में तेज गेंदबाजों को हल्की मदद मिल सकती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा और पारा 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचेगा तो पिच तेजी से फ्लैट हो सकती है। सतह सख्त है और उस पर गेंद को अच्छी उछाल मिलेगी। मतलब बल्लेबाजों के लिए रन बनाने के मौके जरूर आएंगे। भारत ने हेडिंग्ले में अपना आखिरी टेस्ट मैच अगस्त 2021 में खेला था। उस मैच में, भारत को इंग्लैंड के हाथों एक पारी और 76 रनों से करारी हार मिली थी। भारत की पहली पारी सिर्फ 78 रनों पर ही सिमट गई थी। भारत ने इस मैदान पर अब तक सात मैच खेले हैं और केवल दो जीते हैं, जबकि एक ड्रॉ रहा और चार मैचों में हार मिली है। भारत को यहां 1986 में कपिल देव की कप्तानी में और फिर 2002 में सौरव गांगुली की कप्तानी में जीत मिली थी।





**भारत** रवींद्र जडेजा 19-सदस्यीय भारी भरकम दल के एकमात्र सदस्य हैं, जिनके नाम 60+ टेस्ट मैचों का अनुभव है, जबकि टीम की कमान युवा गिल के पास है। टीम का बल्लेबाजी क्रम एकदम नया है और सलामी बल्लेबाजी से शुरुआत कर तीसरे नंबर पर आने वाले गिल अब कोहली की जगह नंबर चार पर खेलने के लिए तैयार हैं। इसका मतलब यह भी है कि करुण नायर की लगभग आठ साल बाद टेस्ट टीम में वापसी होगी, वहीं साई सुदर्शन को भी डेब्यू का मौका मिल सकता है। बीजीटी के पांच में से चार टेस्ट मैचों में पारी की शुरुआत करने वाले राहुल और जायसवाल अब भारत के नए स्थाई टेस्ट सलामी बल्लेबाज होंगे। जडेजा के बाद टीम में सबसे अनुभवी राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। वहीं बुमराह की अगुआई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है, जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है।

**इंग्लैंड** इंग्लैंड के लिए पिछला डब्ल्यूटीसी चक्र बहुत निराशाजनक रहा था और 22 में से 10 टेस्ट हारकर वह पांचवें स्थान पर रहे थे। बैजबॉल उनके लिए पिछले चक्र में बिल्कुल भी काम नहीं किया था और वे भारत के साथ-साथ पाकिस्तान में भी टेस्ट सीरीज हारे थे, जबकि ऐशेज में भी उन्हें अपने घरेलू सरजमीं पर 2-2 के ड्रॉ का सामना करना पड़ा था। उनका बल्लेबाजी क्रम तो अनुभवी है और जेकब बेथेल की जगह ऑली पोप को एकादश में प्राथमिकता देकर उन्होंने दिखाया है कि वे फिलहाल अनुभव को ही तवोज्जो देंगे। लेकिन जो रूट को छोड़कर उनके अधिकतर बल्लेबाजों में निरंतरता और फॉर्म की कमी है। वहीं गेंदबाजी आक्रमण उनके बल्लेबाजी क्रम जितना अनुभवी नहीं है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर चोट के कारण बाहर हैं। टीम को अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज क्रिस वोक्स से बड़ी उम्मीदें होंगी, जिन्होंने भारत के पिछले इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ एक मैच खेला था, लेकिन सात विकेट लिए थे।

### मैदान से हटकर

## अनाया बांगर ने कहा-मैं महिला क्रिकेट खेलने के योग्य हूं...

भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर की संतान अनाया बांगर ने आईसीसी और बीसीसीआई से ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों का समर्थन करने की अपील की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर वीडियो में कहा कि वैज्ञानिक रूप से वह महिला क्रिकेट खेलने के योग्य हैं। सवाल यह है कि क्या दुनिया इसके लिए तैयार है। अनाया का पूर्व नाम आर्यन बांगर था। वह एक साल तक हार्मोन रिप्लेसमेंट थिरेपी से गुजरकर लड़का से लड़की बन चुकी हैं। अभी ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों को महिला क्रिकेट में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं है। अनाया ने 8 पेज की साइंटिफिक रिपोर्ट को शेयर करते हुए ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला क्रिकेट में खेलने की पुरजोर वकालत की है। एक तरह से उन्होंने यह बहस छेड़ने की कोशिश की है कि क्या ट्रांसजेंडर्स को महिला क्रिकेट खेलने के योग्य माना जा सकता है। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा है, साइंस कहता है मैं वूमन क्रिकेट के लिए एलिजिबल हूं। अब सवाल यह है क्या दुनिया तैयार है सच सुनने के लिए? उनका यह पोस्ट काफी वायरल है। वह वीडियो में कहती दिख रही हैं, पहली बार मैं एक ट्रांसवूमन एथलीट के तौर पर अपनी यात्रा से जुड़ी साइंटिफिक रिपोर्ट को शेयर कर रही हूं। हार्मोन थिरेपी शुरू होने बाद पिछले एक साल से ज्यादा वक्त से मैं स्ट्रक्चर्ड फीजियोलॉजिकल असेसमेंट से गुजरी हूं। इस रिपोर्ट में मेरे ट्रांजिशन का असली मापने योग्य प्रभाव दर्ज है, न कि कोई राय है। अनुमान नहीं बल्कि डेटा है। मैं इसे पूरी पारदर्शिता और उम्मीद के साथ बीसीसीआई और आईसीसी के पास जमा कर रही हूं। मेरा इकलौता उद्देश्य ऐसी चर्चा शुरू करना है जो तथ्य आधारित हो, भय आधारित नहीं। जगह बनाने की है, न कि उसे बांटने की। (जेएनएन)



## पेरिस डायमंड लीग में आठ साल बाद उतरेंगे चोपड़ा नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर

**पेरिस, जेएनएन।** 90 मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी, जब वह शुक्रवार को सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं। वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था, जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे।

उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिए पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था। आखिरी बार उन्होंने 2017 में पेरिस डायमंड लीग में जूनियर विश्व चैंपियन के तौर पर खेलकर पांचवां स्थान हासिल किया था।



**पदक के दावेदार खिलाड़ी** चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं, जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा, मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे।

## निसांका ने जड़ा श्रीलंका में पहला टेस्ट शतक

**गॉल (श्रीलंका), जेएनएन।** पाथुम निसांका के करियर के सर्वश्रेष्ठ 187 रन की मदद से श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में चार विकेट पर 368 रन बनाए। बांग्लादेश ने पहली पारी में 495 रन बनाए थे, जिससे श्रीलंकाई टीम 127 रन पीछे है। अपने देश में पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले निसांका दोहरे शतक से मामूली अंतर से चूक गए जब उन्हें हसन महमूद ने क्लीन बोल्ड किया। लाहिरू उदारा ने 29 रन बनाए, जो तैजुल इस्लाम को रिटर्न कैच देकर लौटे। दिनेश चांडीमल ने निसांका के साथ दूसरे विकेट के लिए 157 रन जोड़े। वह 54 रन बनाकर नईम हसन का शिकार हुए। अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे एंजेलो मैथ्यूज ने 39 रन की पारी खेली जो मोमिनुल हक की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच देकर लौटे।



## ब्रिसबेन हीट ने डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट में रोड्रिग्स को किया रिटेन

### भारत की 15 महिला खिलाड़ियों ने पंजीकृत किया था

**मेलबर्न, जेएनएन।** महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) ड्राफ्ट के दौरान आठ फ्रेंचाइजी ने कुल 23 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है, जिसमें ब्रिसबेन हीट ने भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को रिटेन किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि मध्यक्रम की बल्लेबाज रोड्रिग्स ब्रिसबेन में प्रशंसकों की पसंदीदा हैं, जिससे ब्रिसबेन हीट फ्रेंचाइजी ने उन्हें वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क के साथ रिटेन (बरकरार रखा) किया है। भारत की कुल 15 महिला खिलाड़ियों ने डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के 10वें सत्र से पहले खुद को पंजीकृत किया था। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल और इंग्लैंड की पूर्व कप्तान हीथर नाइट को सिडनी थंडर ने चुना है। इंग्लैंड की सोफिया डंकले और मैडी विलियर्स की जोड़ी के साथ न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर को सिडनी सिक्सर्स ने शामिल किया है, जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स ने इंग्लिश स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और विकेटकीपर-बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट के साथ दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को चुना। मेलबर्न स्टार्स ने इंग्लैंड की दो और खिलाड़ी विकेटकीपर-बल्लेबाज एमी जोन्स और डेनी गिब्सन को चुना।



## 20वें नंबर की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने वर्ल्ड नंबर तीन पेगुला को हराया




**बर्लिन, जेएनएन।** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालिफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया, क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था। सबालेंका ने पहला सेट 6-2 से जीता था, जिसके बाद खेल रोक दिया गया। इससे पहले ओन्स जाबेउर ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-1, 6-3 से हराया था।

## बीमार एमबाप्पे पहले ही मैच से बाहर, अल हिलाल ने रियाल मैड्रिड को बराबरी पर रोका

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), जेएनएन।** स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए, जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था, जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी, लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में जाबी अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया।



### युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया

प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया और स्कोर 2-0 कर दिया। केनान यिल्डिज ने 31वें मिनट में गोल किया तथा कोलो मुआनी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में अपना दूसरा गोल करके युवेंटस को हाफ टाइम तक 4-0 से आगे कर दिया। कोन्सीसाओ ने 58वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से पांचवा गोल किया।

## बेंगलुरु करेगा बिली जीन किंग कप के प्लेऑफ की मेजबानी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक 14 नवंबर से बेंगलुरु में प्रतिष्ठित बिली जीन किंग कप के प्लेऑफ की मेजबानी करेगा, जिसमें भारत फाइनल के लिए क्वालिफाई करने का प्रयास करेगा, जिसे गुरुवार को स्लोवेनिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप-जी में शामिल किया गया। प्लेऑफ में 21 देश शामिल होंगे, जिन्हें तीन तीन टीम के सात ग्रुप में बांटा गया है। इस अलग प्रारूप में प्रत्येक ग्रुप मुकाबले की मेजबानी एक देश द्वारा की जाएगी और गुरुवार को लंदन में हुए ड्रॉ के बाद स्थलों की औपचारिक घोषणा की गई। प्लेऑफ 16 नवंबर को खत्म होंगे। भारत ने हाल में पुणे में एशिया/ओसनिया ग्रुप एक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के बाद प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया था जो टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी दफा ही था।

## विम्बलडन चैंपियन पेत्रा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

**लंदन, जेएनएन।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा कि मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं, जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

### सिटी स्पोर्ट्स

## मयंक अकादमी फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने गुरुवार को पहले जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में अंकुर अकादमी को 16 रन से हरकार फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को फाइनल में मयंक अकादमी की भिड़ंत अरेरा अकदामी से होगी। भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में मयंक अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 184 रन पर ऑलआउट हो गई। आर्यवीर ने 31, जबकि अनय और नैतिक ने 29-29 रन बनाए। अंकुर अकादमी के लिए रबजीत ने 3 विकेट झटके। जय, रूद्र और अथर्व को दो-दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंकुर अकादमी 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 168 रन ही बना पाई। रबजीत ने 49 रन बनाए। अथर्व और प्रयाग ने 33-33 रन की पारी खेली।



## 7वीं बटालियन भोपाल बनी ओवरऑल चैंपियन

### एसएएफ साउथ जोन गेम्स 2025 का समापन

**भोपाल, खेप्र।** राजधानी के जिम्नेजियम हॉल, लाल परेड ग्राउंड, टीटी नगर स्टेडियम, प्रकाश तरुण पुष्कर, भदभदा रोड, छोटा तालाब, जलक्रीड़ा केंद्र एवं पुलिस लाइन नेहरू नगर भोपाल में चल रहे एसएएफ साउथ जोन गेम्स 2025 का गुरुवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में कुश्ती, वु-शु, एथलेटिक्स, हेमर थ्रो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, सेपक टेकरा, जूडो, कराटे, ताईक्वांडो, योगा, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, जिम्नास्टिक, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, तलवारबाजी, तैराकी, सायक्लिंग, वाटर स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स और क्रिकेट के मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में प्रदेश की 9 एसएएफ बटालियन की कुल 9 टीमें से 339 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजक 7वीं बटालियन भोपाल इस स्पर्धा में सबसे ज्यादा पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनी। दूसरे स्थान पर 23वीं बटालियन भोपाल और तीसरे नंबर पर 6वीं बटालियन जबलपुर रहीं।



## सीनियर नेशनल वूशु में प्रज्ञा को स्वर्ण, तान्या को दो रजत

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने सीनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित छह पदक जीते। भारतीय वूशु दल की प्रशिक्षक एवं विश्वामित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता ने बताया कि यह चैंपियनशिप 14 से 19 जून तक जयपुर में आयोजित की गई थी। जबलपुर की प्रज्ञा यादव रने ताइची जियान में स्वर्ण पदक जीता। वहीं तान्या जाटव ने जियांशु कियांशु स्पर्धा में एक-एक रजत पदक अर्जित किया। वंशिका नामदेव ने दाऊशू स्पर्धा में एक रजत और गुनशु स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।



# दैनिक जागरण

रीवा, 20 जून, 2025

सतना जागरण

www.dainikjagranmpcg.com




## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 23 जून तक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

## 21 जून को जिले में आयोजित होंगे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

**सतना।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार पूर्व वर्षानुसार इस वर्ष भी 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सतना जिले में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। डिप्टी कलेक्टर ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।


Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®

Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

ज्योतिष्मती तेल - रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।

गन्धपुरा तेल - जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।

निर्गुण्डी तेल - नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।

चीड़ तेल - मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।

पुदीना तेल - इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।

कपूर तेल - जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।

तिल तेल - मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।

अलसी तेल - जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।

Dr. Ortho Oil 20% EXTRA

Knee Pain | Back Pain | Shoulder Pain | Wrist Pain

8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं।

मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान

Clinically Tested*

24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com


# भारी मात्रा में पकड़ा गया नकली फंगीसाइड

### किराए के कमरे में बनाया जा था, एसडीएम ने शील किया कमरा



जागरण सतना

बायर कंपनी का नकली फंगीसाइड बनाने के आरोप में एसडीएम रघुराजनगर सिटी राहुल सिलाड़िया ने एक घर में दबिश दी यहां से तकरीबन 4 क्विंटल नकली कीटनाशक दवा जब्त की है। जिस कमरे में दवा बनाई जा रही थी एसडीएम ने सील कर दिया है। इस दवा की बाजार कीमत 1136 रुपए प्रति यूनिट है। इस तरह के काम के पीछे गिरोह का काम होने की आशंका है। अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश करेगी। प्रशासन की टीम इन्क्यूबेशन सेंटर के पीछे नई बस्ती में एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया के साथ पहुंची। बायर कंपनी के नेटिव ब्रांड के नाम से बन रहे नकली उत्पाद का पर्दाफाश किया। इस दवा की बाजार कीमत 1136 रुपए प्रति यूनिट है। नकली कीटनाशक का निर्माण रामपाल प्रजापति के किराए के मकान में हो रहा था। मकान मालिक द्वारा किराएदार की पहचान नहीं बताई जा रही है।

### क्यू आर कोड चेक करने की अपील

प्रशासन ने किसानों से कृषि उत्पाद खरीदते समय कंपनी का क्यूआर कोड चेक करने की अपील की है। प्रशासन को आशंका है कि यह एक संगठित गिरोह का हिस्सा हो सकता है। सर्वे के दौरान पकड़ में आई बात बायर कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि मार्केट सर्वे के दौरान प्रोडक्ट की गड़बड़ी की बात सामने आने पर जब कीटनाशक की जांच की। वह नकली था। मार्केट में खोजबीन करने के दौरान नई बस्ती में नकली माल तैयार होने की जानकारी मिली।

# नशीली कफ सिरप की तस्करी करते दो गिरफ्तार

### रामपुर पुलिस ने बाइक भी जब्त की



**जागरण सतना।** नशीली कफ सिरप की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को रामपुर टीआई संदीप चतुर्वेदी ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तस्करी में संलिप्त बाइक को भी जब्त कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर की गई है। सूत्रो के माध्यम से अवैध नशीले पदार्थ कोरेक्स की तस्करी की सूचना पर 18 जून को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्या वीरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान श्री संदीप चतुर्वेदी द्वारा सउनि कुंजमणि मिश्रा के हमराह टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान घटनास्थल ग्राम तिवनी नहर पुल के नीचे से सिद्धार्थ सिंह उर्फ सिद्धू पिता अशोक सिंह निवासी ग्राम करमऊ थाना रामपुर बाघेलान सतीश चौरसिया पिता रामबरन चौरसिया निवासी महसाब थाना गुढ जिला रीवा के कब्जे से 23 शीशी प्रतिबंधित अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप कीमती लगभग 4140 रूण् की एवं घटना में प्रयुक्त बाइक कीमती 60 हजार सहित जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना रामपुर बाघेलान में अपराध दर्ज किया गया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थ सिंह उर्फ सिद्धू पिता अशोक सिंह निवासी ग्राम करमऊ थाना रामपुर बाघेलान सतीश चौरसिया पिता रामबरन चौरसिया निवासी महसाब थाना गुढ जिला रीवा को गिरफ्तार कर 23 शीशी आनरेक्स कफ सिरप व बाइक जब्त की गई है। इस कार्यवाही में कुल 64 हजार 140 रुपये की जब्ती बनाई गई है।


SUDARSHAN Public Hr. Sec. School

STD. NURSERY TO XII

STREAMS MATHS | BIOLOGY | COMMERCE & ARTS

9893806170, 8878159423

OUR FACILITIES
• English Speaking Ambience.
• Qualified & Talented Teacher.
• All Time CCTV Surveillance.
• Affordable Fees & Limited Seats.
• Wide Range of Co-curricular Activities.
• Filtered and Cold Water

ADMISSION OPEN Session 2025-26

Acharya Vinoba Bhave Ward-15, Behind Degree College Hanuman Nagar, Satna (M.P.)


# 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**सतना।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से संरक्षण देने हेतु राज्य के सभी प्रकार के निर्दिष्ट जल क्षेत्रों में म.प्र. नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने आदेश जारी कर जिले में इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट मत्स्य विनिमय अथवा परिवहन करना प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार नियमों के उल्लंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्यक्षेत्र (संशोधित) अधिनियम 1981 की धारा-5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा है कि जिले में 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। छोटे तालाब तथा अन्य जल स्त्रोत जिनका कोई संबंध कोई नदी नाले से नहीं है, के लिए यह नियम लागू नहीं होगा।

# राज्यमंत्री ने बिजली की समस्याओं का लिया जाएजा



**जागरण सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी द्वारा गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैगांव के मीटिंग हाल में विद्युत समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में क्षेत्रवासियों ने राज्यमंत्री को बिजली संबंधी समस्यायें बताई। उन्होंने स्थल पर ही ग्रामवासियों की बिजली संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया। राज्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई से समाधान, यही हमारी कार्यशैली है। जनता की समस्या का समाधान ही हमारी सेवा का संकल्प है। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर

डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)

परामर्श शुल्क मात्र 300/-

मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)

चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।

Kamta कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ

समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश

डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)

चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध

परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।

विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा

मो.-7247097637

परामर्श शुल्क 300/-

सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)


# तालाब में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

### परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी लगाया हत्या का आरोप



**सतना।** तालाब में युवक का शव मिलने की खबर फैलते ही हड़कम्प मच गया। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बंजरहा तालाब की बताई जा रही है। गुरुवार को युवक का शव तालाब के पानी मे मिला है उसकी पहचान बाबूपुर सोहावल निवासी सत्येंद्र चौधरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र ने नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर 20 दिन पहले ही नौकरी शुरू की थी। परिजनों ने बताया कि वह से लापता था जिसकी रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई थी।मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 साल से पड़ोसी के परिवार से विवाद चल रहा है। आरोपियों ने पहले भी उन पर जानलेवा हमला किया था।


REWA COLLEGE OF PHARMACY, REWA
REWA POLYTECHNIC PHARMACY, REWA

Both Colleges are Recognised by Govt. of Madhya Pradesh, Pharmacy Council of India (PCI) and Affiliated to RGPV, Bhopal

Application are invited from the Eligible Candidates for the Following Posts for Academic Year 2025-26 in the RCP and RPP

Walk in Interview Dated 30 June 2025

| | | |
|---|---|---|
| Principal | Professor | Associate Professor |
| Assistant Professor | Librarian | Lab Technician |

In the following Courses

| | |
|---|---|
| Pharmaceutics (UG/PG) | Pharmacology (UG) |
| Pharmaceutical Chemistry (UG) | Pharmacognosy (UG) |

Note :- 1 Qualification, Experience, Scale of pay & Allowance are as per PCI/ Govt. of Madhya Pradesh and RGPV, Bhopal norms.
2. Interested candidates are required to send their application on our Email ID rcprewa@gmail.com, rpprewa@gmail.com within 10 days from the date of issue of this advertisement

Venue: RIT Campus NH-30 Prayagraj Road, Ratahara, Rewa (M.P.)-486003

Cont. No. 9425343999, 7909544019



हमारी सेवाएं :-
• घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण।
• कमर दर्द / साइएटिका का दर्द।
• दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी।
• बच्चों की हड्डी संबंधित समस्याएं।
• गठिया व ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज।
• फ्रैक्चर व ट्रॉमा का उपचार।

समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक

संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD

डॉ. शान्तनु सिंह एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)

FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट

पूर्व सर्जन गर्वमेन्ट मेडिकल कालेज सागर

हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट | काम्पलेक्स ट्रामा | आर्थोस्कोपी सर्जन

Kamta कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311



SATYA ACADEMY HIGHER SECONDARY SCHOOL

Class : 11th & 12th Bio, Maths & Commerce

REQUIREMENT

| Post | Subject | Qualification |
|---|---|---|
| P.G.T. | Hindi | PG+ B.Ed |
| P.R.T. | Hindi & English | UG+D.Ed |

Interested candidates can submit their CV at the school office till 23.06.2025 between 08 AM to 01 PM.

Near Toll Plaza, Bypass Road Ratahara, Rewa 9425999434


## लाखों रूपये की नकली फफूंद नाशक दवा और पैकिंग मशीन जब्त

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार जिले में उच्च गुणवत्ता व मानक स्तर के उत्पाद कृषकों को उपलब्ध कराने के दृष्टिगत राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। गुरूवार को टीम ने गहरा नाला नईबस्ती में रामपाल प्रजापति के मकान का औचक निरीक्षण किया। बायर क्रॉप साइन्स लिमिटेड की शिकायत पर किये गये निरीक्षण में नकली पैकटों में नेटिवो नामक फफूंदनाशक के पैकेट एवं पैकिंग मशीन पाई गई। जब्त किये गये पैकेट 100 एवं 250 ग्राम के थे, जिनकी कीमत लाखों रूपये में है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि मकान मालिक रामपाल प्रजापति द्वारा किसी भी प्रकार के किरायानामा या माल भण्डारण संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। जिससे प्रतीत होता है कि जिले में नामी कम्पनियों के उत्पादों की नकली पैकिंग की जाकर कृषकों के बीच में खपाई जा रही है। कार्यवाही में एसडीएम राहुल सिलाडिया, विकासखण्ड सोहावल के कीटनाशक निरीक्षक राजललन बागरी, सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग एवं बैडमिंटन स्पोटर्स अकादमी में प्रवेश हेतु चयन 20 जून को

**सतना।** प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग एवं बैंडमिंटन अकादमी में प्रवेश के लिए बालक-बालिका खिलाड़ियों की चयनस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इनमें खेल शूटिंग पिस्टल, रायफल एवं बैडमिंटन का आयोजन 20 जून को प्रातः 9 बजे स्पोर्टस काम्पलेक्स नीम चौराहा आईटीआई के पास रीवा में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। चयन ट्रायल में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों को आवास, भोजन की व्यवस्था स्वयं वहन करना होगी। खिलाडियों को चयन स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवासी, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की मूल कॉपी एवं उनकी 2 छायाप्रति सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।


मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)

(निः संतान दंपत्तियों के लिए)

कम खर्च बेहतर इलाज

सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा

उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग

डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग

निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध

टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



DTE - काउंसिलिंग कोड 608

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी

पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध

डी. फार्मा

रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-

सिटी ऑफिसः- गायत्री स्कूल के सामने, अरूण नगर मार्ग, नेहरू नगर, रीवा (म.प्र.)

महाविद्यालय कैम्पसः ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)

मो.: 9584324641, 6262084843, 9691012773



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com